

4इ किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853


दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 1 अंकः 344 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 04 अक्टूबर 2023 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


## विश्व बैंक ने भारत पर जताया भरोसा

## अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर अच्छी खबर!




नई दिल्लीः भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए विश्व बैंक से अच्छी खबर आई है. विश्व बैंक ने कहा है कि एक तरफ जहां दुनियाभर की जीडीपी दबाव से जूझ रही है, वहीं भारत की जीडीपी का जबरदस्त प्रदर्शन रहा है. विश्व बैंक ने वित्तवर्ष 2023-24 के लिए जीडीपी ग्रोथ के अनुमान को 6.3 फीसदी पर बरकरार रखा है. वैसे यह अनुमान रिजर्व बैंक की ओर से जताए अनुमान से 20 आधार अंक कम है, लेकिन ग्लोबल इकनॉमी पर जारी दबाव के बीच यह सबसे ज्यादा विकास दर होगी.

विश्व बैंक ने 3 अक्टूबर को भारत के विकास की अपडेट रिपोर्ट में बताया कि 2022-23 में जहां विकास दर 7.2 फीसदी रही थी, वहीं अब यह गिरकर करीब 6.3 फीसदी रहने का अनुमान है. ऐसा वैश्विक अर्थव्यवस्था पर दबाव और मांग व खपत में गिरावट की वजह से आई है. भारत में विश्व बैंक के निदेशक अगस्त कॉमे ने कहा, वैश्विक वातावरण काफी चुनौतीपूर्ण बनता जा रहा है. हालांकि, इसका लंबा असर नहीं होगा लेकिन फिलहाल सभी अर्थव्यवस्थाओं को इससे निपटना पड़ेगा.

### खर्च घटा रहे लोग

कॉमे ने कहा कि एक तरफ जहां दुनियाभर के देशों में महंगाई के चलते लोग अपना खर्च घटा रहे हैं, वहीं भारत में निजी निवेश और लोगों के खर्च करने की क्षमता बढ़ी है. इससे भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए ज्यादा अवसर खुले हैं और इस्-ाका फायदा भी मिल रहा है. यही वजह है कि ग्लोबल इकनॉमी पर दबाव के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर सबसे ज्यादा रहने का अनुमान है.

### आगे बढ़ेगी देश की रफ्तार

विश्व बैंक का मानना है कि अभी भले ही भारत की विकास दर सुस्त पड़ गई हो, लेकिन आगे दो साल इसकी ग्रोथ बढ़ने के पूरे चांस हैं. अगले वित्तवर्ष में विकास दर 6.4 फीसदी और उसके आगे 6.5 फीसदी रहने का अनुमान है. विश्व बैंक की यह रिपोर्ट ऐसे समय आई है, जब भारत की विकास दर चालू वित्तवर्ष की पहली तिमाही में 7.8 फीसदी रही है. अर्थशास्त्रियों ने यह दर 7.7 फीसदी रहने का अनुमान लगाया था.

विश्व बैंक ने यह भी कहा है कि 2024-25 और 2025-26 में विकास दर इसलिए बढ़ने का अनुमान लगाया जा रहा है, क्योंकि आने वाले समय में निजी खपत भी बढ़ेगी. अगले वित्तवर्ष में इसके 6 फीसदी तो उसके आगे 6.4 फीसदी रहने का अनुमान है, जो अभी फिलहाल 5.9 फीसदी पर अटकी हुई है. सरकार की खपत भी इन दो वर्षों में बढ़ती दिख रही है. अभी स-रकार की खपत 4.1 फीसदी होती है तो अगले साल इसके 5.1 फीसदी और उसके अगले साल 5.8 फीसदी पहुंचने का अनुमान है.

## प्याज की हो रही नीलामी, व्यापारियों ने वापस ली हड़ताल

समाज जागरण

देश में अक्सर प्याज और टमाटर को लेकर काफी चचाएं देखने को मिलती है. वहीं हाल के महीनों में ही देश में टमाटर की कीमतों में उछाल देखने को मिला था और टमाटर की कीमतें काफी ज्यादा चली गई थीं. वहीं अब प्याज की कीमतों को लेकर नए अपडेट सामने आ रहे हैं. हाल ही में प्याज की कीमतों को लेकर कारोबारियों की ओर से हड़ताल भी की गई थी. जिसे अब वापस ले लिया गया है. इसके बाद अब प्याद की नीलामी बी शुरू हो गई है. ऐसे में आइए जानते हैं कि प्याज को लेकर नया अपडेट क्या है.



### प्याज की नीलामी

प्याज पर निर्यात शुल्क में वृद्धि के विरोध में व्यापारियों के जरिए निलंबित की गई प्याज की नीलामी 13 दिन बाद मंगलवार को महाराष्ट्र के नासिक जिले की करीब सभी कृषि उपज बाजार समितियों (एपीएमसी) में फिर से शुरू हुई. बाजार से जुड़े सूत्रों ने बताया कि एशिया की सबसे बड़ी थोक प्याज मंडी लासलगांव एपीएमसी में मंगलवार सुबह 545 गाड़ियां पहुंचीं.

### प्याज की कीमतें

इसके साथ ही प्याज की कीमतों को लेकर भी अपडेट देखने को मिला है. सूत्रों ने बताया कि श-रूआती सत्र में प्याज की कीमतें न्यूनतम 1,000 रुपये प्रति क्विंटल, अधिकतम 2,541 रुपये प्रति क्विंटल और औसत 2,100 रुपये प्रति क्विंटल रहीं. प्याज व्यापारी प्याज पर निर्यात शुल्क 40 प्रतिशत तक बढ़ाने के केंद्र सरकार के हालिया कदम का विरोध कर रहे थे. वे 20 सितंबर से हड़ताल पर थे और नीलामी रोक दी थी.

### हड़ताल वापस लेने का फैसला

व्यापारियों ने सोमवार को जिला संरक्षक मंत्री दादा भुसे के साथ बैठक में इस शर्त पर हड़ताल वापस लेने का फैसला किया कि सरकार एक महीने में उनकी मांगों पर फैसला करेगी. हालांकि, नंदगांव में व्यापारियों ने हड़ताल वापस नहीं ली है और वहां नीलामी निलंबित है. (इनपुटः भाषा)

## अपने खेत में पराली नहीं जलाने वाले किसानों को हरियाणा सरकार देगी 1000 रुपये- मनोहर लाल


विनोद कश्यप

प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब

हरियाणा व चण्डीगढ़


हरियाणा सरकार ने कहा कि अगर प्रदेश के किसान अपने खेतों की पराली को नहीं जलाएंगे और कृषि यंत्रों से उसका निपटान करेंगे तो उन्हें प्रति एकड़ 1000 रुपए दिए जाएंगे। किसान इसके लिए विभागीय पोर्टल पर 30 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। हरियाणा सरकार ने कहा कि सभी किसानों से अपील है कि वह किसी भी कीमत पर पराली न जलाएं। कृषि यंत्रों से ही पराली प्रबंधन करें प्रति एकड़ एक हजार रुपए पाएं।

बता दें कि, हर बार सर्दी का समय आते ही धुआँ और प्रदूषण तेजी से फैल जाता है। जिसमें सबसे बुरा हाल राजधानी दिल्ली का होता है। जिसके बाद यह आरोप लगता है कि, हरियाणा-पंजाब में पराली जलाने के चलते दिल्ली में प्रदूषण बढ़ रहा है। बता दें कि, सुप्रीम कोर्ट ने भी पराली प्रबंधन पर सरकार को काम करने को कहा है। फिलहाल अब वही समय फिर से आ रहा है। देखना होगा कि क्या होता है?



### हरियाणा में खरीफ फसलों की खरीद चल रही

हरियाणा सरकार ने बताया कि, मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने खरीफ फसलों की जल्द आवक होने के मद्देनजर किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए इस बार 1 अक्तूबर की बजाय सितंबर में ही खरीफ फसलों की खरीद आरंभ करने का निर्णय लिया था। समय से पहले खरीफ फसलों की खरीद आरंभ करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य बन गया है। हरियाणा की मंडियों में खरीफ विपणन सीजन के दौरान धान व बाजरे की खरीद सुगमता से जारी है। अब तक प्रदेश में 8.06 लाख मीट्रिक टन धान व 1.14 लाख मीट्रिक टन बाजरे की खरीद की जा चुकी है और 32 हजार से ज्यादा किसानों को डी बी टी के माध्यम से खरीद के 690 Cr का भुगतान उनके खातों में किया जा चुका है।

## कस्टम विभाग ने अमृतसर एयरपोर्ट पर पकड़ा लगभग 2 करोड़ का 3 किलो 400 ग्राम सोना

### कस्टम विभाग ने सोना किया जब्त युवक को पकड़ने के बाद की जा रही पूछताछ


अदिति गौड़ कार्यालय

संवाददाता

दैनिक समाज जागरण पंजाब


चण्डीगढ़ , अक्टूबरः पंजाब के अमृतसर एयरपोर्ट पर सोने की बड़ी खेप पकड़ी गई है। कस्टम विभाग की ओर से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिस युवक के पास से करीब 3 किलो 400 ग्राम सोना पकड़ा गया है वो युवक क्या सोने की तस्करी करता रहा है या फिर उसके पास एयरपोर्ट पर इतना सोना वह कहां से आया। लाया तो कैसे और कहाँ से लेकर आया।लाया तो उसके पास इतना पैसा कहां से आया? हो सकता है कि ये दूसरे तस्करों के लिए सोना लाया हो? या फिर खुद ही सोने की तस्करी करने का इरादा था? यह पहले कितनी बार सोना ला चुका है? बहराल कस्टम विभाग ने पूरा सोना जब्त कर लिया है और युवक को हिरासत में लेकर उससे पूछताक्ष की जा रही है। वहीं इस सोने की कीमत 2 करोड़ के आसपास बताई जा रही है। फिलहाल, अमृतसर एयरपोर्ट और इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट अटारी पर चेकिंग तेज कर दी गई है। इससे पहले अटारी बार्डर पर से कुल 2.55 किलोग्राम सोना जब्त किया जा चुका है। पाकिस्तान से यह सोना जुगाड़ से लाया जा रहा था।




### पिछले महीने चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर पकड़ा गया 83 लाख का सोना

ज्ञातव्य कि पिछले महीने चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने बड़ी कार्रवाई की थी। यहां विभाग ने लगभग 83 लाख रुपये का 1,400 ग्राम सोना पकड़ा था। दो लोगों के पास से यह सोना मिला था। जो कि दुबई से आकर चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर लैंड हुए थे। कस्टम विभाग ने सोने को जब्त करते हुए इन दोनों लोगों को गिरफ्त में ले लिया था और इनके पूछताक्ष की थी। दोनों लोग दुबई से भारत तक सिगेट के पैकेट में सोना छिपकर ला रहे थे।

## पारुल-अनु रानी ने जीते गोल्ड, भारतीय एथलीटों ने 10वें दिन जीते 9 मेडल

नई दिल्ली. एशियन गेम्स के 10वें दिन भी भारतीय एथलीटों का पदक जीतने का सिलसिला जारी रहा. भारत ने मंगलवार को 9 मेडल जीते. भारत 69 पदकों के साथ पदक तालिका में चौथे नंबर पर है.

**अनु ने जैवलिन में जीता गोल्ड**

भारतीय टीम के लिए एशियन गेम्स के 10वें दिन महिलाओं ने झोली में दूसरा गोल्ड मेडल डाला. पहले पारुल चौधरी ने 5000 मीटर रेस में गोल्ड मेडल जीता. अब अनु रानी ने जैवलिन थ्रो में देश के लिए स्वर्ण पदक हासिल किया. चौथे प्रयास में अपने सीजन का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अनु ने 62.92 मीटर की दूरी तक भाला फेंका.

## कहीं आपकी यूनिवर्सिटी भी तो फेक नहीं! यूजीसी ने जारी की फर्जी विश्वविद्यालयों की लिस्ट, सबसे ज्यादा दिल्ली में

**नई दिल्ली.** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने विभिन्न राज्यों में चल रहे फर्जी विश्वविद्यालयों की सूची जारी की है. यूजीसी के मुताबिक, उसने बिना मान्यता के चल रहे इन संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई के लिए सिफारिश भी की है. यूजीसी का कहना है कि देशभर में सबसे अधिक फर्जी विश्वविद्यालय दिल्ली में हैं. राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कुल 8 फर्जी विश्वविद्यालय संचालित हो रहे हैं. दिल्ली के बाद उत्तर प्रदेश में 4 और आंध्र प्रदेश व पश्चिम बंगाल में 2-2 फर्जी विश्वविद्यालय हैं. कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र व पुदुचेरी में 1-1 फर्जी विश्वविद्यालय का पता चला है. यूजीसी ने दिल्ली के जिन विश्वविद्यालयों को फर्जी करार दिया है, उनमें ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ एंड फिजिकल हेल्थ साइंसेस – अलीपुर, कॉमर्शियल यूनिवर्सिटी लिमिटेड – दरियागंज, यूनाइटेड नेशंस यूनिवर्सिटी वोकेशनल यूनिवर्सिटी एडीआर-सेंट्रिक ज्यूरिडिकल यूनिवर्सिटी झ राजेंद्र प्लेस, इंडियन इंस्टीट्यूट



ऑफ साइंस एंड इंजीनियरिंग विश्वर्कर्मा ओपेन यूनिवर्सिटी फॉर सेल्फ-इम्प्लॉयमेंट जीटीके डिपो व आध्यात्मिक विश्वविद्यालय, रोहिणी शामिल हैं.

### फर्जी यूनिवर्सिटीज पर तुरंत कार्रवाई के लिए भेजा पत्र

यूजीसी का कहना है कि इन फर्जी विश्वविद्यालयों के खिलाफ कार्रवाई के लिए संबंधित राज्य सरकारों के मुख्य सचिवों और शिक्षा विभाग पत्र लिखा गया है. आयोग के सचिव प्रोफेसर मनीष आर. जोशी ने भी कार्रवाई करते हुए सीधे इन विश्वविद्यालयों को नोटिस जारी किया है. यूजीसी का कहना है कि तुरंत एवं सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए इन सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखा गया है.

## देवरिया की घटना में घायल बालक से मिले मुख्यमंत्री

### चिकित्सकों को निर्देश, बालक के उपचार में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आनी चाहिए

गोरखपुर, 3 अक्टूबर। बीआरडी मेडिकल कॉलेज में मंगलवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ करने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को देवरिया के रुद्रपुर क्षेत्र की चर्चित घटना में घायल बालक अनमोल दूबे से मुलाकात की। इस दौरान वह काफी भावुक हो गए। उन्होंने चिकित्सकों को निर्देशित किया कि बालक के उपचार में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आनी चाहिए।


आकर्षक ऑफर, मात्र 300 मे लगवाए विज्ञापन

समाज जागरण के दुसरे वर्षगांठ पर आप सभी के लिए आकर्षक ऑफर है। मात्र 300 रुपये मे तीन एडिशन मे लगवाएँ विज्ञापन। 200 रुपये मे समाज जागरण पोर्टल पर।। 1 अक्टुबर से 15 अक्टुबर तक

साइज 3X5 Cm


## जस्टिन ट्रूडो की अक्ल आई ठिकाने, भारत के साथ अच्छे रिश्तों की लगाई गुहार, हरदीप निज्जर को लेकर है विवाद

**टोरंटो.** प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने मंगलवार को कहा कि कनाडा भारत के साथ तनाव को बढ़ाना नहीं चाहता है. खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या मामले को लेकर दोनों देशों में जारी राजनयिक विवाद के बीच ट्रूडो ने कहा कि ओटावा नई दिल्ली के साथ 'रचनात्मक संबंध' जारी रखेगा. 'टोरंटो सन' अखबार की खबर के मुताबिक, ट्रूडो ने ओटावा में पत्रकारों से कहा कि कनाडा के लिए भारत में जमीनी स्तर पर राजनयिकों का होना महत्वपूर्ण है.

उनका यह बयान लंदन के अखबार 'फाइनेंशियल टाइम्स' की उस रिपोर्ट के बाद आया है, जिसमें दावा किया गया है कि भारत शेष बचे 62 कनाडाई राजनयिकों में से 41 को वापस भेजना चाहता है. अखबार ने ट्रूडो के हवाले से कहा, "जाहिर है, हम इस समय भारत के साथ बेहद चुनौतीपूर्ण समय से गुजर रहे हैं." हालांकि, उन्होंने फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट की पुष्टि नहीं की.

यह पूछे जाने पर कि क्या उनकी सरकार जवाबी कार्रवाई में भारत से कनाडा में तैनात राजनयिकों को हटाने के लिए कहेगी, ट्रूडो ने कहा कि उनकी सरकार नई दिल्ली के साथ काम करना जारी रखने की कोशिश करेगी. ट्रूडो ने कहा, "जैसा कि मैंने कहा है, हम तनाव बढ़ाने के बारे में नहीं सोच रहे हैं. हम वह काम करना चाहते हैं, जो इस बेहद कठिन समय में भारत के साथ रचनात्मक संबंध जारी रखने के लिए मायने रखता है."

इस बीच, विदेश मंत्री मेलानी जोली ने ओटावा में संवाददाताओं से कहा कि सरकार भारत में 'मजबूत राजनयिक उपस्थिति' में विश्वास करती है. उन्होंने कहा, "हम भारत सरकार के संपर्क में हैं. हम कनाडाई राजनयिकों की सुरक्षा को बहुत गंभीरता से लेते हैं. हम निजी तौर पर बातचीत करना जारी रखेंगे क्योंकि हमारा मानना है कि राजनयिक बातचीत निजी रहने पर ही बेहतर होती है." जून में खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की 'संभावित' संलिप्तता के कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोपों के बाद भारत और कनाडा के बीच संबंधों में गंभीर तनाव आ गया. भारत ने आरोपों को 'बेतुका' और 'प्रेरितह्न कहकर खारिज कर दिया और इस मामले पर ओट-ावा में एक भारतीय अधिकारी को निष्कासित करने के बदले में एक वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को निष्कासित कर दिया. ब्रिटिश कोलंबिया में दो नकाबपोश बंदूकधारियों ने 18 जून को निज्जर की गोली मारकर हत्या कर दी थी. भारत ने उसे 2020 में आतंकवादी घोषित किया था.

# विश्व पशु कल्याण दिवस

दैनिक समाज जागरण

विश्व पशु कल्याण दिवस प्रतिवर्ष 4 अक्टूबर को मनाया जाता है। वर्तमान में जानवरों की सुरक्षा सबसे बड़ा विषय बनकर रह गया है। पिछले 40-50 सालों में जानवरों की स्थिति इतनी बद्तर हुई है, जिसका अंदाजा लगाने से भी रूह कांप जाती है। जानवरों में पिछले 1970 से 2010 के मध्य लगभग 50 प्रतिशत कमी आयी है। आज की दुनिया में मानव खुद जानवर बनता चला जा रहा है। एनातोले फ्रांस ने कहा था कि- "जब तक इंसान किसी जानवर से प्रेम नहीं करता, तब तक उसकी आत्मा का एक हिस्सा सोया हुआ होता है।" एक सर्वे में जारी रिपोर्ट में पता चला कि प्रत्येक वर्ष विश्वभर में लगभग 56 अरब जानवरों की हत्या कर दी जाती है, चाहे वह धार्मिक उद्देश्य से हो या अन्य कारणों से। दुनिया भर में हर सेकेण्ड लगभग 3000 जानवरों की मृत्यु हो जाती है। इस सृष्टी के रचयिता ने दुनिया में सभी को समान जीवन का अवसर प्रदान किया है, परन्तु मनुष्य स्वार्थरत जानवरों की बलि चढ़ा देता है, जिसका प्रभाव समाज एवं पर्यावरण में सीधे तौर पर पड़ा है।

## शुरूआत

विश्व पशु कल्याण दिवस 4 अक्टूबर को मनाया जाता है। यह एक अन्तरराष्ट्रीय दिवस है। यह दिन असीसी केसेंट फ्रांसिस का जन्मदिवस भी है जो कि जानवरों के महान संरक्षक थे। विश्व पशु कल्याण दिवस मनाने की शरूआत 1931 ईस्वी में परिस्थिति विज्ञानशास्त्रियों के सम्मलेन में इटली के शहर फ्लोरेंस में की गयी थी। संयुक्त राष्ट्र ने ह्लपशु कल्याण पर एक सार्वभौम घोषणाह्व के नियम एवं निदेशों के अधीन अनेक अभियानों की शरूआत की। नैतिकता की दृष्टि से, संयुक्त राष्ट्र ने अपने सार्वभौम घोषणा में पशुओं के दर्द और पीड़ा के सन्दर्भ में उन्हें संवेदनशील प्राणी के रूप में पहचान देने की बात की। इस दिवस का मूल उद्देश्य विलुप्त हुए प्राणियों की रक्षा करना और मानव से उनके संबंधों को मजबूत करना था। साथ ही पशओं के कल्याण के सन्दर्भ में विश्व पशु कल्याण दिवस का आयोजन करना था। हिन्दुओं की आस्था के प्रतीक ह्लगौमाताह्व की हत्या पर पूर्ण पाबन्दी हो।[1]

## उद्देश्य

विश्व पशु कल्याण दिवस का मूल उद्देश्य पशु कल्याण मानकों में सुधार करना और व्यक्तियों, समूह और संगठनों का समर्थन प्राप्त करना और जानवरों के प्रति प्यार प्रकट करना ताकि उनका जीवन सक्षम और बेहतर हो सके। इस कारण से यह दिवस ह्लपशु प्रेमी दिवसह्व के रूप में जाना जाता है। यह एक बेहतरीन दिवस है, जो विश्व भर के लोगों का जानवरों के प्रति प्यार प्रकट करने का महत्वपूर्ण दिवस है, लेकिन इस दिवस के उजागर होने के पीछे भी कई कारण जिम्मेदार हैं। इन सभी तथ्यों में जानवरों के प्रति प्रकट किये जाने वाले घृणास्पद व्यवहार, आवारा कुत्तों और बिल्लि्लयों के प्रति व्यवहार, उनका अमानवीय व्यापार आदि भी प्रमुख कारण थे। इसके अलावा किसी प्राकृतिक आपदा के समय भी इन जानवरों के प्रति दोयम दर्जे का व्यवहार किया जाता था और उनकी सुरक्षा के प्रति लापरवाही बरती जाती थी।

## समारोह

विश्व पशु कल्याण दिवस वास्तव में एक महत्वपूर्ण दिवस है। यह विविध माध्यमों से हमें कई चीजों को याद दिलाता है, जिसमें जानवर हमारे जीवन की गुणवत्ता में वृद्धि करते हैं। इस दिवस को ढेर सारे दिवसों का आयोजन किया जाता है। अर्थात जैसे विश्व पशु कल्याण अभियान, पशुओं के लिए बचाव आश्रयों का उद्घाटन और फंड जुटाने से सम्बंधित कार्यक्रमों का आयोजन इत्यादि। इसके अलावा स्कूल और कालेजों में भी वन्य जीवों से जुडी ढेर सारी जानकारियों को टीवी और कंप्यूटर के माध्यम से साझा किया जाता है। इसके अलावा कई संगठनों के द्वारा जानवरों के लिए आश्रय के निर्माण का कार्यक्रम भी स्वयंसेवको के द्वारा प्रायोजित किया जाता है।

## कानून

पशु कल्याण के लिए अनेकों कानूनों और अधिनियमों की भी व्यवस्था की गयी है, जैसे- ह्लपशु क्रूरता अधिनियम 1835ह्व जोकि विश्व में जानवरों के सन्दर्भ में प्रथम अधिनियम है जिसकी स्थापना ब्रिटेन में की गयी थी। इसके पश्चात ह्लपशुसंरक्षण अधिनियम 1911ह्व प्रकाश में आया। जिसके परिणामस्वरूप जानवरों की रक्षा के लिए ह्लपशु कल्याण अधिनियम, 1966ह्न नामक अमेरिकी राष्ट्रीय कानून प्रकाश में आया। भारत में पशुओं की सुरक्षा के लिए ह्लजानवरों के प्रति क्रूरता की रोकथाम अधिनियम 1966ह्न को लाया गया। यह वर्ष 1965 का समय था, जब ब्रिटेन सरकार ने जानवरों के कल्याण के लिए एक जांच अभियान शुरू किया था। इस अभियान के प्रमुख अन्वेषक प्रोफेसर रोजर ब्राम्बेल थे। यह अभियान रुथ हैरिसन की किताब ह्लएनिमल मशीनह्व में उठायी गयी चिंताओं ध्यान में रखते हुए शुरू किया गया था। इस किताब क प्रकाशन 1964 में किया गया था। इस सन्दर्भ में प्रोफेसर रोजर ब्राम्बेल नें अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस रिपोर्ट के आधार पर ब्रिटेन की सरकार नें सन 1967 में ह्लएनिमल वेलफेयर एडवाइजरी समितिह्व की स्थापना की। बाद में यह समिति वर्ष 1979 ह्लफार्म एनिमल वेलफेयर कौंसिलह्व में परिवर्तित हो गयी। इस समिति के प्रथम दिशा-निदेशों के अनुसार यह कहा गया कि सर्वप्रथम जानवरों को सोने और खड़े होने की स्वतंत्रता होनी चाहिए। साथ ही उन्हें घुमाने और विचरण करने की भी स्वतंत्रता होनी चाहिए। इसके अलावा भी इस समिति नें कुछ दिशा-निदेशों को दिया जिसे फाइव फ्रीडम के नाम से भी जाना जाता है।

ब्रिटेन में, ह्यपशु कल्याण अधिनियम 2006ह्व ने पशु कल्याण के सन्दर्भ में अनेक समेकन का कार्य किया। इसके बाद अनेक संगठनों नें यूनाइटेड नेशंस (पशु कल्याण पर एक सार्वभौम घोषणा) के दिशा-निदेशों के अधीन अनेक अभियानों को प्रारंभ किया। नैतिकता की दृष्टि से, संयुक्त राष्ट्र ने अपने सार्वभौम घोषणा में पशओ के दर्द और पीड़ा के सन्दर्भ में उन्हें संवेदनशील प्राणी के रूप में पहचान देने की बात की। इसके पश्चात उसने यह भी कहा कि जानवरों के सन्दर्भ में किये जाने वाले सभी कल्याणकारी कार्य समाज सेवा के रूप में हैं। इसे न केवल राष्ट्रीय स्तर पर बल्कि वैश्विक स्तर पर भी फैलाया जाना चाहिए और प्रत्येक व्यक्ति के कर्तव्यों में शामिल किया जाना चाहिए। पशुओ के कल्याणकारी कार्यों के सन्दर्भ में किये जाने वाले कार्य विविध महत्वपूर्ण संगठनों के सहयोग से किया जाना चाहिए। साथ ही ह्यूमन सोसाइटी इंटरनेशनल का भी सहयोग लिया जाना चाहिए।

## पशु कल्याण पखवाड़ा

पशुपालन विभाग द्वारा पशु कल्याण पखवाडा आयोजित किया जाता है। इस दौरान बांझ निवारण, पशु शल्य चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जाता है। शिविरों के दौरान पशु क्रूरता की रोकथाम एवं लाभान्वित पशु पालकों व जीव जन्तु कल्याण से संबंधित कार्यो की प्रगति की जानकारी भी उपलब्ध करायी जाती है। विभाग द्वारा ग्राम पंचायतों, नगरपालिकाओं, गौशालाओं में चेतना शिविर, गोष्ठियों एवं पशु कल्याण जन जागृति रैलियों का आयोजन किया जाता है। इन दिवसों में समस्त राज्य में पशु-पक्षियों का वध करना एवं मांस आदि की बिक्री पर अनिवार्य रूप से प्रतिबंध रहना चाहिए। इस कार्यक्रम में जिला एवं ग्रामीण स्तर पर कार्यरत स्वयं सेवी संस्थाओं तथा गैर सरकारी संस्थाओं की भी भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए। शिक्षण संस्थाओं के माध्यम से जीव जन्तुओं के प्रति क्रूरता निवारण पर आधारित व्याख्यानों के माध्यम से जानकारी दी जाए तथा संबंधित विषय पर चित्रकला एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएँ।

## जानवरों के प्रति प्यार प्रकट करने का दिवस

विश्व पशु कल्याण दिवस एक बेहतरीन दिवस है, जो विश्व भर के लोगों का जानवरों के प्रति प्यार प्रकट करने का महत्वपूर्ण दिवस है, लेकिन इस दिवस के उजागर होने के पीछे भी कई कारण हैं। जहाँ पशुओं की विभिन्न प्रजातियों को विलुप्त होने से बचाने और उनकी रक्षा करने की बात है, वहीं हमें इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि हम पशुओं पर क्रूरता करने से बचें। इस दिवस का मूल उद्देश्य विलुप्त हुए प्राणियों की रक्षा करना और मानव से उनके संबंधों को मजबूत करना था। साथ ही पशओं के कल्याण के सन्दर्भ विश्व पशु कल्याण दिवस का आयोजन करना है। ताकि उनके प्रति संवेदना स्थापित करने के साथ-साथ पशुओं की हत्या और क्रूरता पर रोक लगायी जा सके। गोहत्या पर पूर्ण पाबन्दी लगायी जाये। पिछले कुछ महीनों से गायों की सुरक्षा को लेकर पूरे भारत में जोश की एक लहर फैली थी, जिस पर कई राजनैतिक मुद्दे भी उठे, लेकिन पशु क्रूरता की कहानी जैसे समाप्त होने का नाम ही नहीं लेती। जबकि हम सभी जानते हैं कि भारत में, पशुओं की सुरक्षा के लिए ह्लजानवरों के प्रति क्रूरता की रोकथाम अधिनियम 1966" को लाया गया था। ये जानते हुए भी ये क्रूरता जारी है। एक जानकारी के मुताबिक भारत के 29 में से 10 राज्य ऐसे हैं, जहां गाय, बछड़ा, बैल, सांड और भैंस को काटने और उनका मांस खाने पर कोई प्रतिबंध नहीं है। बाकि 18 राज्यों में गो-हत्या पर पूरी या आंशिक रोक है। ये रोक 11 राज्योंझ भारत प्रशासित कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और दो केन्द्र प्रशासित राज्योंझ दिल्ली, चंडीगढ़ में लागू है। गो-हत्या कानून के उल्लंघन पर सबसे कड़ी सजा भी इन्हीं राज्यों में तय की गई है। हरियाणा में सबसे ज्यादा एक लाख रुपए का जुमार्ना और 10 साल की जेल की सजा का प्रावधान है। वहीं महाराष्ट्र में गो-हत्या पर 10,000 रुपए का जुमार्ना और पांच साल की जेल की सजा है।

**सुरभे त्वांजगत्माता देवी
विष्णु पदे स्थिता।
ग्रासं ग्रहाण मद्दत्तं
गौर्मातस्त्रातुमर्हसि॥**

# अब जाति न पूछो साधु की अप्रासंगिक

दैनिक समाज जागरण

हम इक्कीसवीं सदी के लोग पंद्रहवीं सदी के लोगों की चेतावनी पर ध्यान क्यों देने लगे ? बाबा कबीरदास ने पंद्रहवीं सदी में ही आगाह कर दिया था कि जात-पांत से दूर रहो। हमने कबीर का कहा रट तो लिया लेकिन माना नहीं। अब हम साधु हो शैतान,सबकी जाती पूछ रहे हैं । सियासत ने हमें जातिवाद से लड़ने के बजाय उसे गिनने के लिए मजबूर कर दिया है। इस हिसाब से आज ' जाति न पूछो साधु की ,पूछ लीजिये ज्ञान। मोल करो तलवार को, धरी रहन दो म्यान ' वाली सीख हमारेकिसी काम की नहीं रही। देश में बिहार से जातीय जनगणना का श्रीगणेश कबीर को अनसुना कर करा ही ली गयी। जाति भारतीय समाज का एक कड़वा सच है । इतना कड़वा सच कि हम तमाम आंदोलनों के बावजूद जातिवाद से मुक्ति नहीं पा सके। आजादी के अमृतकाल में भी जातिवाद एक भूत की तरह हम सबके सर पर इतना सवार है कि इसे लेकर सियासत होने लगी है। जातिवाद को लेकर हमारा यानि हमारे समाज का ,हमारी सियासत का चरित्र एकदम दोगला है ।
एक तरफ हम जातीय जनगणना का विरोध करते हैं तो दूसरी तरफ तेलंगाना में जाकर जनजातीय विश्वसिद्यालय खोलने का ऐलान भी करते है। बात-बात में ढोल-नगाड़े पीटते हैं कि हमने अमुक जाति की महिला को राष्ट्रपति बना दिया अमुक जाती के पुरुष को मुख्यमंत्री।
आज हम उस मुकाम पर आ गए हैं जहां जाति व्यवस्था नकारे जाने के बजाय अंगीकार करने की स्थितियां बन गयीं हैं। हमने कोई कबीर जाति न पूछने का मश्विरा नहीं दे सकता। देगा भी तो हम मानेंगे नहीं ,क्योंकि जातियों को गिनने के बाद ही हमारी सियासत का असली चेहरा सामने आएगा। भारत में पहले जनता की गणना का क्या तरीका था हमें नहीं मालूम ,लेकिन बीती शताब्दी में अंग्रेजों ने ये कठिन काम किया।सन 1872 में यह ब्रिटश वायसराय लॉर्ड मेयो के अधीन पहली बार कराई गयी थी। तब से हर दस साल में हमें अपनी आबादी गिनने की आदत पड़ गयी । कोरोनाकाल इसका अपवाद है।
कहते हैं कि विकास की योजना और संसाधनों का समान बँटवारा करने के लिए जनगणना एक जरूरी काम है। भारत की पहली संपूर्ण जनगणना 1881 में कराई गयी थी । आजादी मिलने के फौरन बाद भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त द्वारा कराई जाती है। इसके लिए हमारे पास बाकायदा एक कानून है। 1951 के बाद की सभी जनगणनाएं 1948 की जनगणना अधिनियम के तहत कराई गईं। 1948 का भारतीय जनगणना अधिनियम केंद्र सरकार को किसी विशेष तिथि पर जनगणना करने या अधिसूचित अवधि में अपना आंकड़ा जारी करने के लिए बाध्य नहीं करता है। देश में अंतिम जनगणना 2011 में कराई गई थी।
इतिहास में रूचि रखने वालों को पता है कि जनगणना के लिए देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जिम्मेदार नहीं है। क्योंकि जनगणना तो मौर्य प्रशासन में जनगणना लेना एक नियमित प्रक्रिया थी। मौर्य साम्राज्य में ही शुरू हो गयी थी । मौर्य शासकों ने व्यापारियों, कृषकों, लुहारों, कुम्हारों, बढ़इयों आदि जैसे लोगों के विभिन्न वर्गों की गणना करने के लिए ग्रामीण अधिकारी (ग्रामिक) तैनात किये थे । मौर्य शासकों ने इंसानों की ही नहीं मवेशियों की भी गिनती कराई । ये गणना मजबूरी भी थी और जरूरी भी। जनगणना का असल मकसद कराधान था क्योंकि तमाम काम-धंधे जातियों पर केंद्रित थे। ,कालांतर में जनगणना और जातीय गणना व्यवस्था को ही नहीं बल्कि राजनीति को भी आतंकित कर रही है । हालाँकि केंद्र की विश्वकर्मा योजना इसी जातिवाद का नमूना है। प्रधानमंत्री जी खुद इस योजना का झुनझुना पांच राज्यों के चुनाव प्रचार में जोर-जोर से बजा रहे हैं
भारत में पिछले 75 साल से जातियां ही हमारी राजनीति का आधार है। चुनावों में आरक्षण भी इसी जातीयता के दबाव की एक व्यवस्था है। अब तो बात जातियों से आगे निकलकर लिंग पर आधारित हो गयी ह। अब देश में पहली बार महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था भी कर दी है। हम जातिवाद की मुखालफत करते हैं लेकिन बिना जाती के हमारा काम भी नहीं चलता। चुनाव में प्रत्याशी चयन से लेकर प्रशासन में नियुक्तियों और पदोन्नतियों तक में हम जाति देखते हैं,लेकिन जातीय मतगणना की बात आते ही हमारे तेवर बदल जाते हैं देशज भाषा में कहें तो हमारी नानी मर जाती है।
बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने राज्य में जातीय जनगणना कराकर उसके आंकड़े जारी कर इस मुद्दे को और गर्म कर दिया है। देश के तमाम राजनितिक दल जातीय जनगणना के मामले में अभी तक राय नहीं बना पाए हैं इसलिए आमराय होने की तो बात ही नहीं है। नीतीश कुमार ने ही जातीय जनगणना का राग सबसे पहले और सबसे जोर से अलापा था। नीतीश कुमार ने जातिगत जनगणना की मांग उठाकर बिहार के साथ-साथ देश में नई राजनीतिक बहस छेड़ दी थी उन्होंने इसके लिए बाकायदा प्रधानमंत्री को खत लिखकर मिलने का समय मांग। इससे पहले जेडीयू के सांसदों ने जाति आधारित गणना की मांग को लेकर गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी , जेडीयू इस मामले में अपनी विरोधी आरजेडी के साथ है ।
महाराष्ट्र सरकार इस मामले को सुप्रीम कोर्ट तक ले गयी तो सत्तारूढ़ भाजपा की राय भी जातीय जनगणना के मामले में सामने आ गयी ।सुप्रीम कोर्ट में केंद्र ने कहा कि पिछड़े वर्गों की जाति गणना प्रशासनिक रूप से बहुत कठिन और जटिल है। जाति जनगणना की बढ़ती मांग को लेकर सत्ताधारी बीजेपी अब तक चुप थी. केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में अपने जवाब में कहा है कि आजादी से पहले भी जब जातियों की गिनती हुई तो डेटा की संपूर्णता और सत्यता को लेकर सवाल उठते रहे। केंद्र ने कहा कि 2011 में सामाजिक-आर्थिक और जातीय जनगणना के डेटा में तमाम तरह की तकनीकी खामियां हैं और ये किसी भी तरह से इस्तेमाल के लिए अनुपयोगी हैं। जातीय जनगणना अब राजनीतिक दलों के गले की फांस बन गयी है । कांग्रेस ने मौजूदा हालात को देखते हुए ये फांस निकाल फेंकी है और सत्ता में आने पर पूरे देश में जातीय जनगणना करने की बात कही है ,किन्तु सत्तारूढ़ भाजपा का असमंजस जारी है। जातीय जनगणना के सामने भाजपा का हिंदुत्व और सनातन का पत्ता पिटता नजर आ रहा है। लेकिन मजबूरी का नाम ' महात्मा गांधी ' ही नहीं ' महात्मा मोदी ' भी होता है। देश ये किसान आंदोलन के समय देख चुका है कि एक मजबूर सरकार ने कैसे तीन किसान कानूनों को वापस लिया था । उम्मीद की जाना चाहिए कि एक मजबूर [मजबूत ] सरकार भी इस मुद्दे पर अपने घुटने आज नहीं तो कल जरूर टेकेगी ।

**@ राकेश अचल**

# वैचारिक अंतरधारा ही सिद्धांतों की अंत:प्रज्ञा,वैचारिकता की अवहेलना अथवा नष्ट नहीं किया जा सकता।

दैनिक समाज जागरण

विचार और सिद्धांत व्यक्ति के अंदर की अतः प्रज्ञा होती है। और यह सिद्धांत तथा अंतः विचारधारा जनमानस तक पहुंचने से बाधित किया जाए अंतरात्मा को प्रभावित करती है और इसके गहरे प्रभाव से व्यक्ति वह सब कर सकता है जो बिना मार्गदर्शन के व्यक्ति नहीं कर सकता। प्राचीन काल से अब तक वैचारिक सिद्धांत और विचारधारा सदैव समाज के दिग्दर्शक मार्गदर्शक रहे हैं। इनकी भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है।यदि यही सिद्धांत और अंतःप्रज्ञा जनमानस आत्मसात कर लेता है, तो इसका प्रभाव एक जन आंदोलन का रूप ले लेता है और यहीं से युग परिवर्तन की लहर प्रस्फुटित होती है। प्राचीन यूनान में एक बहुत ही कुरूप किंतु विद्वान व्यक्ति रहते थे,उनके विचारों में मौलिकता,नयापन जनजागृति की अद्भुत क्षमता थी। उनकी विद्वता के कारण आम जनमानस होने राजा से ज्यादा महत्व और बुद्धिमान मानते थे। राजकीय तानाशाही के चलते उनके विचारों के कारण उनको मृत्युदंड दे दिया गया। जहर का प्याला पीने के बाद भी विद्वान, चिंतक, सुकरात अमर हो गए, उनकी विचारधारा आज भी जीवित है, एवं लोग उसे अपनाकर अपना जीवन सुधारने में इसका उपयोग करते हैं। अब्राहम लिंकन ने अमेरिकी स्वतंत्रता के बाद दास प्रथा के बारे में कहा था कि दास भी मनुष्य हैं, उन्हें भी उतना ही जीने का अधिकार है जितना स्वामी को है। अब्राहम लिंकन के आंदोलनकारी विचार से तत्कालीन समय में अमेरिका के लोग घबरा गए थे,और उनकी हत्या कर दी गई थी। पर अब्राहम लिंकन के विचारों ने दास प्रथा के उन्मूलन की अंतर आत्मा को जागृत कर दिया था, और जनमानस ने अपने अधिकारों के लिए लड़ते हुए दास प्रथा से मुक्ति पाई थी।
स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि हम जो सोचते हैं वही बन जाते हैं। विचार एवं सिद्धांत ही व्यक्ति का निर्माण करता है। वही दुष्ट होने या महान होने का निर्णायक है। और बिना विचारों सिद्धांतों के व्यक्त व्यक्ति का अस्तित्व ही नहीं । विवेकानंद जी के विचार सर्व कालीन प्रासंगिक है। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके जीवित रहते हुए थे। आज हमारे बीच विवेकानंद जी स शरीर मौजूद नहीं है, पर उनके विचारों की महत्ता कायम है।भौतिक शरीर के नष्ट हो जाने से और भौतिक विचार तथा सिद्धांत उतनी ही तीव्रता रखते हैं, वेग रखते हैं, जो एक समाज में परिवर्तन ला सकती है ।विचारों की यह अमरता तथा तीव्रता किसी भी तानाशाह के लिए इतनी खतरनाक है, जितनी की सुप्त शेर की गुफा में रहना। जनता के मध्य शुद्ध विचारधारा के जागृत होने पर क्रांति लाई जा सकती है। फिर चाहे वह फ्रांस के वर्साय के महल का विध्वंस हो अथवा भारत की स्वतंत्रता हेतु वृहद आंदोलन हो। व्यक्ति या व्यक्तियों के दबाव को दबाने के बाद विचारों की पीड़िता ने जनसामान्य को एक गरजते हुए सिंह में तब्दील कर दिया था। यह शाश्वत सत्य है कि व्यक्ति को जरूर आप दबा सकते हैं,पर विचारधारा सिद्धांत अजर अमर होते हैं,और वही युग निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाते हैं।
विचारों के संदर्भ में कहा जाता है कि एक व्यक्ति का विचार तब तक उस व्यक्ति के पास है, जब तक वह अकेला है किंतु जैसे ही विचारधारा एवं सिद्धांत का प्रचार प्रसार होता है, तो वह व्यक्ति अकेला ना रह कर उस जैसे हजारों लाखों लोग उसके साथ हो जाते हैं। तब वह अकेला नहीं रह जाता। वह अपने विचारों के माध्यम से जन सामान्य को प्रभावित कर लोगों को उस लड़ाई में शामिल कर लेता है, जिस लड़ाई के वह कभी अकेले नहीं लड़ सकता था। विचारों सिद्धांतों की तीव्रता आवेश तथा सघनता किसी भी क्रांतिकारी लक्ष्य की प्राप्ति में एक बड़ा साधक हो सकता है। विचार व सिद्धांत एक से दूसरे व्यक्ति तक स्थानांतरित होते रहते हैं। जिसमें विचारों को सघनता प्राप्त होती है। ताकि सत्ता के दमन के समय वैचारिक अमरता स्थाई बनी रहे। चीन उत्तर कोरिया जैसे राष्ट्रों में विचारों के इस स्वतंत्र का प्रवाह को बाधित नियंत्रित कर दिया गया। अभिव्यक्ति के तमाम माध्यमों को प्रतिबंधित कर दमन चक्र चलाया गया। वहां विचार और सिद्धांत विद्वान व्यक्ति तक ही सीमित रहे उसका फैलाव या विस्तार नहीं हो पाया। जो मानव समाज तथा मानव अधिकारों की संवेदना तथा धाराओं का उल्लंघन भी है।
किसी स्वस्थ,स्वतंत्र राष्ट्र के लिए व्यक्ति समाज और राष्ट्र के विचारों की स्वतंत्रता नवीनता तथा उत्कृष्टता अत्यंत आवश्यक है। क्योंकि विचारधारा और सिद्धांतों को रोक पाना किसी भी सत्ता या निरंकुश राजा के नियंत्रण में नहीं होता। विचारों और सिद्धांत अनादि काल से गतिशील है तथा अनंत तक जगत तक गतिशील रहेंगे,और उसका प्रतिपादक एवं अनुशीलन कर्ता विचारों के साथ अमर हो जाते हैं।



**संजीव ठाकुर, स्तंभकार,स्वतंत्र लेखक, चिंतक, रायपुर छत्तीसगढ़**

# श्यामजी कृष्ण वर्मा

श्यामजी कृष्ण वर्मा (जन्मः 4 अक्टूबर, 1857; मृत्युः 31 मार्च, 1930) भारत के उन अमर सपूतों में हैं, जिन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन भारत की आजादी के लिए लगा दिया। ब्रिटिश सरकार के अत्याचारों से त्रस्त होकर भारत से इंग्लैण्ड चले गये श्यामजी कृष्ण वर्मा ने अपना सारा जीवन भारत की स्वतन्त्रता के लिए माहौल बनाने में और नवयुवकों को प्रेरित करने में लगाया। स्वामी दयानंद सरस्वती के सान्निध्य में रहकर मुखर हुए संस्कृत व वेदशास्त्रों के मूर्धन्य विद्वान के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त श्यामजी कृष्ण वर्मा 1885 में तत्कालीन रतलाम राज्य के 1889 तक दीवान पद पर आसीन रहे।

**जीवन परिचय**

श्यामजी कृष्ण वर्मा का जन्म 4 अक्टूबर, 1857 को गुजरात के मांडवी गांव में हुआ था। श्यामजी कृष्ण वर्मा ने सन 1888 में अजमेर में वकालत के दौरान स्वराज के लिए काम करना शुरू कर दिया था। मध्य प्रदेश में रतलाम और गुजरात में जूनागढ़ में दीवान रहकर उन्होंने जनहित के काम किए। सन 1897 में वे पुनः इंग्लैंड गए। 1905 में लॉर्ड कर्जन की ज्यादतियों के विरुद्ध संघर्षरत रहे। इसी वर्ष इंग्लैंड से मासिक 'द इंडियन सोशिओलॉजिस्ट' प्रकाशित किया, जिसका प्रकाशन बाद में जिनेवा में भी किया गया। इंग्लैंड में रहकर उन्होंने इंडिया हाउस की स्थापना की। भारत लौटने के बाद 1905 में उन्होंने क्रांतिकारी छात्रों को लेकर इंडियन होमरूल सोसायटी की स्थापना की। श्यामजी कृष्ण वर्मा लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक और स्वामी दयानंद सरस्वती से प्रेरित थे। 1918 के बर्लिन और इंग्लैंड में हुए विद्या सम्मेलनों में उन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व किया था। क्रांतिकारी गतिविधियों के माध्यम से आजादी के संकल्प को गतिशील करने वाले श्यामजी कृष्ण वर्मा पहले भारतीय थे, जिन्हें ऑक्सफोर्ड से एम.ए. और बैरिस्टर की उपाधियां मिलीं थीं। पुणे में दिए गए उनके संस्कृत के भाषण से प्रभावित होकर मोनियर विलियम्स ने वमार्जी को ऑक्सफोर्ड में संस्कृत का सहायक प्रोफेसर बना दिया था।

**शिक्षा एवं कार्यक्षेत्र**

श्यामजी कृष्ण वर्मा ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से 1883 ई. में बी.ए. की डिग्री प्राप्त करने वाले प्रथम भारतीय होने के अतिरिक्त अंग्रेजी राज्य को हटाने के लिए विदेशों में भारतीय नवयुवकों को प्रेरणा देने वाले, क्रांतिकारियों का संगठन करने वाले पहले हिन्दुस्तानी थे। पं. श्यामजी कृष्ण वर्मा को देशभक्ति का पहला पाठ पढ़ाने वाले आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती थे। 1875 ई. में जब स्वामी दयानंद जी ने बम्बई (अब मुंबई) में आर्य समाज की स्थापना की तो श्यामजी कृष्ण वर्मा उसके पहले सदस्य बनने वालों में से थे। स्वामी जी के चरणों में बैठ कर इन्होंने संस्कृत ग्रंथों का स्वाध्याय किया। वे महर्षि दयानंद द्वारा स्थापित परोपकारिणी सभा के भी सदस्य थे। बम्बई से छपने वाले महर्षि दयानंद के वेदभाष्य के प्रबंधक भी रहे। 1885 ई. में संस्कृत की उच्चतम डिग्री के साथ बैरिस्टरी की परिक्षा पास करके भारत लौटे। इंग्लैण्ड में स्वाधीनता आन्दोलन के प्रयासों को सबल बनाने की दृष्टि से श्यामजी कृष्ण वर्मा जी ने अंग्रेजी में जनवरी 1905 ई. से 'इन्डियन सोशियोलोजिस्ट' नामक मासिक पत्र निकाला। 18 फरवरी, 1905 ई. को उन्होंने इंग्लैण्ड में ही 'इन्डियन होमरूल सोसायटी' की स्थापना की और घोषणा की कि हमारा उद्देश्य "भारतीयों के लिए भारतीयों के द्वारा भारतीयों की सरकार स्थापित करना है" घोषणा को क्रियात्मक रूप देने के लिए लन्दन में 'इण्डिया हाउस' की स्थापना की, जो कि इंग्लैण्ड में भारतीय राजनीतिक गतिविधियों तथा कार्यकलापों का सबसे बड़ा केंद्र रहा।

**विचारधारा**

पं. श्यामजी कृष्ण वर्मा भारत की स्वतंत्रता पाने का प्रमुख साधन सरकार से असहयोग करना समझते थे। आपकी मान्यता रही और कहा भी करते थे कि यदि भारतीय अंग्रेजों को सहयोग देना बंद कर दें तो अंग्रेजी शासन एक ही रात में धराशायी हो सकता है। शांतिपूर्ण उपायों के समर्थक होते हुए भी श्यामजी स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए हिंसापूर्ण उपायों का परित्याग करने के पक्ष में नहीं थे। उनका यह दावा था कि भारतीय जनता की लूट और हत्या करने के लिए सबसे अधिक संगठित गिरोह अंग्रेजों का ही है। जब तक अंग्रेज स्वतंत्रता के लिए आन्दोलन करने की स्वतंत्रता प्रदान करते हैं तब तक हिंसक उपायों की आवश्यकता नहीं है, किन्तु जब सरकार प्रेस और भाषण की स्वतंत्रता पर पाबंदियां लगाती है, भीषण दमन के उपायों का प्रयोग करती है तो भारतीय देशभक्तों को अधिकार है कि वे स्वतंत्रता पाने के लिए सभी प्रकार के सभी आवश्यक साधनों का प्रयोग करें। उनका मानना था कि हमारी कार्रवाई का प्रमुख साधन रक्तरंजित नहीं है, किन्तु बहिष्कार का उपाय है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

## न्यू बाल भारती स्कूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई

**संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना**

लखनऊ । न्यू बाल भारती स्कूल के प्रांगण में महात्मा गाँधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती मनाई गई इस अवसर पर प्रबन्धक मनोज कुमार वर्मा ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। कोषाध्यक्ष माधवी लोधी द्वारा गोकरन पार्क में चन्दन के पेड़ का वृक्षारोपण किया गया एवं दीप प्रज्वलित कर पोस्टर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार- संजना वर्मा ,द्वितीय पुरस्कार- दिव्यांश भारती,तृतीय पुरस्कार -विनीता गौतम को प्राप्त हुआ।



## आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निदेर्शों के क्रम में व पुलिस कमिश्नर एवं जिलाधिकारी के नेतृत्व में आबकारी विभाग निरंतर एक्शन में।

### आबकारी निरक्षकों के द्वारा दबिश के दौरान अवैध शराब बरामद होने पर अलग अलग स्थानों से 4 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।

### 4 अभियुक्तों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर जेल भेजने की कार्यवाही की गयी।

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर 03 अक्टूबर, 2023 आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निदेर्शों के क्रम में व पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह एवं जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में अवैध शराब के निष्कर्षण एवं अवैध शराब के व्यापार के




विरूद्ध चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत जिला आबकारी अधिकारी गौतम बुद्ध नगर सुबोध कुमार ने जानकारी देते हुये बताया कि विगत दिवस आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 1 गौरव चन्द की टीम द्वारा सेक्टर 5 की झुग्गी झोपड़ी में दविश देकर एक अभियुक्त विकास गुप्ता पुत्र प्रदीप कुमार के पास से 148 पव्वें मिस इंडिया ब्रांड का अवैध शराब धारिता 200एमएल बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि बरामद अवैध शराब एवं गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर जेल भेजने की कार्यवाही की गयी है। इसी प्रकार आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 6 नामवर सिंह एवं थाना जेवर के साथ संयुक्त रूप अभियान चलाकर धनसिया प्याऊ के पास से सतेन्द्र पुत्र मुकुटपाल के कब्जे से 200एमएल धारिता के 45 पव्वें (9ली0) फार सेल इन यूपी के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति को थाना जेवर में सुसंगत धारा में अभियोग पंजीकृत कर जेल भेजा गया है तथा आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 4 अभिनव शाही एवं आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 1 गौरव चंद ने दबिश देकर थाना बिसरख स्थित गैलेक्सी ब्लू सप्फायर प्लाजा के पास से दो अभियुक्तों माजिद खान पुत्र शबीर खान एवं अंकित कुमार पुत्र जगदीश नारायण को एक स्कूटी नंबर उछ14रछ1353 में से जॉनी वॉकर, रेड लेबल ब्रांड की 6 बोतलें फॉर सेल इन हरियाणा ओनली 750 एम0एल0 धारिता के साथ एवं शाहबेरी स्थित उनके फ्लैट की तलाशी लेने पर जॉनी वॉकर रेड लेबल ब्रांड विदेशी मदिरा की 6 बोतल फॉर सेल इन हरियाणा ओनली 750एम0एल0 धारिता एवं 4 बोतल जागरमेस्टर व 5 एब्सोल्यूट ब्रांड का वोडका विदेशी मदिरा फॉर सेल इन हरियाणा ओनली 750 एम0एल0 धारिता के साथ अवैध तरीके से बिक्री करते हुए गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि 2 अक्टूबर की बंदी के कारण ये अभियुक्त ग्राहकों की मांग पर महंगे मूल्य के शराब को हरियाणा से लाकर बेच रहे थे। बरामद अवैध शराब एवं गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर जेल भेजने की कार्यवाही की गयी है। जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार ने कहा कि आगे भी जिलाधिकारी के निर्देशन में अवैध शराब की बिक्री को लेकर आगे भी जनपद में निरंतर गहन सर्च अभियान जारी रहेगा। उन्होंने अवैध शराब का कारोबार करने वालों को सचेत करते हुए कहा है कि उनके विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत सख्त से सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

## जनपद के बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए रोजगार प्राप्त करने का सुनहरा अवसर

**जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा आगामी 06 अक्टूबर को हाईरैंक विजिनेस स्कूल नोएडा में वृहद रोजगार मेले का किया जाएगा आयोजन**

***आगामी 06 अक्टूबर को आयोजित होने वाले रोजगार मेले में 25 प्रतिष्ठित कंपनियों के द्वारा लिया जाएगा साक्षात्कार***

उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के मंशा के अनुरूप एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आगामी 06 अक्टूबर को जिला सेवायोजन कार्यालय गौतम बुद्ध नगर द्वारा प्रातः 10:00 बजे से हाईरैंक विजिनेस स्कूल प्लॉट नंबर ए 42 सुशील मार्ग, इंस्टीट्यूशनल एरिया सेक्टर 62 नोएडा में बृहद हद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। सहायक जिला रोजगार सहायता अधिकारी संग प्रिय आनंद ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 06 अक्टूबर को आयोजित होने वाले रोजगार मेले में 25 प्रतिष्ठित कंपनियों के द्वारा उपस्थित होकर रोजगार के लिए अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयोजित होने वाले रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए अभ्यार्थी की आयु 18 से 30 वर्ष एवं शैक्षिक योग्यता बी.बी.ए, बी.सी.ए, एम.बी.ए, स्नातक, परास्नातक उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। अतः उक्त पात्रता रखने वाले इच्छुक बेरोजगार युवक-युवतियां आगामी 06 अक्टूबर को आयोजित होने वाले रोजगार मेले में अपने सभी दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय एवं स्थान पर पहुंचकर प्रतिभाग कर सकते हैं। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

अपने व्यापार का करे
प्रचारविज्ञापन के लिए संपर्क
करे।

## रोजगार मेले में 2015 लोगो को मिले जॉब ऑफर

**संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना/समाज जागरण**

लखनऊ । मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के अन्तर्गत निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उ0प्र0 द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में राजकीय आईटीआई, अलीगंज, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय लखनऊ एवं जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्योग विकास केन्द्र, लखनऊ के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को राजकीय आईटीआई, अलीगंज, लखनऊ में बृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. नीरज बोरा, विधायक, लखनऊ उत्तरी ने किया तथा उन्होंने अपने सम्बोधन में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के रोजगार देने के सपने को साकार करने के कदम की तारीफ की। मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के अन्तर्गत लोगो को रोजगार दिलाने के लिए



प्रधानाचार्य एवं प्लेसमेन्ट अधिकारी के प्रयासो की सराहना की।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने कम्पनियों के प्रतिनिधियों को अधिक से अधिक संख्या में अभ्यर्थियों को नौकरी देने के लिए अनुरोध किया तथा संस्थान के समस्त कर्मचारियों को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया । इस अवसर पर महेन्द्रा प्राइड क्लासरूम (नान्दी फाउण्डेशन, हैदराबाद) के अनिल कुमार यादव, कम्म्यूनिटी क्वाडिनेटर एवं रवि श्रीवास्तव क्षेत्रीय प्रबन्धक के द्वारा महिला अभ्यर्थियों की काउंसलिंग कर रोजगार के लिए प्रेरित किया। एम. ए. खाँ, ट्रेनिंग काउंसलिंग एवं प्लेसमेन्ट अधिकारी ने बताया गया कि रोजगार मेंले में 5270 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें 63 कम्पनियों द्वारा 2015 अभ्यर्थियों को रुपए 8000 से 35,000 प्रतिमाह सीटीसी के वेतन एवं अन्य सुविधाओं के साथ जॉब के आफर दिये गये।

## स्व० पूर्व पार्षद वीरेंद्र कुमार "वीरू" की जन्म जयंती पर सुंदरकांड पाठ एवं भंडारे का हुआ आयोजन

**संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना/समाज जागरण**

लखनऊ । स्वर्गीय वीरेंद्र कुमार "वीरू" स्मृति फाउंडेशन द्वारा पूर्व पार्षद स्वर्गीय वीरेंद्र कुमार "वीरू" की जन्म जयंती पर- 3 अक्टूबर 2023 को हरिहर मैरिज लॉन इंदिरा नगर में सुंदरकांड पाठ एवं भंडारा प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया गया जिसमें मुख्य अतिथियों द्वारा दैनिक साफ सफाई में लगे 35 सफाई कर्मचारियों को एवं क्षेत्र के 51 सम्भ्रान्त व्यक्तियों को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया एवं पूर्व पार्षद स्वर्गीय वीरेंद्र जसवानी वीरू के सपने जो थे अपने वार्ड को सुसज्जित करना, जनकल्याण के लिए सारी सुविधाएं मुहैया कराना उस सपने को सरकार करने के लिए पार्षद पूजा जसवानी एवं सूरज जसवानी प्रयत्नशील हैं।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ दिनेश शर्मा सांसद राज्यसभा एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री प्रदेश सरकार एवं अति विशिष्ट अतिथियों में नम्रता पाठक, वरिष्ठ समाज सेविका, अपर्णा यादव ,वरिष्ठ समाज सेविका एवं भाजपा नेत्री, एमएलसी पवन सिंह चौहान, भाजपा नगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, मुकेश शर्मा एमएलसी व पूर्व नगर अध्यक्ष भाजपा, सुषमा खर्कवाल महापौर लखनऊ, संयुक्ता भाटिया पूर्व महापौर लखनऊ, अवनीश सिंह पटेल एमएलसी, सुधाकर त्रिपाठी, नानक चंद लखमानी आदि उपस्थित रहे।

मुख्य आयोजक मंडल में पूजा जसवानी पार्षद इंदिरा नगर, सूरज जसवानी भाजपा नेता,अरुण प्रताप सिंह संयोजक भाजपा लखनऊ महानगर, गुंजन वर्मा, समाजसेविका, नमिता मिश्रा, हर्षिता रस्तोगी, सुमिता तिवारी, निहारिका शुक्ला, नीलम दीक्षित, विक्की दयालानी, निखिल तोलानी, सुभाष शर्मा,मनोज मिश्रा, सुबोध रस्तोगी, किशन केवलानी द्वारा किया गया । कार्यक्रम का कुशल संचालन राज प्रदीप शुक्ला द्वारा किया गया।

# प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक ने अनुसूचित बस्ती में जनसंपर्क और चौपाल कर गिनाई भाजपा सरकार की योजनाएं

**संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना/समाज जागरण**

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा पखवाड़े के अंतर्गत चलाए जा रहे हैं अनुसूचित बस्ती संपर्क अभियान में आज प्रदेश उपाध्यक्ष और नोएडा से विधायक पंकज सिंह ने आलमनगर में जलालपुर बस्ती में दलित नेताओं व पार्टी के कार्यकताओं के साथ घर-घर जाकर जनसंपर्क किया व बस्ती में चौपाल लगाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और योगी सरकार की दलित और गरीबों के लिए चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया।

जन-संपर्क और चौपाल के दौरान बस्ती में लोगों से संवाद करते हुए कहा पंकज सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार न सिर्फ बाबा साहब भीमराव आंबेडकर का सम्मान करती है, बल्कि उनकी विरासत को भी आगे ले जा रही है। सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय सपने को भी साकार कर रही है। आज अनुसूचित वर्ग के लोग भी मानते हैं कि सरकार उनके हितों के प्रति गंभीर है और योजनाओं के जरिये सभी का उत्थान कर रही है । उनके सपने को पूरा करने के लिए आजाद भारत में किसी ने कदम उठाया तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह कदम उठाया । सेवा पखवाड़े के अंतर्गत पार्टी द्वारा देशभर में स्वच्छता अभियान भी निरंतर चलाया जा रहा है । आज यही कारण है कि छोटे बच्चे बुजुर्ग और सभी नहीं चाहते कि कहीं भी गंदगी हो और सभी उसके प्रति जागरूक हो गए हैं जब हमारे प्रधानमंत्री और बड़े नेता झाड़ू लेकर निकले तो विपक्ष के लोग हंसते थे कि कि देश के प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री और वरिष्ठ नेता गण झाड़ू लगाएंगे तो देश कैसे चलेगा । सभी ने बहुत कटाक्ष किया लेकिन प्रधानमंत्री कहीं पर रुके नहीं और उनकी पहल पर उनके मंत्रिमंडल के मंत्री ही नहीं देश के हर वर्ग के व्यक्ति आज स्वच्छता के प्रति जागरूक हैं और अपना घर के अंदर, गली में और प्रत्येक स्थान पर स्वच्छता अभियान चला रहे हैं । हमें इस जिम्मेदारी को आगे भी इसी प्रकार निभाना है पार्टी द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा अभी समाप्त हुआ है लेकिन यह हमे संकल्प लेना है कि इस देश को हम स्वच्छ रखेंगे यह हमें पूरा करना है। प्रधानमंत्री ने स्वच्छता अभियान में स्वयं शामिल होकर स्वच्छता के लिए पुनः बड़ा संदेश दिया। क्षेत्रीय नागरिकों में रामरती और



अन्य लोगों ने क्षेत्र में पार्क के सौंदर्यीकरण और कल्याण मंडप निर्माण की मांग रखी जिसको पूरा करने का पंकज सिंह ने आश्वासन दिया।

पंकज सिंह ने कहा कि निकाय चुनाव के उपरांत आज क्षेत्र में आने के बाद यह देखकर बड़ा अच्छा लगा कि सभी जगह इंटरलॉकिंग टाइल्स लगी है और नाली का भी निर्माण हो चुका है यह सब विकास के कार्य निरंतर चल रहे है। फ्लाईओवर की मांग भी रक्षा मंत्री के द्वारा पूरी की गई है। जिसका निर्माण कार्य शीघ्र शुरू होगा।क्षेत्र में अंडर पास भी शीघ्र बनकर पूरा होगा। क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुसार निरंतर निर्माण कार्य की प्रक्रिया पार्टी जनप्रतिनिधियों के माध्यम से इसी प्रकार निरंतर चलती रहेगी। योगी जी की सरकार आने के बाद हम देख रहे हैं कि सफाई कर्मियों के लिए विभिन्न प्रकार की और अनुसूचित वर्ग के लिए मोदी और योगी सरकार ने बच्चों की पढ़ाई से लेकर बेटियों के विवाह तक अनेको कार्यक्रम सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं। बच्चों को स्कॉलरशिप दी जा रही है उनकी नौकरी के लिए व्यवस्था की जा रही है और क्षेत्र की अन्य समस्याओं के लिए भी पार्षदों और मंडल अध्यक्षों के माध्यम से जो भी प्राप्त होगी उसका समय-समय पर निराकरण किया जाएगा और यह मैं आश्वासन दिलाना चाहता हूं कि बिना किसी भेदभाव के सरकार की सभी योजनाओं का लाभ आपको निरंतर प्राप्त हो ऐसा हमारा प्रयास है और इसी उद्देश्य से मैं आपके बीच में उपस्थित हूं। कोई भी महापुरुष की जयंती हो उस अवसर पर कार्यक्रम करने से ही हमारी जिम्मेदारी खत्म नहीं होती बल्कि उनके जीवन से जो संदेश मिलता है उसको अपने जीवन में और आगामी पीढ़ियों के भविष्य में उसको उतार कर उनके भविष्य को कैसे उज्जवल बनाएं और अपने देश को कैसे मजबूत बनाएं इस नजरिए से महात्मा गांधी के आदर्श और उनके जीवन की गतिविधियों को अपने जीवन में आत्मसात करने के लिए बच्चों के अंदर यह भाव जगाने के लिए कार्य करना है। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि बस्तियों में जनसंपर्क के दौरान पश्चिम विधानसभा उपविजेता अंजनी श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष टिंकू सोनकर, विवेक सिंह तोमर, सौरभ वाल्मीकि,मंडल अध्यक्ष अरविंद मिश्रा, पार्षद नागेंद्र सिंह, रेखा सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## कीटनाशी विक्रेता अपने स्टॉक में उपलब्ध कीटनाशक दवाओं की सूचना एक सप्ताह में जिला कृषि रक्षा अधिकारी कार्यालय में कराए उपलब्ध।

**समाज जागरण**

उत्तर प्रदेश शासन एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में जिला कृषि रक्षा अधिकारी गौतम बुद्ध नगर नें जनपद के सभी किसान भाईयों एवं कीटनाशी विक्रेताओं का आह्वान करते हुए जानकारी दी है कि कीटनाशी अधिनियम-1968 के प्राविधानों के अन्तर्गत ट्राईसाइक्लाजोल, बुप्रोफेजिन, एसीफेट, क्लोरोपाईरीफास, मैथामिडोफास, प्रोपिकोनाजोल, थायोमेथाक्साम, प्रोफेनोफास, आइसोप्रोथियोलेन तथा कार्बेन्डाजिम कीटनाशी रसायनों का विक्रय, वितरण और प्रयोग बासमती धान पर प्रतिबंधित कर दिया गया है। उक्त कीटनाशी रसायनों के प्रयोग से उत्पादित बासमती चावल का निर्यात विदेशों में नहीं हो पा रहा है, कीटनाशकों के अवशेष बासमती में पाये जा रहे हैं, और प्रदेश के किसानों को भी इसका नुकसान उठाना पड़ रहा है, ऐसी स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए ही उ०प्र० शासन द्वारा बासमती धान पर उक्त कीटनाशकों का प्रयोग पर रोक लगायी गयी है। अतः सभी कीटनाशी विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि आपके स्टाक में उपलब्ध उक्त कीटनाशकों की सूचना एक सप्ताह के अन्दर कार्यालय में प्रस्तुत करें, साथ ही संदर्भित कृषि रक्षा रसायनों का 60 दिनों तक कदापि विक्रय न किया जाये। इस अवधि में किसी विक्रेता द्वारा धान की फसल पर प्रयोग के लिए उक्त रसायन विक्रय संबंधी कोई मामला प्रकाश में आता है, तो कीटनाशी अधिनियम 1968 के अन्तर्गत उसके विरूद्ध कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

## सेवायोजन विभाग द्वारा सेवा मित्र एप्लीकेशन किया गया लॉन्च।

**सेवा मित्र एप्लीकेशन के माध्यम से लोगों को घर बैठे ही दैनिक उपयोगी सेवाओं का मिलेगा लाभ।**

सेवायोजन विभाग ने सेवा मित्र एप्लीकेशन के संबंध में अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 155330 किया जारी।

सहायक जिला रोजगार सहायता अधिकारी गौतम बुद्ध नगर संग प्रिय आनंद जानकारी देते हुए बताया कि लोगों को दैनिक उपयोगी सेवाओं का लाभ घर बैठे ही उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सेवायोजन विभाग के द्वारा सेवा मित्र एप्लीकेशन लॉन्च किया गया है। उन्होंने बताया कि सेवा मित्र एप्लीकेशन के माध्यम से इलेक्ट्रीशियन, कारपेंटर, प्लंबर, टैक्सी सर्विस, पैथोलॉजी लैब, होम एम्पलांइस रिपेयर करने की सुविधा घर बैठे प्राप्त की जा सकती है।

# बिना विलंब किए हो पीड़ित की मदद : मुख्यमंत्री

## जनता दर्शन में सीएम योगी आदित्यनाथ ने सुनीं लोगों की समस्याएं

### अधिकारियों को दिए गुणवत्तापूर्ण व संतुष्टिप्रद निस्तारण के निर्देश

गोरखपुर, 3 अक्टूबर। गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे दिन जनता दर्शन में लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया हिदायत कि पीड़ितों की मदद और पात्रों को शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने में विलंब नहीं होना चाहिए। इसमें किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि किसी स्तर पर कोई दिक्कत आ रही है तो उसका पता लगाकर निराकरण कराया जाए और किसी स्तर पर जानबूझकर कर प्रकरण को लंबित रखा गया है तो वहां जिम्मेदारी सुनिश्चित कर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

मुख्यमंत्री ने यह निर्देश मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनने के दौरान दिए। समस्या लेकर सीएम से मिलने पहुंचे लोगों को भरोसे का आत्मीय संबल मिला। इत्मीनान से सबकी बात सुनते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी को आश्वस्त किया कि किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का वह प्रभावी निस्तारण कराएंगे। इसे लेकर उन्होंने प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों को मौके पर ही दो टूक समझाया कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें।



### जमीन कब्जे के मामलों को सख्ती से निबटाएं

कुछ प्रकरणों पर उन्होंने मुख्यमंत्री ने अफसरों को निर्देशित किया कि यह भी पता लगाएं कि यदि किसी को प्रशासन का सहयोग नहीं मिला है तो ऐसा क्यों और किन कारणों से हुआ। हर पीड़ित की त्वरित मदद की जाए। उन्होंने जमीन कब्जाने की शिकायतों पर विधि सम्मत कठोर कदम उठाने का निर्देश दिया।

हर बार की तरह इस बार भी जनता दर्शन में कई लोग इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। इस पर सीएम योगी ने अधिकारियों से कहा कि जल्द से जल्द अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध करा दें। इलाज के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त मदद की जाएगी। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं बच्चों के साथ पहुंची थीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बच्चों से आत्मीयता लपूर्वक बात कर उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा। उन्हें खूब पढ़ने, आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया और दुलारते हुए उन्हें चॉकलेट गिफ्ट किया।

### मंदिर की गोशाला में सीएम ने की गोसेवा

मंगलवार सुबह मुख्यमंत्री गोरखनाथ मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए मंदिर की गोशाला भी पहुंचे। यहां उन्होंने गोवंश को दुलारा और उनकी सेवा की। मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से गोवंश को गुड़-पूड़ी खिलाया और गोशाला के स्वयंसेवकों को जरूरी निर्देश दिए।

# जनपद में संचालित होगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान।

***मा0 सांसद डॉक्टर महेश शर्मा ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ।***

### माननीय सांसद डॉक्टर महेश शर्मा ने इस अवसर पर जिला अस्पताल का भी किया निरीक्षण।

उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में जनपद वासियों को संचारी रोगों से सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से जनपद में 3 से 31 अक्टूबर तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं 16 से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसका आज मा0 सांसद डॉक्टर महेश शर्मा ने जिला अस्पताल सेक्टर 39 नोएडा में पहुंचकर विधिवत रूप से हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर रेनू अग्रवाल, प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ ललित कुमार, जिला मलेरिया अधिकारी श्रुति कीर्ति वर्मा तथा स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान को लेकर जन जागरूकता के उद्देश्य से रैली निकाली गई, जिसमें नोएडा विकास प्राधिकरण, आंगनवाड़ी, आशा, ब्रीडिंग चेकर्स के द्वारा प्रतिभाग किया गया। उन्होंने बताया कि इस



अवसर पर सूचना विभाग के माध्यम से एलईडी वैन के द्वारा विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया गया। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के शुभारंभ के उपरांत माननीय सांसद डॉक्टर महेश शर्मा के द्वारा जिला अस्पताल का निरीक्षण किया गया। माननीय सांसद ने अस्पताल परिसर में आईसीयू का निरीक्षण कर भर्ती मरीजों से उनके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए अस्पताल के द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के संबंध मे फीडबैक प्राप्त की, जोकि संतोषजनक प्राप्त हुई। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर रेनू अग्रवाल ने मा0 सांसद को आभा क्रिएशन के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी एवं ओपीडी में आने वाले मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई। माननीय सांसद ने कहा कि केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार के द्वारा आम जनमानस के स्वास्थ्य को लेकर विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ अस्पताल में आने वाले सभी मरीजों को पूर्ण पारदर्शिता के साथ उपलब्ध कराया जाए, ताकि कोई भी मरीज स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहे। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# फार्मासिस्ट के ना आने पर डेढ़ घंटे प्रभावित रही इमरजेंसी

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के अंतर्गत ट्रामा सेंटर की इमरजेंसी मंगलवार की इवनिंग ड्यूटी में फार्मासिस्ट के ना आने के फल स्वरुप डेढ़ घंटे इमरजेंसी का कार्यप्रभावित रहा बाद में जिस फार्मासिस्ट को हटाया गया था। उसके पुणे आने पर कर सुचारू रूप से चला स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से संबंधित सरकारी ट्रामा सेंटर की इमरजेंसी मेड्यूटी पर तैनात फार्मासिस्ट उपेंद्र बघेल का ट्रांसफर जिला अस्पताल कर दिया था। उनके स्थान पर सौसैया अस्पताल मैं कार्यरत फार्मासिस्ट मनोज जैन को उनके स्थान पर भेजा गया है। जिनकी मंगलवार को शामकी ड्यूटी लगी थी परंतु उन्होंने इमरजेंसी में ड्यूटी करने से स्पष्ट मना कर दिया वह ड्यूटी पर नहीं पहुंचे इधर स्थानांतरित उपेंद्र बघेल भीनहीं आए जिसके कारण इमरजेंसी का कार्य प्रभावित रहा वजह साफ है। उपेंद्र बघेल के ड्यूटी पर आने की कोशिश की गई परंतु स्थानांतरित हो जाने के कारण उन्होंने ड्यूटी पर आने से साफ मना कर दिया इधर प्रातः कालीन ड्यूटी पर तैनात फार्मासिस्ट जगदीश कुमार ने जब




देखा उनकी ड्यूटी समाप्त हो चुकी है और कोई भी फार्मासिस्ट नहीं आया तब उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर नवीन जैन से संपर्क किया और स्थिति से अवगत कराया लेकिन मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने एक ही बात कहते रहे जिसकी ड्यूटी लगी है। वही अपनी ड्यूटी को अंजाम देगा लेकिन मनोज जैन भी नहीं पहुंचे तब फार्मासिस्ट जगदीश कुमार ने उपेंद्र बघेल को बुलाकर ड्यूटी करने का अनुरोध किया तब बड़ी मुश्किल से उपेंद्र बघेल इमरजेंसी ड्यूटी पर पहुंचे और उन्होंने कार्य संभाल लिया भले ही उपेंद्र बघेल ने सायं कालीन इमरजेंसी ड्यूटी कर ली है परंतु प्रश्न अब यह उठता है। उनके स्थानांतरित होने और मनोज जैन के ना आने के बाद बुधवार को इमरजेंसी ड्यूटी कौन करेगा यह विचारणीय प्रश्न बनकर रह गया है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर नवीन जैन से जानकारी चाही तो उन्होंने बताया की जिसकी ड्यूटी लगी है। वही ड्यूटी करेगा या अपनी ड्यूटी किसी और से करवाने के लिए अनुरोध करेगा जबकि मनोज जैन इमरजेंसी ड्यूटी करने को बिल्कुल तैयार नहीं है।

# एल.आर.इंटर कॉलेज मे एक बार फिर शिक्षा की अलख जगाने पहुंचे अमरपाल सिंह लोधी।

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। जसराना के लोक राष्ट्रीय इंटर कॉलेज पर लोधी क्षत्रिय एम्पलाइज एसोसिएशन ( लक्ष्य ) द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम में एक बार फिर शिक्षा की अलख जगाने और प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित करने पहुंचे लक्ष्य राष्ट्रीय संयोजक एवम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमरपाल सिंह लोधी आईआरएस भारत सरकार उन्होंने ने कहा कि शिक्षा हम सभी के उज्वल भविष्य के लिए एक बहुत ही आवश्यक साधन है। हम अपने जीवन में शिक्षा के इस साधन का उपयोग करके कुछ भी अच्छा प्राप्त कर सकते हैं। शिक्षा का उच्च स्तर लोगों की सामाजिक और पारिवारिक सम्मान तथा एक अलग पहचान बनाने में मदद करता है। इन्हीं सब कारणों की वजह से शिक्षा हमारे जीवन में इतना महत्व रखती है।

और उन्हों ने कहा की जो बच्चे गलत दिशा में चल रहे है उन्हे शिक्षा के प्रति जागरूक करना है। और अंधविश्वास पाखंडवाद जैसी कुरीतियों से अलग करना है वही कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि आगरा स्लम स्टार डांस संस्था के अध्यक्ष देव राजपूत कहा कि मैंने उन बच्चो को मंच देने का कार्य किया है जो गरीब और झुग्गी झोपड़ियों में रहते है क्योंकि उनके पास टेलेंट तो होता



है लेकिन वो उस टैलेंट को दिखा नहीं पाते है।

वही 2023 में हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट में 75% से अधिक अंक प्राप्त होने छात्र-छात्राओं के साथ लोधी समाज के यूट्यूब एवम समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाने वाले लोधी बृजेश जी, शिवानी लोधी जैसे अन्य कलाकारों को भी सम्मानित किया गया। वही जसराना तहसील के लगभग सभी पत्रकारों को लक्ष्य फिरोजाबाद टीम द्वारा सम्मानित किया गया।

**इस दौरान लक्ष्य फिरोजाबाद**

जिला अध्यक्ष अनीशबाबू लोधी, जिला महामंत्री ब्रह्मप्रकाश लोधी, जिला कोषाध्यक्ष ब्रजमोहन लोधी , पूरन सिंह पटेल , भाजपा जसराना ब्लॉक प्रमुख संध्या लोधी, शिवम लोधी, दिनेश लोधी , लक्ष्य फरुर्खाबाद वीरपाल लोधी , विकाश लोधी डिबाई, उत्कर्ष लोधी, पत्रकार रजनेश लोधी, एवम लक्ष्य कासगंज, फिरोजाबाद, अयोध्या, फरुर्खाबाद, मैनपुरी , एटा, अलीगढ़, दिल्ली, महाराष्ट्र से लक्ष्य के तमाम पदाधिकारीगण एवम लक्ष्य स्वयं सेवक मौजूद रहे।

# राकेश संखवार को पुनः महानगरजिला अध्यक्ष बनाए जाने पर किया जोशीला स्वागत।

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शंखवार को पुनः जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर व जिला उपाध्यक्ष श्रीनिवास शर्मा का सवर्ण समाज के भाइयों ने मोहल्ला दखल कोटला रोड पर भव्य जोशीला स्वागत व सम्मान किया। जिला अध्यक्ष राकेश शंखवार ने कहा आज सवर्ण समाज के भाइयों द्वारा मेरा जो सम्मान स्वागत किया है उसके लिए मैं सभी भाइयों का आभार व्यक्त



करता हूं और उन्होंने कहा जो जिम्मेदारी हाई कमान ने मुझे दी है निश्चित तौर पर सर्व समाज को जोड़कर संगठन को मजबूत करने का कार्य करूंगा जिला उपाध्यक्ष श्रीनिवास शर्मा ने कहा आज जो स्वागत सम्मान किया गया है। इसके लिए सभी भाइयों का आभार भविष्य में किसी प्रकार की कोई जरूरत पड़ेगी तो संगठन आपके साथ सहयोग करेगा आप सभी भाई भाजपा को मजबूत करने का कार्य करें

**स्वागत सम्मान में**

संजीव उपाध्याय, अशोक गर्ग, शैलेंद्र शुक्ला, दिनेश सिंह जादौन, विष्णु कांत पचौरी, शिव कुमार शर्मा, पवन शर्मा, जीतू गुप्ता, संजय शर्मा, शिवम शर्मा, सुरेश चंद शर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

# ठा0 वीरी सिंह डिग्री कॉलेज में सूचना विभाग की तीन दिवसीय प्रदर्शनी का विधायक प्रेमपाल धनगर ने फीता काटकर किया शुभारम्भ।

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। विकास प्रदर्शनी के माध्यम से एक छत के नीचे सभी योजनाओं की मिल रही जानकारियां, क्षेत्र व नगरवासी परिवार के साथ प्रदर्शनी को एक बार अवश्य देखे- प्रेमपाल धनगर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग लखनऊ द्वारा उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा नामक तीन दिवसीय प्रदर्शनी टूण्डला के ठा0 वीरी सिंह महाविद्यालय के परिसर में लगाई गयी है, जिसका शुभारम्भ मंगलवार को टूण्डला विधायक प्रेमपाल धनगर ने नवागत एसडीएम टूण्डला शिव ध्यान पाण्डे, अधिशासी अधिकारी टूण्डला आशुतोष त्रिपाठी, वीडीओ वीरेन्द्र कुमार, प्राचार्या कमलेश वर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष रूपेश कुमार शुक्ला के साथ फीता काटकर किया। प्रदर्शनी का सभी ने अवलोकन करते हुए सरकार की योजनाओं, उपलब्धियां, कार्यक्रमों को चित्रों के माध्यम से जाना। उ0प्र0 सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों, विकास कार्यों के प्रचार प्रसार हेतु एवं सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास विषय पर आधारित चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से आमजन को प्रचार सामग्री एवं चित्रों के माध्यम से विकास कार्यक्रमों, संचालित योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारियां दी जा रही हैं। चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से एक छत के नीचे सभी योजनाओं की जानकारियां जनसामान्य को मुहैया हो सकेंगी। यह प्रदर्शनी 3 अक्टूबर से 5 अक्टूबर 2023 तक ठा0 वीरी सिंह डिग्री कॉलेज में लगी रहेगी।

विधायक टूण्डला ने अपनी टीम के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन किया और प्रदर्शनी की सुंदरता और कंटेंट, क्रिएटिव की प्रशंसा की और



कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा जनसामान्य के हितार्थ विभिन्न प्रकार की योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। सरकार द्वारा संचालित की गई योजनाओं की जानकारी जनसामान्य को आसानी से सुलभ हो, इसके लिए इस चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है, जिससे सभी आम-जन को योजनाओं की जानकारी के माध्यम से पात्रों को योजनाओ का लाभ मिल सके। उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन कर सराहना करते हुए कहा कि इससे लोगों को अवश्य ही लाभ प्राप्त होगा। इस अवसर पर विधायक टूण्डला ने सभी नगरवासियों, क्षेत्र वासियां से अपील की है कि नगर में आयोजित इस भव्य प्रदर्शनी का एक बार अवलोकन अवश्य करें और एक ही छत के नीचे सरकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभ उठाऐ। इस अवसर पर नवागत एसडीएम टूण्डला ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ युवाओ को चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से योजनाओ की जानकारियां प्राप्त होगी। आम-जन तक शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओ की जानकारी प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने चित्र प्रदर्शनी की प्रशंसा करते हुये कहा कि इस तरह के आयोजन से आम-जन तक सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओ की जानकारी प्राप्त होती है। उन्होंने कहा विद्यालय के छात्र-छात्राओ को लाकर प्रदर्शनी का अवलोकन अवश्य कराया जाए, जिससे विद्यार्थियों को भी सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी मिल सके। इस अवसर पर जिला महामंत्री संजय सिंह परमार, सुशील पौनियां, नरेन्द्र सिंह जादौन सहित महाविद्यालय के विद्यार्थी व आमजन बडी संख्या में उपस्थित रहे।

# फतेहपुर में युवक ने खाया जहर तड़प तड़प कर हुई मौत

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर जिले के ललौली थाना क्षेत्र के महना गांव निवासी अमित सोनी पुत्र शिवदास सोनी ने सोमवार की रात जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे मौत हो गई। आपको बता दें कि मृतक अमित सोनी मैकेनिक का काम करता था। परिजनों ने बताया कि 8 महीना पहले अपनी ससुराल तिंदवारी जिला बांदा में मैकेनिक की दुकान खोल रखा है। पति-पत्नी का विवाद हमेशा शराब पीने के मामले में होता रहता था। जिस कारण पत्नी ने 3 बच्चो सहित अपने मायके ले जाकर के वहीं पर दुकान खोलने की बात बताया है । शराब का लाती



पति से आए दिन शराब पीने के बाद कहा सुनी होती थी। किसी बात पर मृतक अमित सोनी सोमवार की शाम को बिना बताए ससुराल तिंदवारी से अपने गांव महना आ गया। बंधवा में नया घर बनवाया था इस घर में रात को आकर शराब के साथ सल्फास का पाउडर डालकर पी गया और तड़प तड़प कर मौत हो गई। जब सुबह पड़ोसियों ने देखा तो इसकी जानकारी परिजनों को दिया। खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया।परिजनों ने पुलिस को सूचना दिया। ललौली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# चंद्रवार ट्रस्ट के बैनर तले पर्यटन मंत्री को उनके जन्म दिवस पर दी बधाई।

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। अपना गाँव चंद्रवार ट्रस्ट के वेनर तले चंद्रवार निवासियों का एक शिष्ठ मण्डल पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह से मिला और उनके जन्मदिन की बधाई देते हुए उन्हें चंदवार के अति प्राचीन शिव मन्दिर चिन्ता मणि नंदेश्वर



महादेव मंदिर एवम बासुदेव कृष्ण मन्दिर को चंद्रवार पर्यटन विकास की परियोजना में शामिल करने, वहां की पुरानी व्यापारिक संस्कर्ति ,की धरोहर को सुरक्षित करने, गाँव के एक जमीदार की हत्या के कारण सम्पन्न गॉव में वैश्य वर्ग माथुर वैश्य के पलायन का कारण बना, उनके नाम से मुख्य द्वार का नामकरण करने , पुरानी धरोहरों एवम यात्रियों के विश्राम के लिए एक धर्मशाला ,,चंद्रवार मण्डपम, का निर्माण कराने के लिए ज्ञापन दिया जिसे अग्रिम कार्यवाही हेतु मंत्री ने जिलाधिकारी को निर्देशित किया है।

प्रतिनिधि मण्डल में वी.एस. गुप्ता, सुनील गोलस, विनोद गुप्ता, संजय गुप्ता,एवम बबलू आदि उपस्थित रहे।

# रोड किनारे खड़े युवक को बाइक चालक ने मारी टक्कर, युवक गम्भीर रूप से घायल

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जिले के राधा नगर थाना क्षेत्र के चाँदपुर गाँव के मोड़ पर एक युवक रोड किनारे खड़ा होकर वाहन का इंतेजार कर रहा था। उसी समय बाइक और ई-रिक्सा की भिड़ंत हो गई दोनों की भिड़ंत में रोड किनारे खड़ा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना जानकारी स्थानीय पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए सरकारी एम्बुलेन्स से जिला अस्पताल भेजवा दिया। जानकारी के अनुसार थानां क्षेत्र के चाँदपुर गाँव निवासी स्व. शुख देव का 49 वर्षीय पुत्र चेत राम कही बाहर जाने के लिए गाँव के मोड़ पर वाहन के इंतेजार में खड़ा था। तभी उसी समय गाँव के मोड़ पर ही बाइक और ई-रिक्सा की भिड़ंत हो गई। बाइक चालक ई-रिक्से से टकराने के बाद रोड किनारे खड़े चेत राम को टक्कर मार दिया। बाइक की टक्कर से चेत राम गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना जानकारी स्थानीय पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए सरकारी एम्बुलेन्स से जिला अस्पताल भेजवा दिया। जहाँ ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

# सांसद ने किया पुस्तक का विमोचन

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

शिकोहाबाद। पूर्व प्रधान महेश बाबू आर्य की पुण्यतिथि पर ब्राह्मण धर्मशाला में कार्यक्रम का आयोजन किया। सांसद डॉ. चंद्रसेन जादौंन ने विचार व्यक्त कये। संचालनं जला उपाध्यक्ष विष्णु सक्सेना ने किया।



इस अवसर पर महेश बाबू द्वारा लिखी गई पुस्तक वैदिक विधि से हवन का सांसद ने विमोचन किया। कार्यक्रम में बाबू के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अतिथियों ने विचार रखें। इस अवसर पर आनंद कुमार सिंह,पूर्व जिलाध्यक्ष अरविंद पचौरी, नगर अध्यक्ष विशाल गुप्ता, डॉ. ललित मोहन जादौंन, अनिल पचौरी,अजीत सिंह, रत्नेश कुलश्रेष्ठ, संदीप नारायण श्रीवास्तव, गोपाल सिंह आर्य, अशोक राजपूत, गोपाल शर्मा, सुरेश वर्मा, अश्वनी कुमार सिंह, विद्याराम मौजूद रहे।

# 6 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्वाइंट फोरम ऑफ बीयूपी बैंक यूनियन के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर में ज्वाइंट फोरम ऑफ बीयूपी बैंक यूनियन के अध्यक्ष के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन प्रधान कार्यालय में किया गया।जहां अध्यक्ष गोपाल त्रिवेदी ने कहा कि प्रबंधन की संस्था विरोधी नीतियों और भारत सरकार व रिजर्व बैंक द्वारा जारी आदेश की प्रत्यक्ष अवहेलना प्रायोजक बैंक अधिकारियों के अनुचित दबाव में प्रबंधन द्वारा संस्था और कर्मियों के हितों के विरुद्ध किये गए फैसले से झुब्ध होकर बड़ौदा यूपी बैंक में कार्यरत सभी अधिकारी व कर्मचारियों के 9 संगठनों ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया है।

प्रधान कार्यालय में 6 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्वाइंट फोरम ऑफ बीयूपी बैंक यूनियन के बैनर तले एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के माध्यम से मांग करते हुए जिलाध्यक्ष ने गोपाल त्रिवेदी ने कहा कि बीसीजी बोस्टन कंसेलटिंग ग्रुप की सेवाएं तत्काल



प्रभाव से खत्म किये जायें।मित्रा कमेटी आधारित मानव श्रम नीति के अनुसार कार्यालय परिचारक से लेकर अधिकारी स्केल 5 तक के सभी पदों पर नई भर्ती व पदोन्नति की जाए।

बैंक की 268 शाखाओं के विलय या बंदी की कार्यवाही तत्काल प्रभाव से रोकी जाए और इस सम्बंध में रिजर्व बैंक की गाइड लाइन के अनुसार ही कार्यवाही की जाए।उन्होंने कहा कि अन फेयर लेवर प्रैक्टिस पर रोक लगाते हुए श्रम कानूनों का उलंघन बन्द किया जाए।साथ ही रिक्त पदों पर 10 वर्षों से लगातार काम करने वाले अस्थायी कर्मियों को सेवाएं स्थायी की जाए।

उन्होंने कहा कि 6 सूत्रीय मांगों को पूरा नही किया जाता तो आगे की रणनीति तैयार किया जायेगा।धरना प्रदर्शन में संयोजक उदय पाल सिंह, विवेक मिश्रा,दीप्ति उत्तम,अरिमर्दन सिंह,दिनेश सेंगर,हेमन्त सिंह,सिद्धार्थ मिश्रा सहित सैकड़ों बैंक के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# सरकारी चकरोड तोड़कर भूमिधरी जमीन से रास्ता निर्माण पर DM से शिकायत

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर जिले के राधा नगर थाना क्षेत्र के बसावनपुर मजरे रामबा पंथुआ गांव में दमणगों ने लेखपाल और प्रधान से मिलकर सरकारी रास्ते को तुड़वाकर पीड़ित की भूमि धरी जमीन पर अवैध तरीके से रास्ता निर्माण कराए जाने से नाराज पीड़ित ने डीएम की चौखट पर पहुंच लगाई न्याय की गुहार।

बसावनपुर मुजरा रामवा पंथुआ गांव के रहने वाले शिव मोहन सिंह पुत्र स्व ननकू सिंह ने जिला अधिकारी श्री इंदुमती से मिलते हुए बताया कि चक्रवात गाटा संख्या 2836 रब्बा 0.630 हेक्टेयर पर सरकारी रास्ते का निर्माण था जहां से लोगों का आवागमन था लेकिन गांव के ही कुछ सरदार एवं दबंग व्यक्तियों द्वारा



अपना पर्सनल जमीन का फायदा देखते हुए क्षेत्रीय लेखपाल और प्रधान से मिलकर सरकारी रास्ते को तुड़वाकर उनकी भूमिहारी जमीन जिसकी गाटा संख्या 2842 व 2839,2840 व 2841 के उत्तर पश्चिम स्थित है जिस पर अवैध तरीके से रास्ते का निर्माण किया जा रहा है जिसमें सरकारी पैसे का भी दुरुपयोग हो रहा है जबकि पूर्व प्रधान और लेखपाल द्वारा सरकारी चक्रवात का निर्माण कराया गया था लेकिन प्रधान और लेखपाल से मिलकर दमणों द्वारा भूमि धरी जमीन से चकरोड निकलवाया जा रहा है और सरकारी चक्रवात को तोड़ दिया गया है जबकि विरोध करने पर उन्हें मारने पीटने और कानूनी दाव पेट में फसाने की धमकी दी जा रही है पीडीसी मोहन ने बताया कि लाखों रुपए के फायदे को लेकर दमणगों द्वारा या पूरा कुछ चक्र रचा गया है इस मामले को लेकर जिला अधिकारी श्री इंदुमती ने संबंधित अधिकारियों को जांच कर कार्रवाई के आश्वासन दिए हैं।

# जन आशीर्वाद की ऊर्जा से सत्याग्रह, समिति के केंद्रीय अध्यक्ष ने त्यागा अन्न

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर : दशकों से ध्वस्त पड़े विजयीपुर-गाजीपुर मार्ग के नवनिर्माण के लिए नरैनी चौराहे पर जारी सत्याग्रह में दूसरे दिन भी लोगों का समर्थन जारी रहा। बुंदेलखंड राष्ट्र समिति तथा सड़क संघर्ष समिति के नेतृत्वकर्ता सत्याग्रह में प्रमुख रूप से बैठे हैं। क्षेत्रीय ग्रामीणों का सत्याग्रह को दिली समर्थन मिल रहा है। नरैनी, अकबरपुर बड़वा, सातो, मोगरिहापुर, सेलरहा, बहियापुर, गौतमन डेरा, मटिहा, थुरियानी, इटरौरा आदि गांवों के लोगों ने समिति के पदाधिकारियों से मिलकर उन्हें अपना समर्थन दिया। रामायण पाठ में सम्मिलित होने के लिए लोग रात भर आते-जाते रहे। बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के केंद्रीय



अध्यक्ष प्रवीण पांडेय ने प्रशासनिक दबाव में घुटने टेकने की बजाय अन्न त्याग दिया। नींबू-पानी, नारियल पानी के सहारे उन्होंने सत्याग्रह जारी रखने का संकल्प लिया। व्यापार मंडल, दवा कारोबार संगठन तथा विश्व हिंदू परिषद ने सत्याग्रह के पहले दिन हुए घटनाक्रम की निंदा करते हुए शासन-प्रशासन को आड़े हाथ लिया। किसान संगठनों ने सत्याग्रह के लिए अपना समर्थन देते हुए जरूरत पर मैदान में उतरने का भरोसा दिया है। स्थानीय लोगों का कहना था विजयीपुर से वाया गाजीपुर जिला मुख्यालय की 48 किलोमीटर की दूरी प्राइवेट बस से तय करने में अभी चार घंटे का समय लगता है। मटिहा गांव से यदि किसी बीमार को विजयीपुर पीएचसी लेकर जाना पड़ जाए तो दो घंटे का समय लग जाएगा। सड़क खराब होने से आधे रास्ते में ही दुर्घटना हो जाएगी। बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के केंद्रीय अध्यक्ष प्रवीण पांडेय ने कहा कि धूल और गड्ढेनुमा तालाब में तब्दील हो चुके राजमार्ग का निर्माण कराने के लिए मशीनें और सामान भेजने के बजाय शासन-प्रशासन में बैठे लोग पुलिस भेजकर सत्याग्रहियों की आवाज दबाना चाहते हैं। कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने पूरी दुनिया को सत्याग्रह एवं अहिंसा का मार्ग दिखाया है। बापू के दिखाए सत्याग्रह के मार्ग पर चलकर क्षेत्र के लोगों को एक अच्छी सड़क दिलाने का संकल्प जारी रहेगा। कहा कि मुख्यमंत्री ने मार्ग निर्माण के लिए कई बार बजट जारी किया। सड़क बनाने की बजाय कार्यदाई संस्था ने बजट का बंटा धार कर दिया। सड़क संघर्ष समिति के संयोजक धर्मेंद्र दीक्षित ने कहा कि सत्याग्रहियों को जितना डराया-धमकाया जाएगा, लोगों की आवाज उतनी बुलंद होकर अनशन स्थल पर गूंजेगी। कहा कि हम नहीं चाहते कि हमारे ही बीच में रहने वाले लोग परेशान हों। भीड़ जुटाना सत्याग्रह का उद्देश्य नहीं है। शांतिपूर्ण सड़क सत्याग्रह में कोई भी दखल हुई तो आर-पार का संघर्ष होगा।

# निराश्रित महिला पेंशन महिलाओ को शत प्रतिशत दिया जाय साथ ही पेंशन धारकों के जो खातों का वेरिफिकेशन का कार्य शेष है को पूरा करा लिया जाय

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर राज्यमंत्री, महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार, उ0प्र0 श्रीमती प्रतिभा शुक्ला ने विकास भवन सभागार में बाल विकास एवं पुष्टाहार, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, महिला कल्याण विभाग में संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक की। (01 सितम्बर से 30 सितम्बर 2023 तक)पोषण माह के सफल संचालन एवं फीडिंग में प्रदेश में नम्बर-1 आने पर बाल विकास परियोजना विभाग की पूरी टीम को बधाई दी और कहा महिलाओ के उत्थान के लिए ऐसे ही कार्य करते रहे। उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र में आगनबाड़ी केंद्र किराए पर संचालित है, को प्रस्ताव बनाकर नए आंगनबाड़ी केंद्र भवन बनाने की प्रक्रिया को नियमनुसार कार्यवाही शुरू की जाय। साथ ही आंगनबाड़ी के नए केंद्र बनाने के लिए संबंधित उपजिलाधिकारी से समन्वय बनाते हुए क्षेत्रवार जमीन का चिन्हांकन करा लिया जाय । आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण के सुधार के लिए पोषण वाटिका बनाई जाय। शासन की



मंशानुरूप पुष्टाहार का वितरण समय से कराया जाय और शत प्रतिशत फीडिंग भी समय से करायी जाय। आंगनबाड़ी केंद्रों का समय समय निरीक्षण करते रहे। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के सभी समूहों को क्रियाशील करके अपना उत्पाद बनाने के लिए प्रेरित करे और उनके उत्पाद को बाजार में सही मूल्य दिलाने का कार्य करे, के लिए नियमानुसार कार्यवाही करते हुए प्रत्येक ब्लॉक में एक प्रेरणा बाजार बनाई जाय जिससे कि समूह महिलाएं अपना उत्पाद बनाकर बेचकर सशक्त बन सके। उन्होंने महिला कल्याण विभाग को निर्देशित किया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाय। निराश्रित महिला पेंशन महिलाओ को शत प्रतिशत दिया जाय साथ ही पेंशन धारकों के जो खातों का वेरिफिकेशन का कार्य शेष है को पूरा करा लिया जाय। उन्होंने कहा कि अधिकारी एवं कर्मचारी अपने अपने दयित्यो का ईमानदारी के साथ निर्वाहन करे।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, जिला विकास अधिकारी प्रमोद सिंह चंद्रौल, जिला कार्यक्रम अधिकारी साहब यादव, डीपीओ प्रोबेशन, समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी सहित संबंधित उपस्थित रहे। इसके उपरांत मंत्री ने विकास भवन सभागार में ही जनपद के प्रिन्ट/इलेक्ट्रॉनिक मीडिया बन्धु से प्रेसवार्ता भी की।

# दिल्ली प्रवासी मजदूर का घर तोड़कर दबंगो ने किया कब्जा शिकायत करने पर महिला की पिटाई

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के दरियापुर गांव में दबंगो की दबंगई देखने को मिली जहां दिल्ली प्रवासी मजदूर के घर में ना रहने पर पक्का घर तोड़कर दमणों ने घर पर कब्जा कर लिया मामले की जानकारी होने पर प्रवासी मजदूर पत्नी सहित अपने गांव पहुंचे और इस मामले पर थाने पर शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई न हुई बल्कि गाली गलौज कर मारपीट की गई और थाने में शिकायत करने पर उल्टा ही चालान कर दिया गया जिससे परेशान पीड़ित ने पत्नी व बच्चों सहित पुलिस अधीक्षक की चौखट पहुंच आरोपियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस अधीक्षक से न्याय गुहार लगाई।

दरियापुर गांव निवासी सुनील कुमार पुत्र स्वर्गीय शिव शंकर ने बताया कि वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है और परिवार का भरण पोषण करता है गांव में उसका पुश्तैनी मकान था जिसका दबंग पड़ोसियों द्वारा बाउंड्री सहित घर तोड़ दिया गया और उस पर कब्जा कर लिया गया प्रवासी मजदूर सुनील ने बताया कि इस मामले की जानकारी जब गांव के कुछ अन्य लोगों द्वारा उसे मिली तो वह अपने गांव दरियापुर पहुंचा और



घर टूट देखकर वह थाने भागते हुए इस मामले की शिकायत किया लेकिन थाने पर शिकायत करने से नाराज दबंगो ने उसकी पत्नी सहित उसे जमकर गाली गलौज करते हुए पीट दिया जिस पर वह द्वारा थाने पहुंचा और थानेदार से आरोपियों पर कार्रवाई की मांग किया, उसने बताया कि गांव के ही रहने वाले रामावतार पुत्र बाबूलाल और बाबू पुत्र सुखलाल तथा अरविंद पुत्र बाबू उसमें उनके घर पर रखा हुआ सारा सामान उठा ले गए और घर को तोड़कर उसे पर कब्जा कर लिया लेकिन पुलिस द्वारा उल्टा ही 24 घंटे थाने में बिठाकर उनका 151,116 और 107 कि धारा में चालान कर दिया जब कि आरोपियों को खुलेआम छोड़ दिया जाता है। कल्याणपुर थाना पुलिस द्वारा दबंग का साथ देकर सही कार्रवाई न करने से नाराज पीड़ित प्रवासी मजदूर सुनील ने पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह से मामले पर शिकायत किया और कार्रवाई की मांग किया। पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने मामले पर जांच कर कार्रवाई करने का पीड़ित को आश्वासन दिया वही इस मामले पर कल्याणपुर थाना प्रभारी से फोनिक वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि मामला जमीन का है जिसकी जांच पड़ताल की जा रही है बाकी सारे आरोप बेबुनियादी लगाए जा रहे हैं।

# आयुष्मान भारत योजना...यूनिट की अनिवार्यता को समाप्त करने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया

ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी
दैनिक समाज जागरण

बिजनौर नजीबाबाद आयुष्मान भारत योजना में छह यूनिट की अनिवार्यता को खत्म करने के लिए एक हस्ताक्षर अभियान चला कर पत्र को महामहिम राष्ट्रपति से लेकर प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आदि को भेजा गया है । आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने आयुष्मान भारत योजना के तहत बनने वाले स्वास्थ्य कार्ड में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 6 यूनिट की अनिवार्यता को रखने के विरोध में एक हस्ताक्षर अभियान चलाया गया मांग पत्र में बताया गया है कि एक तरफ सरकार जनसंख्या नियंत्रण पर जोर दे रही है तो दूसरी ओर आयुष्मान कार्ड योजना में छह यूनिट की अनिवार्यता कर रही है जोकि अनुचित है पत्र में बताया गया है कि उक्त योजना का लाभ सभी को तभी मिल सकता है जब इसमें यूनिट की बाध्यता को समाप्त किया जाए इससे सरकार की सबका साथ सबका विकास की नीति भी सफल हो सकेगी। पत्र की प्रतिलिपि महामहिम राष्ट्रपति से लेकर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्यपाल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा मानवाधिकार आयोग को भी प्रेषित की गई है पत्र पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री शिवकुमार महेश्वरी, जफर हुसैन, जफर हुसैन, अजय सिंघल, शकील अहमद, अनुज शर्मा, राहुल जैन, शुभम गुप्ता, सूरज शर्मा, राजपाल सिंह, गीता गुप्ता, सुशीला गुप्ता, रीता चोधरी, विशाल, संजीव गुप्ता, हिमांशु जैन, गौरव टॉक, अनमोल, राजकुमार, राहुल, नीलम, निधि, सीमा, मंजू गुप्ता, मुदित शर्मा, नवीन भटनागर आदि के हस्ताक्षर हैं।

# बहला फुसलाकर तीन बच्चे की मां को लेकर फरार।

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम उधोवाला उर्फ नारायणपुर निवासी सुखवीर सिंह पुत्र प्रेम सिंह पुलिस को तेरी देकर दर्ज कराया मुकदमे में बताया के उसकी पत्नी संगीता 35 वर्ष तथा आरोपी अमित कुमार पुत्र गम्भीर सिहं व गम्भीर सिहं पुत्र उधल सिहं व अमित पुत्र कौशल निवासी ग्राम सीरवासुचन्द बहला फुसलाकर कर भगा ले गए हैं यह लोग बहुत ही चालाक मुहंजोर व झगडालू किस्म के व्यक्ति है। उसकी पत्नी अपने तीनों बच्चों आशीष कुमार 13 वर्ष ,मन्जीत 11 वर्ष, याचिका 09 वर्ष को लेकर घर से बिना बताये अज्ञात स्थान पर ले गयी है। पत्नी संगीता को उक्त घटना से करीब 15 दिन पहले हमारी ही गांव का अमित कुमार पुत्र गम्भीर सिहं अपने साथ ले गया था जो दो दिन बाद घर वापस लाया था। अब भी अमित कुमार व इसके पिता गम्भीर सिहं तथा अमित कुमार पुत्र कौशल पीड़ित की पत्नी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। उसकी पत्नी अपने साथ दस हजार रुपए की नगदी व सोने चांदी के जेवर भी ले गयी है। पीड़ित ने अपनी पत्नी को बरामद करने की गुहार लगाइए है पुलिस ने अमित कुमार पुत्र गंभीर सिंह गंभीर सिंह पुत्र उधल सिंह अमित पुत्र कौशल कौशल के विरुद्ध आईपीसी की धारा 366 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# श्री राम बारात का आयोजन

दैनिक समाज जागरण

संभल।गुन्नौर तहसील क्षेत्र के ग्राम पतरिया ढडवारा में स्थित हनुमान धाम श्री श्री 108 रामानंद महाराज उनके शिष्य राम चेतन महाराज के नेतृत्त्व में



हनुमान धाम पर गत वर्षो की तरह चल रही रामलीला में आज श्री राम बारात का आयोजन किया गया इसमें बड़ी धूमधाम से राम बारात निकाली गई। महाराज दशरथ ने अपने चारों बेटों के साथ बारात लेकर जनक जी के यहां पहुंचे और चारों बेटों की शादी कर बड़ी धूमधाम से बारात निकली जिसमें मौजूद रहे सभी कमेटी के कलाकार एवं कमेटी के सदस्य सभी कलाकारों ने मिलकर राम बारात का लुफ्त उठाया और तरह-तरह के व्यंजनों से बारात को खाना खिलाकर विदाई की गई।

# गांधी जयंती के उपलक्ष में हुए वॉलीबाल टूनार्मेन्ट में कासमपुर गढ़ी ने ढ़किया को हरा कर प्रथम ईनाम पाया।

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ समीप वर्ती ग्राम सीरवासुचन्द में समाज सेवी पत्रकार मौहम्मद साजिद अंसारी के सौजन्य से दो अकटूबर गांधी जयन्ती वह लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर एक दिवसीय वॉलीबाल टूनार्मेन्ट का आयोजन अंसार वॉलीबाल क्लब द्वारा सीरवासुचन्द घास मण्ड़ी के मैदान में सम्पन्न हुआ जिसमे ग्रामीण क्षेत्र की एक दर्जन टीमों ने भाग लिया जिनमें हसनपुर, सादकपुर,मानियावाल,जिकरीवाला,पुक्खेवला, कालागढ़, लडडूवाला, जेनिनियस स्कूल जसपुर उत्तराखण्ड़ की टीम के अलावा अंसार वॉलीबाल क्लब कासमपुर गढी.व अब्दुल वॉलीबाल क्लब सीरवासुचंद की टीमो ने अपने अपने जौहर दिखाकर दर्शको को मंत्र मुग्ध कर खूब वाह वाही लूटी। टूनार्मेंट का शुभआरम्भ ग्राम पंचायत सीरवासुचंद से प्रधान पद के भावी प्रत्याशी अफसर अली अंसारी समाज सेवी रियाजुद्दीन बिलाल अंसारी व कासमपुर गढ़ी से प्रधान पद के संम्भावित प्रत्याशी रजब अंसारी द्वारा किया गया।



वही ग्राम प्रधान पति शकील अहमद ने अब्दुल वॉलीबाल क्लब सीरवासुचंद को नेट बॉल भेंट कर खिलाड़िऔयो की हौसला अफजाई कर खेल को अंतिम दौर तक पहुंचाया। टूनार्मेन्ट के फाइनल मैच मे कासमपुर गढी.टीम ने ढ़किया की टीम को हराकर प्रथम स्थान पाकर अपना व अपने गांव का नाम रोशन किया। वही प्रथम स्थान पाने वाली टीम को रियाजुद्दीन बिलाल अंसारी ने 2100 रू० नगद व शील्ड़ ओर द्वितीय स्थान पाने वाली टीम को महबूब टेलकाम के प्रो० महबूब आलम ने 1100रु० नगद व शील्ड ईनाम भेट कर कर खेल का समापन किया। इस अवसर पर प्रधान पति शकील अहमद, भाजपा नेता रजब अली अन्सारी, बिलाल अहमद अंसारी, मौहम्मद साजिद अंसारी, मौहम्मद अनस जद्दी, मौहम्मद अनस जे०के०, मौ० साबिर चाहा, मौ० आकिब शमशाद अहमद, इदरीश अहमद, कलवा, तनवीर अंसारी, मौ० याकूब, मोहम्मद उमर, शादाब, मैराज आलम, इमरान मंसूरी, अफजाल, असगर, सलीम अहमद, हलीम, सिमाब आलम, रिहान व अदनान आदि मौजूद थे

# नोएडा में तीसरी मंजिल से गिरने से 24 वर्षीय लड़के की मौत परिजनों में मचा कोहराम

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ।नगर के पूर्व सभासद खलील खान उर्फ पप्पू पठान के भांजे का नोएडा में एक निमार्णधीन तीन मंजिल इमारत से नीचे गिरने से दर्दनाक मौत हो गई। मौत की खबर सुनकर परिजनों सहित नगर में शौक लेहर दौड़ गई सूचना मिलते ही परिजन घटना स्थल पहुंचे मंगलवार को देर शाम शव घर पहुंचने परिजनों में कोहराम मच गया ।प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला गौहर अली खां निवासी शाहरुख पठान 24 वर्ष पुत्र निहाल खान नोएडा की तीन मंजिल निर्माणधीन इमारत पर कार्य कर रहा था कि तीन मंजिल की



ऊपरी हिस्से में बाहर एक फाईवर सीट पर उसका पैर रख जाने के कारण नीचे गिर कर गम्भीर रूप से घायल हो गया आसपास काम कर रहे साथियों ने घायल शाहरुख को दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों द्वारा उसको मृत घोषित कर दिया वहीं यूपी व - दिल्ली अलग-अलग राज्य होने के कारण 24 घंटे तक शव अस्पताल की मोर्चरी में रखा रहा मंगलवार को प्रातः पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर परिजनों को सौंप दिया शव घर पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया । बाद नमाजे ईशा भारी संख्या लोगों ने शिरकत करी जहां कालागढ़ मार्ग ईदगाह के कब्रिस्तान सूपुदखा कर दिया।

# रोटेरियन रवि प्रकाश अग्रवाल को आईएमए ब्लड बैंक ने किया सम्मानित

बिसौली आई एम खान। आईएमए ब्लड बैंक बरेली के तत्वावधान में आयोजित सम्मान समारोह में नगर निवासी रोटेरियन रवि प्रकाश अग्रवाल,



जायंट्स ग्रुप आफ महिला समृद्धि की अध्यक्ष रूपम गुप्ता व मनोज टाटा को रक्तदान शिविर की सफलता के लिए सम्मानित किया गया। बरेली से सम्मानित होकर लौटे रविप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि आईजी जोन डा. राकेश सिंह व विशिष्ट अतिथि के रूप में बिथरी चैनपुर विधायक डा. राघवेंद्र शर्मा और पूर्व मेयर डा. आईएस तोमर मौजूद रहे। नगर के समाजसेवियों को सम्मानित किए जाने की खबर पाकर लोगों में हर्ष की लहर दौड़ गई है। नगरवासी तीनों समाजसेवियों का भव्य स्वागत करने की तैयारी कर रहे हैं.

# एक जनपद एक उत्पाद योजना से जोड़ने के लिए दिया हस्तशिल्पयों को प्रशिक्षण

दैनिक समाज जागरण

संभल। एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण एवं टूलकिट वितरण योजना के अर्न्तगत अकुशल हस्तशिल्पयों/कारीगरों का कौशल अभिवर्धन हेतु 10 दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारम्भ हो गया।

जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र सम्भल के द्वारा हस्तशिल्पयों/कारीगरों का प्रशिक्षण शिविर मंगलवार को शुरू हो गया। आर्य समाज रोड स्टैट बैंक के निकट फरोही रिसॉर्ट मे प्रशिक्षण शुरू कराया गया। प्रथम दिन सभी हस्तशिल्प कारीगरों ने भाग लिया। सहायक प्रबंधक राजेन्द्र वर्मा ने सभी हस्तशिल्प कारीगरों को विस्तार से एक जनपद एक उत्पाद तथा टूलकिल वितरण योजना की जानकारी दी। उ0 प्र0 सरकार एवं उद्योग एव उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय द्वारा चलाई जा रही महत्वकांक्षी योजना से मिलने वाले लाभ के बारे मे विस्तार से जानकारी दी। इस बाबत जानकारी देते हुए मो0 युनूस ने बताया कि हस्तशिल्प कारीगरों को आगे बढ़ाने एवं रोजगार के साधन मुहैया कराये जाने के लिए ओडीओपी की यह योजना लाभकारी साबित हो रही है। इस अवसर पर सभी प्रशिक्षार्थियों को जलपान एवं भोजन कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम मे मो0 सुबहान, मुजाहिद खान आदि मौजूद रहे।



# सपा कार्यालय पर मनाई गई गांधी जयंती, बांटी मिठाइयां

शावेज अहमद
दैनिक समाज जागरण

रामपुर। रामपुर के समाजवादी पार्टी कार्यालय पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं राष्ट्र पुरूष लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई तथा सपा कार्यकताओं ने मिठाई वितरित की। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गोयल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं राष्ट्र पुरूष लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि गांधी जी का नारा अंहिसा परमो धर्म पर हम सबको चलना हैं। इस मौके पर लाल बहादुर शास्त्री को भी याद किया गया और जय जवान जय किसान कहते हुए एवं शास्त्री जी के जीवन पर नजर डालते हुए कहा कि



शास्त्री जी जब रेलवे मंत्र थे तो उनके मंत्री रहते हुए जब रेल दुर्घटना हुई तो उन्होने उसी समय के प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू को अपने इस्तीफा भेज दिया और कहा कि अब मैं मंत्री नहीं रह सकता मेरा इस्तीफा स्वीकार कर मुझे पदमुक्त कर दिया जाये। उस समय के पीएम ने इस्तीफा मंजूर करना नहीं चाह रहे थे लेकिन शास्त्री जी के मन को दुख देखकर इस्तीफा मंजूर कर लिया। शास्त्री जी भारत की एकता और अखंडता के प्रतीक थे। इस मौके पर आसिम राजा शमसी, अहकाम अली, जलील अहमद खां, काशिफ खां, उबैद उल हक, आमिर मियां, इंतेजार अहमद बबलू, नासिर अली, जाहिद अली, रजा उर रहमान, रामदास दिवाकर, निसार अहमद, अलीम खां, अर्शी खां, इमरान खां आदि मौजूद थे।

# सरकार से मिलने वाली सुविधाएं सभी वृद्धजनों को उपलब्ध कराएं - सारिका गोयल

## अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध स्वास्थ्य दिवस का वृद्ध आश्रम कछला पर हुआ आयोजन

बिसौली आई एम खान। अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध स्वास्थ्य दिवस के मौके पर मंगलवार को नवजीवन वृद्ध आश्रम कछला में एक कैंप का आयोजन किया गया। अपर न्यायाधीश सारिका गोयल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में मौजूद चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मचारियों व पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा



वृद्धजनों की बीपी, शुगर, मलेरिया, आंख की जांच, कान की जांच, फिजियोथैरेपी एवं हड्डी रोग का परीक्षण के साथ-साथ मानसिक रोग जांच की गई और उपचार की सेवाएं दी गईं। अपर जिला न्यायाधीश श्रीमती गोयल ने वृद्धजनों की समस्याओं को सुना और उनको स्वस्थ रहने के लिए निरंतर स्वास्थ्य परीक्षण कराने हेतु प्रेरित किया। मुख्य अतिथि ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को सुझाव दिया कि सरकार से मिलने वाली समस्त सुविधाएं जिला नवजीवन वृद्ध आश्रम में रहने वाले एवं अन्य वृद्धजनों को उपलब्ध कराई जाए। साथ ही अपर जिला न्यायाधीश द्वारा उन वृद्धजनों को छड़ी प्रदान की गयीं, जिनको चलने में समस्या हो रहीं है। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी रामजन्म, एनसीडी के नोडल अधिकारी डॉ0 सनोज मिश्रा, डीसीपीएम अरविंद राणा, वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ, चिकित्सा प्रभारी एन सी डी, एवं सीएससी चिकित्सा अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# बेहजम में बेटियों को बचाने और पढ़ाने का लिया गया संकल्प

लखीमपुर खीरी । खीरी में बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं के अंतर्गत दहेज उन्मूलन बाल-विवाह रोकने लैंगिक समानता के लिए संदेशों का प्रचार प्रसार करने इसे जीवन में उतारने के उद्देश्य से महिला कल्याण विभाग के तत्वावधान में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के मार्गदर्शन में ब्लॉकवार एक दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम चल रहा सोमवार को ब्लॉक बेहजम में महिला कल्याण विभाग के तत्वावधान में



एकदिवसीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम हुआ कार्यशाला का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी राकेश कुमार सिंह जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय निगम ने दीप जलाकर किया डीपीओ संजय निगम ने कहा कि सभी को संकल्प लेना चाहिए कि जन्म से पूर्व लिंग परीक्षण का विरोध करेंगे बेटा एवं बेटी में भेद करने वाली हर सामाजिक कुरीतियों का बहिष्कार करेंगे कन्या के जन्म का स्वागत करते हुए हर एक बेटी को पढ़ायेंगे समुचित पोषण एवं गरिमामय व सशक्त जीवन प्रदान करने में सहायक होंगे और इस प्रतिज्ञा के साथ बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान में सम्मिलित होते हुए अपना समर्थन प्रदान करते हैं कार्यशाला में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ वन स्टाफ सेंटर घरेलू हिंसा अधिनियम बाल विवाह दहेज प्रतिषेध अधिनियम में स्थित महिला पेंशन हेल्पलाइन 1098 1090 181 आदि की जानकारी वन स्टाफ सेंटर महिला शक्ति केंद्र एवं जिला बाल संरक्षण समिति के कार्मिकों ने प्रदान की स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा अधिकारी ने कहा द्वारा स्वास्थ्य संबंधित योजनाओं की जानकारी प्रदान की खंड विकास अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की डीपीओ संजय निगम ने पोषण किट प्रदान करते हुए विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की महिला कल्याण अधिकारी आर्यमित्रा बिष्ट जिला समन्यवक निक्की गुप्ता एवं प्रशासिका वन स्टाफ सेंटर रश्मि चतुवेर्दी ने महिलापरक योजना की जानकारी प्रदान की।

## बेहजम में चला हस्ताक्षर अभियान, लिया बेटियों को बचाने और पढ़ाने का संकल्प

ब्लाक नकहा में आयोजित कार्यशाला में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत हस्ताक्षर अभियान चला जिसमें महिलाओं बालिकाओं ने प्रमुखता से प्रतिभाग करते हुए न केवल हस्ताक्षर किए बल्कि बेटियों के लिए अपने संदेश भी लिखें कार्यक्रम का सफल संयोजन जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार निगम ने किया।

प्रचार नही तो
व्यापार नहीविज्ञापन
के लिए संपर्क करे.

# मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के क्षेत्रीय प्रमुख फैसल मुमताज ने डीएम से सड़क निर्माण को की मांग

शावेज अहमद/ दैनिक समाज जागरण

रामपुर। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के क्षेत्रीय प्रमुख फैसल मुमताज ने डीएम को पत्र लिखकर डा. विशेष कुमार की क्लीनिक से लेकर डा. हिमांशु गुप्ता के क्लीनिक तक सड़क निर्माण कराये जाने की मांग की हैं।

फैसल मुमताज ने डीएम भेज पत्र में कहा कि सिविल लाइन्स स्थित जिला परिषद रोड पर वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डा. विशेष कुमार के क्लीनिक से लेकर सांस रोग विशेषज्ञ डा. हिमांशु गुप्ता के क्लीनिक तक सड़क में जगह-जगह 5 से 10 मीटर की दूरी पर काफी संख्या में गड्ढे हो गये हैं। जिस कारण लगातार हादसे हो रहे हैं। राहगीरों को काफी समय से परेशानियों और दुश्वरियों का लगातार सामना करना पड़ रहा हैं। बरसात में स्थिति और गंभीर हो गई हैं। रोजाना ई-रिक्शा, बाइक, स्कूटी, साइकिल, एवं चार पहिया वाहनो की गड्डों से वाहन को बचाने के कारण अंजाने में आपस में टक्कर हो जाती हैं और सवारियां हादसे का शिकार हो जाती हैं। कभी-कभी उन्हें गंभीर चोटें भी आ जाती हैं जो जनहित से जुड़ा गंभीर विषय हैं। वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डा. विशेष कुमार, हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. अजय सिंघल, सांस रोग विशेषज्ञ डा. हिमांशु गुप्ता, डा. मुक्ता सिंघल का सिटी हॉस्पिटल एवं अल्ट्रासाउंड सेंटर, दंत रोग विशेषज्ञ डा. सामर्थ कुमार, नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डा. अजय कुमार सिंहल का अस्पताल एवं पतंजलि का सेंटर हैं। जहाँ सुबह से शाम तक सेकड़ो की संख्या मरीज अपना इलाज कराने आते हैं और इसी रोड से होकर गुजरते हैं। इसलिए उक्त रोड जनहित में बनाया जाना अति आवश्यक हैं।

# विधायक ने डीएम सीडीओ संग किया तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का उदघाटन

## पीएम व सीएम के कार्यो का आईना है चित्र प्रदर्शनी : विधायक



लखीमपुर खीरी । केन्द्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाये जाने के उद्देश्य से सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उप्र द्वारा कलेक्ट्रेट में लगायी गयी तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का विधायक सदर योगेश वर्मा ने डीएम महेंद्र बहादुर सिंह सीडीओ अनिल कुमार सिंह के साथ फीता काटकर शुभारम्भ किया प्रदर्शनी के उदघाटन के पश्चात सदर विधायक डीएम व सीडीओ ने अन्य के साथ चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए आमजन से अपील की है कि 03 अक्टूबर से 05 अक्टूबर तक सूचना विभाग द्वारा लगायी गयी चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन कर भारत सरकार व प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण नीतियों निर्णयों उपलब्धियों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभ उठायें विधायक सदर ने कहा कि यह चित्र प्रदर्शनी पीएम नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा किये गये विकास कार्यों का आईना है डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि जनपद खीरी के लिए सौभाग्य का विषय है कि उप्र सरकार के माध्यम से सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विकासपरक व जनकल्याणकारी योजनाओं नीतियों एवं निर्णयों पर आधारित सुन्दर और विस्तृत प्रदर्शनी लगायी गयी है डीएम ने कहा कि चित्र प्रदर्शनी केन्द्र व राज्य सरकार की विकास गाथा को प्रदर्शित कर रही है जिससे आमजन व शोधार्थियों को बहुत उपयोगी जानकारी प्राप्त होगी प्रदर्शनी के माध्यम से आमजन सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में उपयोगी जानकारी प्राप्त कर प्रदर्शनी का बेहतर ढंग से लाभ प्राप्त कर सकेंगे सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने शिक्षको छात्र-छात्राओं व आमजन से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रदर्शनी का अवलोकन कर लाभ उठाएं इस दौरान एडीआईओ नरेंद्र कुमार डीएसओ अंजनी कुमार सिंह डीपीआरओ सौम्यशील सिंह डीसी मनरेगा विपिन चौधरी जिला कृषि अधिकारी अरविंद चौधरी डीएचओ मृत्युंजय कुमार उपायुक्त उद्योग संजय सिंह सहित बड़ी संख्या में जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## खीरी का मियापुर स्कूल और थारू क्राफ्ट प्रदेश में छाया

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने पूरे प्रदेश में केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां से संबंधित प्रदर्शनी का आयोजन किया है इस प्रदर्शनी में खीरी जिले का प्राथमिक स्कूल मियापुर और थारू क्राफ्ट को शामिल किया गया है प्रमुखता से सभी जिलों में लगने वाली प्रदर्शनी में खीरी जिले के इन दोनों महत्वपूर्ण कामों के फोटो और बैनर कटआउट लगाए गए हैं इससे पूरे प्रदेश में खीरी जिले का नाम ऊंचा हुआ है।

# पुलिस अधीक्षक से मिले पूर्व मंत्री नवेद मियां

शावेज अहमद रामपुर। पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी से मुलाकात की। उन्होंने नवागत पुलिस अधीक्षक से रामपुर की संस्कृति, इतिहास और राजनीति समेत विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक बहुत अच्छे अधिकारी हैं। रामपुर में कानून का राज होगा। अपराधियों के हौसले पस्त रहेंगे। नवेद मियां ने बताया कि पुलिस अधीक्षक से उनका पुराना परिचय है। डीजीपी मुख्यालय में कई बार पूर्व में भी उनसे मुलाकात हो चुकी है।



# पुलिस अधीक्षक ने थाना शाहबाद का किया आकस्मिक निरीक्षण

शावेज अहमद रामपुर ।पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने थाना शाहबाद,रामपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया , निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय पर बने अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, डयूटी रजिस्टर, फ्लाईसीट आदि एवं उनके रख रखाव, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टयों को चैक किया गया । साथ ही थाना परिसर में बने बैरक, मालखाना, कम्प्यूटर रूम, आगन्तुक कक्ष आदि की साफ-सफाई तथा महिला हेल्प डेस्क को चैक किया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।



# शादी से इन्कार करने वाले पिता पुत्र दे रहे बेटे की हत्या की धमकी

## शादी से इनकार करने पर युवती ने खाया था जहर

**दैनिक समाज जागरण**

शाहाबाद, हरदोई । शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ले में युवक द्वारा शादी से इनकार किए जाने के बाद युवती द्वारा जहर खा लेने का मामला तूल पकड़ गया है। अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद युवती के पिता ने आत्महत्या के प्रयास के लिए प्रेरित का आरोपी बताते हुए प्रार्थना पत्र दिया है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली युवती और मोहल्ला बमियारी निवासी गौरव उर्फ राजा पुत्र शक्ति राम का पिछले तीन वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा है। प्रेम प्रसंग के चलते दोनों ने शादी करने का निर्णय लिया। दोनों के परिवार वाले भी इस विवाह के लिए तैयार थे लेकिन युवती के बीमार हो जाने की वजह से गौरव उर्फ राजा तथा उसके पिता शक्ति राम ने एक अक्टूबर को यह कहकर शादी करने से मना कर दिया कि उसकी मेरे बेटे से शादी करने की हैसियत नहीं है। युवती को सदमा लगा गया। 2 अक्टूबर को दोपहर एक बजे युवती ने जहर खा लिया। आनन फानन में युवती को सीएचसी ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। युवती द्वारा जहर खाने की बात सुनकर प्रेमी का पिता शक्ति राम गांव के कई लोगों को लेकर जिला अस्पताल पहुंचा और युवती के पिता से बेटी का हाल-चाल लिया। युवती के डिस्चार्ज होकर घर आ जाने के बाद दबंग पिता पुत्र ने पीड़ित पिता को फिर परेशान करना शुरू कर दिया है। बकौल पीड़ित पिता संदीप ने बताया पिता पुत्र द्वारा लगातार जान माल की धमकियां दी जा रही हैं, यह कहकर शादी करने से मना किया जा रहा है कि उसकी और उसके परिवार की मेरे बेटे से शादी करने की कोई हैसियत नहीं है। इसलिए वह शादी के बारे में न सोचे ।अगर कोई कार्रवाई करेगा तो उसके बेटे की हत्या कर दी जायेगी। पीड़ित संदीप ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र लेकर अपने परिवार की सुरक्षा की मांग की है।

# डीएम ने बाबन विकास क्षेत्र में गौशाला का किया निरीक्षण

## निमार्णाधीन गोबर्धन संयंत्र का निर्माण शीघ्र पूर्ण कराने के दिये निर्देश

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

हरदोई। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बावन विकास खण्ड में स्थित विभिन्न स्थानों का औचक निरीक्षण किया। सबसे पहले जिलाधिकारी ने बावन स्थित गौशाला का निरीक्षण कर स्टाफ से गोशाला की व्यवस्थाओं को लेकर संवाद करते हुए कहा कि गोशाला में संरक्षित पशुओं की अच्छे से देखभाल के साथ भूसा एवं हरे चारे आदि समय की व्यवस्था करें तथा गोशाला की साफ-सफाई चाक-चौबंद रखे।

गोशाला में 270 से अधिक पशुओं की संख्या पर जिलाधिकारी ने बीडीओ तथा प्रधान प्रति को निर्देश दिये गोशाला में एक अतिरिक्त टीन शेड की व्यवस्था कराने के साथ साड़ों के लिए अलग गौशाला का निर्माण करायें और गाय एवं साड़ो का अलग-अलग रखा जाये और गोशाला में जाली की व्यवस्था देखकर उन्होंने संतुष्टि जाहिर की। गोशाला के निरीक्षण के उपरान्त जिलाधिकारी ने निमार्णाधीन गोवर्धन संयंत्र का निरीक्षण किया तथा संयंत्र की कार्य करने की प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने कार्यदायी संस्था को संयंत्र का कार्य निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संयंत्र से गोबर गैस का उत्पादन होने पर ग्रामवासियों को काफी लाभ होगा। गोशाला निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने एक गाय को माला पहना कर एवं गुड़-चना खिलाकर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी राम प्रकाश, पशु चिकित्सा अधिकारी डीपी सिंह, डीपीआरओ विनय कुमार सिंह, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार व प्रधान प्रतिनिधि हमीद अहमद पप्पू आदि उपस्थित रहे।



प्रचार नही तो व्यापार नही- विज्ञापन के लिए संपर्क करें.

# आधार कार्ड बनाने को लेकर ग्रामीण परेशान

## ऑपरेटर की मनमानी से तंग आकर ग्रामीणों ने काटा हंगामा

**दैनिक समाज जागरण**

पाली,हरदोई। पोस्ट ऑफिस में तैनात आधार कार्ड बनाने वाले ऑपरेटर की मनमानी से तंग आकर सैकड़ों जरूतमंदों ने पोस्ट ऑफिस के बाहर जमकर हंगामा काटा। लोगों ने पोस्ट ऑफिस कर्मियों के अभद्र व्यवहार से नाराज होकर डीएम से आधार बनाने की व्यवस्था को सुदृण बनाये जाने की मांग की है।



बच्चों के एडमिशन से लेकर बैंक में खाता खुलाने तक हर जगह आधार को अनिवार्यता प्रदान की गई है। ऐसे में लोग आधार कार्ड बनवाने के लिए पोस्ट ऑफिस बैंकों आदि के चक्कर काट रहे है। पाली के मोहल्ला बाजार स्थित पोस्ट ऑफिस में आधार बनने व संसोधन होने का कार्य होता है। यहां आधार कार्ड बनाने के लिए ऑपरेटर अर्पित यादव को नियुक्त किया गया है। जो बांगरमऊ उन्नाव से आते हैं। मंगलवार की सुबह पोस्ट ऑफिस के बाहर आधार कार्ड बनवाने व उसमें संसोधन कराने को लेकर दूर दराज गावों से सैकड़ों महिलाओं व पुरुषों की भीड़ जमा हुई थी। सुबह 12 बजे तक ऑपरेटर के न पहुंचने व पोस्ट ऑफिस कर्मियीं के गलत व्यवहार से नाराज लोगों ने पोस्ट ऑफिस के बाहर हंगामा काटा। पैंतापुर से आई सीमा, हर्नखुदा से आई मीरा, रामापुर मिश्र से आये राम रहीस, भरखनी से आई फरहीन व तरन्नुम, लखमापुर से आये चंद्रपाल, कहारकोला से आये शिवराम, लौकहा से आये राज सिंह आदि ने बताया कि वह सभी अपने बच्चों के आधार कार्ड बनवाने व उनमें संसोधन कराने के लिए महीनों से पोस्ट ऑफिस के चक्कर काट रहे हैं। हर बार ऑपरेटर उन्हें तारीख देकर या नेट न चलने का हवाला देकर टरका रहे हैं। लोगों ने बताया छोटे छोटे बच्चों व महिलाओं के लेकर कई किलोमीटर दूर का सफर तय करके पोस्ट ऑफिस के चक्कर काटने को मजबूर है। लेकिन कोई नही सुन रहा है। उधर स्कूल में शिक्षक आधार जमा करने का दबाव बना रहे हैं। लेकिन ऑपरेटर की मनमानी से वह सभी परेशान है। मंगलवार की सुबह 12 बजे तक ऑपरेटर पोस्ट ऑफिस नही पहुंचा था। जिसके कारण आधार बनने का काम प्रभावित रहा। वहीं पोस्ट ऑफिस कर्मियों पर गलत व्यवहार व संतोषजनक जबाब न देने का भी लोगों ने आरोप लगाया है। लोगों ने डीएम से व्यवस्था को दुरुस्त कराए जाने की मांग की है। सवायजपुर एसडीएम अरुणिमा श्रीवास्तव ने बताया है कि मामला संज्ञान में आया है, जांच की जाएगी। लापरवाही मिलने पर कार्यवाई तय होगी।

# अनियंत्रित होकर बाइक गिरने से बाइक सवार घायल

**दैनिक समाज जागरण**

हरदोई। बिलग्राम थाना क्षेत्र के पसिया गांव के पास एक तेज गति से आ रही बाइक अचानक अनियंत्रित होकर गहरे गड्ढे में जा गिरी जिससे बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइक सवार घायल श्यामू पुत्र रघुराम चंद्रपाल पुत्र नन्हे निवासी ग्राम ढाबा जो बिलग्राम लेखपाल से मिलकर वापस अपने गांव जा रहे थे तभी अचानक भाई अनियंत्रित होकर गहरे गड्ढे में जा गिरी जिससे बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से घायलों को आनन फानन में उपचार के लिए सीएचसी लाया गया जहां चिकित्सकों ने उपचार के बाद घायल श्यामू की हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।



# डीएम को धान क्रय केंद्र पर तौल कांटा व नमी मापक संयंत्र मिले खराब

## केंद्र पर आने बाले किसानों के लिए छाया व पेयजल की उचित व्यवस्था के दिये निर्देश

**दैनिक समाज जागरण,बी जी मिश्र**

हरदोई। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने ब्लाक बावन की ग्राम पंचायत सकरा में संचालित राजकीय धान क्रय केन्द्र का निरीक्षण किया और तौल कांटा एवं नमी नापक यंत्र खराब पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सहकारी निबंधक सहकारिता अखिलेश सिंह को निर्देश दिये तत्काल कांटा तथा नमी मानक यंत्र बदलवायें और जहां कही भी इस तरह की स्थिति हो उसे ठीक करायें। उन्होने केन्द्र पर रखी खाद आदि के बारे में जानकारी ली तथा केन्द्र प्रभारी को निर्देश दिये केन्द्र पर धान लाने वाले किसानों की सुविधा के लिए छाया, पेयजल आदि की उचित व्यवस्था कराये और शासन के निदेर्शानुसार 60 कुन्तल से कम पैदावार वाले किसानों को धान खरीद में प्राथमिकता दें। जिलाधिकारी ने गांव के किसानों से वार्ता करते हुए कहा कि अपना धान सुखाकर मानक के अनुसार धान क्रय केन्द्र पर लाये और सरकार द्वारा निर्धारित दर रू0-2203 का भुगतान प्राप्त कर लाभ उठायें। इस अवसर जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार आदि उपस्थित रहें।



# एसपी ने दो निरीक्षक व दो उपनिरीक्षकों का किया स्थानांतरण

**दैनिक समाज जागरण,बी जी मिश्र**

हरदोई ।पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने अपराध व अपराधियो पर प्रभावी नियंत्रण तथा कानून व्यवस्था को और भी सुद्रढ़ बनाये रखने के उद्देश्य से चार पुलिस कर्मियों के कार्यक्षेत्रों में बदलाव करते हुए उन्हें स्थानांतरित किया है।



बताते चले कि अपराधों पर नियंत्रण व अपराधियो के खिलाफ कार्यवाई को लेकर जनपद की कानून व्यवस्था को सुद्रढ़ बनाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने मंगलवार को निरीक्षक प्रमोद कुमार यादव को थाना कछौना से निरीक्षक यातायात,अतिरिक्त निरीक्षक धीरेंद्र कुमार पंकज को अतरौली से प्रभारी मीडिया सेल,उपनिरीक्षक विनोद कुमार द्विवेदी को थाना अतरौली से थाना बघौली व उपनिरीक्षक प्रियंका गंगवार को थाना सुरसा से महिला थाने के लिए स्थानांतरित करते हुए नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए है।

# डीएम ने ब्लॉक व पशु अस्पताल का किया निरीक्षण

## निजी पशुओं को छोड़ने बालो के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के दिए निर्देश

**दैनिक समाज जागरण,आलोक सिंह**

हरदोई। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने पशु चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय में पशुओं की दी जा रही चिकित्सा आदि के दस्तावेज देखे तथा पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि सभी पशुओं के टीकाकरण का कार्य जल्द पूर्ण कराये और निजी पशुओं को छोड़ने वालों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करायें। जिलाधिकारी ने प्रधान प्रति से कहा कि पशु चिकित्सालय में खराब खड़जें की जगह इंटर लाकिंग करायें। पशु चिकित्सालय के निरीक्षण के बाद उन्होंने विकास खण्ड कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने एडीओ समाज कल्याण को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में ढिलाई बरतने पर कड़ी फटकार लगायी। उन्होंने सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम के पात्र लोगों से आवेदन लेने के निर्देश दिए। एनआरएलएम कक्ष निरीक्षण कर उन्होंने कार्मिकों के बैठने की व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिए। एडीओ पंचायत से व्यक्तिगत शौचालयों के निर्माण की जानकारी ली तथा अवशेष आवेदनों को जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिये। उन्होंने अवशेष पंचायत भवनों के निर्माण का कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी राम प्रकाश, पशु चिकित्सा अधिकारी डीपी सिंह, डीपीआरओ विनय कुमार सिंह, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार व प्रधान प्रतिनिधि हमीद अहमद पप्पू आदि उपस्थित रहे।



# सीएमओ का आदेश बेअसर,नही पहुंच रहे डॉक्टर

## स्थानांतरण के बाद भी सीएचसी पर देख रहे ओपीडी

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

हरदोई।प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मंसूरपुर सांडी में तैनात डॉक्टर गौरव का स्थानांतरण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीमऊ के लिए लगभग एक माह पूर्व किया गया था।लेकिन डॉक्टर साहब के लिए सीएमओ का स्थानांतरण आदेश कोई मायने नही रखता।श्रीमऊ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर बाढ़ के बाद मरीजों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर सीएमओ ने डॉक्टर गौरव को स्थानांतरित करते हुए आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने की भले ही व्यवस्था की हो लेकिन डॉक्टर गौरव सीएचसी सांडी में ही बैठकर ओपीडी में मरीज देखते है।बताया जा रहा है कि इससे पूर्व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मंसूरपुर में भी डॉक्टर गौरव ने नियमित मरीज देखना मुनासिब नही समझा।चिकित्सा व्यवस्था से कटियारी के इस दुर्गम इलाके के लिए शासन स्तर से भले ही लोगो को स्वास्थ्य सुबिधाये मुहैया कराए जाने का प्रयास किया जा रहा हो लेकिन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीमऊ में सीएमओ के आदेश के बाबजूद डॉक्टर गौरव स्थानांतरण के एक माह बाद भी नही पहुंच सके जबकि वह सीएचसी सांडी में बैठकर ओपीडी में नियमित मरीज देख रहे है।ऐसे में सरकार की मंशा पर एक तरफ पानी फिर रहा है वही दूसरी तरफ सीएमओ का आदेश बेअसर साबित हो रहा है।

# आई0टी0आई0 प्रवेश हेतु 07 अक्टूबर तक करे आवेदन

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

हरदोई।प्रधानाचार्य राजकीय आई0टी0आई0 हरदोई आर0के0 श्रीवास्तव ने बताया है कि ऐसे समस्त गैर चयनित अभ्यर्थी जिनका प्रवेश चतुर्थ चरण तक किसी भी संस्थान या व्यवसाय में नही हो सका है वह (प्रवेश प्रक्रिया में पूर्व में पंजीकृत एवं नवीन ऑनलाइन आवेदनकर्ता) चतुर्थ (अन्तिम) चरण में प्रवेश प्राप्त कर सकते। चतुर्थ चरण/अंतिम चरण में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी बेवसाइट www.vppup.in पर 07 अक्टूबर 2023 रात्रि 12.00 बजे तक नवीन आवेदन कर सकते है। उन्होंने बताया कि चतुर्थ चरण/अंतिम चरण में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी (पूर्व में पंजीकृत एवं नवीन ऑनलाइन आवेदनकर्ता) बेवसाइट www.vppup.inl पर चतुर्थ चरण के लिए रैंक पर क्लिक कर अपनी पंजीकरण संख्या तथा जन्मतिथि प्रविष्ट करने पर प्राप्त रैक प्रिन्ट आउट आवेदन फार्म तथा संस्थानवार रिक्त सीटों के सापेक्ष प्रवेश हेतु प्रार्थना-पत्र सहित अपने नजदीकी/इच्छुक संस्थान में 08 अक्टूबर 2023 पूर्वाहन 11.00 बजे तक जमा कर सकते है। अभ्यर्थियों की रैंक, आवेदन फार्म तथा रिक्त सीटों के सापेक्ष प्रस्तुत प्रार्थना-पत्र में दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त व्यवसायों पर 09 अक्टूबर 2023 को चतुर्थ चरण में चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी की जाएगी। समस्त चयनित अभ्यार्थी समस्त आवश्यक प्रपत्रों/अभिलेखों सहित 09 अक्टूबर की प्रातः 10.00 बजे से 10 अक्टूबर 2023 की सांय 05.00 बजे तक प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। 10 अक्टूबर 2023 तक यदि चयनित अभ्यर्थी प्रवेश नहीं लेता है तो ऐसे अभ्यार्थियों का प्रवेश रद्द माना जाएगा।

# किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

**दैनिक समाज जागरण**

शाहाबाद ,हरदोई। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले से एक किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना की लिखित तहरीर पीड़ित के भाई द्वारा कोतवाली में दी गई है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले के रहने वाले पीड़ित भाई के अनुसार सोमवार को सुबह तकरीबन 6:00 बजे उसकी 16 वर्षीय बहन शौच के लिए घर से निकली थी। उसके बाद वापस नहीं लौटी। काफी खोजबीन की परंतु उसका पता नहीं चल सका। बाद में जानकारी मिली कि विपिन यादव पुत्र बृजकिशोर यादव निवासी गिगियानी उसे बहला फुसलाकर कहीं ले गया है। पीड़ित भाई ने बहन की हत्या की आशंका भी व्यक्त की है। कोतवाली में लिखित तहरीर दी गई।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

हरदोई। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान का शुभारंभ मंगलवार को जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने नया गाँव, मुबारकपुर स्थित सौ शैय्या चिकित्सालय में फीता काटकर किया । इसके साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष ने अभियान में लगे एंटीलार्वा छिड़काव, फॉगिंग और प्रचार-प्रसार वाहनों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने अभियान में लगे सहयोगी विभागों और जनसमुदाय से अभियान को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से ही यह अभियान सफल हो सकता है। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रोहताश कुमार ने कहा कि तीन से 31 अक्टूबर तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवम 16 से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान चलेगा। दस्तक अभियान के तहत आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को संचारी रोगों से बचाव के लिए जागरूक करेंगी। इसके साथ ही बुखार, टीबी के संभावित लक्षण वाले व्यक्तियों, खांसी-जुकाम से पीड़ित व्यक्तियों, कुपोषित बच्चों, फाइलेरिया, काला-जार एवं कुष्ठ रोग के व्यक्तियों की पहचान कर लाइन लिस्टिंग करेंगी। इसके साथ ही वह घरों के भीतर मच्छरों के स्त्रोत का पता लगाएंगे। जिन घरों के भीतर मच्छर का लार्वा पाया जाएगा उसकी सूचना ब्लॉक मुख्यालय पर देंगी उसके अनुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी विभाग उनके द्वारा की जाने वाली गतिविधियों को माइक्रोप्लान के अनुसार संपादित करें ।इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी, यूनिसेफ और स्वयंसेवी संस्था पाथ के प्रतिनिधि मौजूद रहे।



# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई एचसीएल फाउंडेशन की बैठक

**दैनिक समाज जागरण , आलोक सिंह**

हरदोई। विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में एचसीएल फाउंडेशन की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि संबंधित विभाग विभाग समुदाय परियोजना के सफल क्रियान्वयन के लिए एचसीएल के साथ आवश्यक समन्वय बनाकर कार्य करें। समूह आधारित गतिविधियों के लिए प्रत्येक विकास खण्ड में एक शेड बनाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए जिसके नीचे बैठकर समूह उत्पादक गतिविधियां संचालित हो सकें। सुविधा सुदृढ़ीकरण के अंतर्गत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर सौर ऊर्जा स्थापन के लिए गंभीरता से प्रयास किये जायें। दिव्यांग जनों के लिए विशेष विद्यालय की स्थापना के लिए प्रस्ताव तैयार किया जाए। आंगनबाड़ी केन्द्रों को अपग्रेड करने के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी को एचसीएल के साथ समन्वय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सैम व मैम बच्चों को सुपोषित करने के लिए समन्वय बनाकर कार्य किया जाए। टेली मेडिसिन सुविधाओं का विस्तार किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, पीडी गजेंद्र तिवारी, अन्य संबंधित अधिकारी व एचसीएल के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।



# रेलवे स्टेशन के निकट चोरी से लकड़ी काटकर जा रहे ट्रैक्टर ट्राली को दबोचा

## ठेकेदार सहित दो लोगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**दैनिक समाज जागरण,पुनीत मिश्र**

बेनीगंज,हरदोई।रेलवे स्टेशन बेनीगंज समीप वन निगम द्वारा कटाई जा रही लिप्टिस की लकड़ी को ट्रैक्टर ट्राली में भर कर बेचने जा रहे वन निगम ठेकेदार व धर्मकाटा मालिक को वन विभाग ने धर दबोच कर वन अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर पूछताक्ष शुरू कर दी है।



बताते चले कि बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र मे रेलवे स्टेशन समीप वन निगम लखनऊ के ठेकेदार शान महोम्मद द्वारा लकड़ी कटाई जा रही थी।जिसका आदेश लकड़ी को कटा कर डिपो मे भेजना का पारित हुआ था।लेकिन रात मे चोरी छिपे वन निगम ठेकेदार की मिलीभगत से लकड़ी को रात के अंधेरे में धर्मकाटा संचालक शकील बघौली रोड पर बेचा करता था। मुखबिर की सुचना पर वन विभाग ने प्रतापनगर-संडीला मार्ग पर रेलवे स्टेशन समीप उसे पकड़ लिया।विनय कुमार ने बताया कि पहले भी वह कई बार लकड़ी ले जा चुका है। पूछताछ के बाद कछौना के रेंजर ने पकड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली को कछौना ले गए। दो लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर पूछताछ की जा रही है।

# फसल अवशेष/पराली न जलाने हेतु जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया

**दैनिक समाज जागरण ब्युरो**

हरदोई।जिला कृषि अधिकारी ने बताया है कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा फसल अवशेष/पराली में आग लगाना दण्डनीय अपराध घोषित किया गया है। उसके तहत 02 एकड़ तक रू0-2500.00, 05 एकड़ तक रू0-5000.00 एवं 05 एकड़ से अधिक होने पर रू-15000.00 अर्थदण्ड का प्राविधान है। कही भी फसल अवषेश/पराली की घटना न हो इसके लिए पुलिस विभाग, राजस्व विभाग एवं कृषि विभाग की टीम द्वारा प्रतिदिन संवेदनशील ग्रामों का भ्रमण किया जा रहा है तथा किसानों को पराली न जलाने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

# एसपी ने पुलिस बल के साथ पैदल गस्त कर सुरक्षा का दिया सन्देश

## हरपालपुर कस्बे के भीड़भाड़ व संवेदनशील इलाके में कई गस्त

दैनिक समाज जागरण,आलोक सिंह /हरदोई।पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने मंगलवार की देर शाम हरपालपुर थाने पहुंचकर कस्बे में पुलिस बल के साथ पैदल गस्त करते हुए लोगो को सुरक्षा का एहसास कराया। बताते चले कि नवागंतुक एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी लगातार भृमण करते हुए जनपद के प्रत्येक थाना क्षेत्र में पहुंचकर एक तरफ थाना व कोतवाली में व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं।वही दूसरी तरफ थाना क्षेत्रों की बाजारों,भीड़भाड़ व संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल के साथ पैदल गस्त कर व्यापारियों व आमजन को सुरक्षा का एहसास करा रहे हैं।मंगलवार की देर शाम पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने हरपालपुर थाना क्षेत्र में भीड़भाड़ वाले संवेदीनशील स्थानों, बाजारों एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के आस-पास पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए एवं व्यापारियों, दुकानदारों व प्रतिष्ठित व्यक्तियों से शांति व सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में संवाद स्थापित कर सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाया गया । इस दौरान प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह सहित हरपालपुर पुलिस बल मौजूद रहा ।

# दुकानदार पिता - पुत्र को पीटने वाले कानपुर के दबंग भाजपा पार्षद के खिलाफ कार्रवाई शुरू

*– सिगरेट के पैसे मांगने पर पार्षद और उसके साथियों ने जमकर की थी पिता पुत्र की पिटाई*

*– शिकायत के बाद भाजपा पार्षद और उसके साथियों की तलाश में जुटी पुलिस*

**सुनील बाजपेई**

कानपुर' यहां सत्ता के नशे में चूर भाजपाई गुंडई से भी बाज नहीं आ रहे हैं । रायपुरवा के बाद चकेरी थाना क्षेत्र में भी एक भाजपा पार्षद ने जमकर गुंडई की । उसने सिगरेट के पैसे मांगने पर दुकान दार पिता पुत्र को बेरहमी से पीटा। यही नहीं वीडियो बनाने के शक में दुकानदार की पत्नी से भी अभद्रता की गई। घटना के बारे में प्राप्त विवरण के अनुसार चकरी थाना क्षेत्र के सनिगवां तिरंगा चौराहा निवासी अजय गुप्ता की घर के पास ही परचून की दुकान है। मौके पर पहुंची पुलिस को उन्होंने बताया कि तड़के वार्ड 62 के भाजपा पार्षद भवानी शंकर राय के समर्थक सिगरेट खरीदने पहुंचे। आरोप है कि उन्होंने जबरन दुकान खुलवाकर सिगरेट ली और 30 रुपये के बदले 15 रुपये ही दिए। उन्होंने विरोध किया तो आरोपितों ने पिता-पुत्र को पीट दिया। कुछ देर बाद भाजपा पार्षद भवानी शंकर राय अपने भाई भीमाशंकर के साथ पहुंचे। जिसके बाद पार्षद ने समर्थकों के साथ मिलकर पिता-पुत्र के साथ दोबारा मारपीट की। वहीं दूसरी ओर पार्षद भवानी शंकर राय का कहना है कि दुकानदार पूरी रात दुकान खोलकर मादक पदार्थ बेचता है। उन्होंने किसी के साथ मारपीट नहीं की है। फिलहाल पुलिस घटना में शिकायत के आधार पर कार्रवाई में जुटी हुई है ।

# केंद्रीय राज्य मंत्री प्रहलाद पटेल, ने किया रानी अवंती बाई लोधी की प्रतिमा का अनावरण

*कोई भी महान व्यक्ति किसी जाति विशेष का नहीं बल्कि सारे समाज का होता है,,,, प्रहलाद पटेल*

रायसेन। जिला मुख्यालय स्थित खेल स्टेडियम के सामने मंगलवार को रानी अवंती बाई लोधी की प्रतिमा का अनावरण केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा किया गया, इस अवसर पर श्री पटेल एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर चौधरी ने प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की। उक्त कार्यक्रम नगर पालिका की ओर से रखा गया, जिसमें लोधी समाज के लोगों ने भी सहभागिता निभाई। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल ने रानी अवंती बाई प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कोई भी महान व्यक्ति किसी समाज विशेष का नहीं होता बल्कि वह सारे समाज का होता है उन्होंने रानी अवंती बाई की जन्मस्थली वरगी से लेकर उनके द्वारा दिए गए देश के लिए योगदान का भी विस्तार से हवाला देते हुए कहा कि कई बार रानी अवंती बाई ने अंग्रेजों से लोहा लिया और उन्होंने कभी हार नहीं मानी, उन्होंने इस मौके पर मौजूद लोधी समाज के लोगों को आह्वान करते हुए कहा कि



अब आपकी है जिम्मेदारी है कि रानी अवंती बाई लोधी की प्रतिमा की साफ सफाई और देखरेख जिम्मेदारी के साथ करें प्रशासन या नगर पालिका के भरोसे नहीं रहे है आपकी भी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभु राम चौधरी ने भी संबोधित करते हुए रानी अवंती बाई के चरित्र पर प्रकाश डाला । इस अवसर पर कार्यक्रम में जिला भाजपा संगठन प्रभारी सुधीर अग्रवाल, जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता नरेंद्र सिंह कुशवाह, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता जमना सेन, भूपेंद्र सिंह वर्मा, कन्हैयालाल सूरमा, श्रीमती मंजू धीरेंद्र सिंह कुशवाह, लोधी समाज के जिला अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह भदोरिया, श्रीमती वर्षा लोधी, प्रीतम सिंह लोधी सहित समाज के अनेक लोग मौजूद रहे।

# श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ की प्रदेश कार्य समिति बैठक के साथ सम्मान समारोह आयोजित

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

बिलासपुर। दिनांक 1 अक्टूबर को बिलासपुर उच्च विश्राम गृह में छ ग श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ बिलासपुर इकाई के द्वारा प्रदेश कार्य समिति की बैठक एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम रखा गया था जिसमें प्रेस क्लब बिलासपुर के नवनिर्वाचित पदाधिकारी एवं चर्चित समाजसेवियों का साल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया । उक्त कार्यक्रम में कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष आसिफ इकबाल, प्रदेश महासचिव बी डी निजामी, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष गेंदलाल शुक्ला, विजय लांड़गे, अविनाश सिंह ठाकुर, प्रदेश सचिव इजहार अहमद सिद्दीकी, प्रदेश उपाध्यक्ष शशांक दुबे, प्रदेश सलाहकार महेश तिवारी, इंदर कोटवानी, प्रदेश संगठन सचिव राधेश्याम कोरी, कृष्ण सिंह बाबा, अनिल आहूजा, संयुक्त सचिव श्याम भोजवानी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुरेंद्र कपूर (काके) खगेंद्र यादव संभागीय महासचिव उमाशंकर साहू, संभागीय सचिव विनोद श्रीवास्तव, की गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरूआत हुई। जिसमें संगठन के अध्यक्ष आसिफ इकबाल ने कहा सदस्यों को भ्रमण करने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही सात सदस्यीय टीम का गठन किया गया। जिसमें इंदर कोटवानी, महेश तिवारी, इजहार अहमद सिद्दीकी, राधेश्याम कोरी, कृष्ण सिंह बाबा, लक्ष्मी प्रीति सोनी को इस टूर प्रभार समिति में शामिल किया गया है। यह समिति भ्रमण के स्थान समय खर्च के संबंध में संपूर्ण जानकारी आपस में चर्चा कर संगठन प्रमुखों को इसकी जानकारी देंगे। प्रदेश महासचिव बी डी निजामी ने कहा की संघ को एक जुट बनाए रखते हुए आपसी भाईचारा एवं नवीनीकरण के संबंध में विस्तार से चर्चा की। संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी विजय लाड़गे एवं गेंदलाल शुक्ल ने बैठक को संबोधित किया। कार्य समिति की बैठक के समापन पश्चात बिलासपुर प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित



पदाधिकारियों जिसमें अध्यक्ष इरशाद अली, उपाध्यक्ष संजीव पांडे, सचिव दिलीप यादव, सहसचिव दिलीप जगवानी, कोषाध्यक्ष प्रतीक वासनिक, कार्यकारिणी सदस्य गोपी नाथ डे का गर्म जोश से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। प्रेस क्लब बिलासपुर के नवनिर्वाचित पदाधिकारी के सम्मान के बाद बिलासपुर संभाग के चर्चित समाजसेवियो एवं अधिवक्ताओं का भी सम्मान किया गया जिसमें एमडी शर्मा वरिष्ठ अधिवक्ता, राम प्रसाद सूर्यवंशी सरपंच ग्राम पंचायत चिचिरदा, डॉ. दिलीप कुमार लहरे बिल्हा, ज्योति भूषण गौड़, फैज काजी अधिवक्ता रहे,। सम्मान समारोह के दौरान बिलासपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष इरशाद अली एवं प्रेस क्लब के कानूनी सलाहकार वरिष्ठ अधिवक्ता एमडी शर्मा ने भी विस्तार से चर्चा किया। छ.ग.श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ जिला इकाई के सहयोग से आयोजित कार्य समिति की बैठक में सर्वश्री महेश तिवारी, संतोष साहू, राधेश्याम कोरी, उमाशंकर साहू , लक्ष्मी प्रीति सोनी, विनोद वर्मा, नीलकांत खटकर, रघु यादव, विजय सुमन, हरिओम श्रीवास सहित अन्य जिलों के पत्रकार साथी जिसमें जिला अध्यक्ष एमसीबी सुरेश मिनोचा, जांजगीर-चाम्पा आशीष दुबे, महासचिव हरीश राठौर, अंबिकापुर अखिलेश जायसवाल, सूरजपुर अजय चक्रधारी, हिराजी राव सदाफले,प्रकाश थवाईत, वीरेंद्र राठौर, विनय अग्रवाल, शत्रुघ्न बंजारे आदि संगठन के साथी रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन महेश तिवारी ने एवं कार्यक्रम का आभार राधेश्याम कोरी ने किया।

# आम आदमी पार्टी से बिलासपुर प्रत्याशी डॉ.उज्वला पहुंची रतनपुर की मां महामाया मंदिर से मत्था टेक की चुनाव प्रचार की शुरूआत

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

बिलासपुर। बिलासपुर से आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी बनाए जाने के बाद डॉ.उज्जवला कराड़े ने मंगलवार जिले के रतनपुर में मां महामाया मंदिर में मत्था टेककर अपने चुनाव प्रचार की शुरूआत की। इस दौरान उन्होने महामाया मां से आने वाले लोकसभा चुनाव में देश में केजरीवाल सरकार बनने और बिलासपुर में आम आदमी पार्टी की जीत का आशीर्वाद मांगा। बता दें कि उज्वला कराड़े के नाम की घोषणा होने के बाद मंगलवार को उज्वला रतनपुर में मां महामाया के दरबार पहुंची इस दौरान उनके साथ देवेंद्र कुर्रे जिला उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ,ब्लॉक अध्यक्ष नेहा अली , वार्ड अध्यक्ष आजम मिर्जा विक्रम बाकरे तरुण किशोर प्रियंका रवानी , वरिष्ठ कार्यकर्ता संतोष शुक्ला, पवन अग्रवाल, आलोक अग्रवाल मौजूद रहे इस दौरान उज्वला ने कहा कि पूरा देश दिल्ली में केजरीवाल के दिल्ली मॉडल को देख रही है और उसे



अपनाना चाह रही है छत्तीसगढ़ में भी आम आदमी पार्टी को व्यापक समर्थन मिल रहा है इस बार छत्तीसगढ़ में आदमी पार्टी की सरकार बनने जा रही है केजरीवाल और पंजाब सरकार ने गांव गरीब सहित हर वर्ग हर समुदाय के लिए काम किया है इस लिए जनता इस बार प्रदेश में केजरीवाल का माडल अपनाते हुए केजरीवाल सरकार बनाएगी। उन्होने कहा कि इस चुनाव में जीतने के बाद मै बिलासपुर हित में काम करूंगी । और वर्षों से भाजपा कांग्रेस के चंगुल में फंसा बिलासपुर आजाद होगा डॉ उज्वला रतनपुर पहुंचने के बाद भैरव बाबा मंदिर में भी दर्शन किया व बिलासपुर वासियों के लिए सुख शांति की कामना की।

# अ.भा.पत्रकार सुरक्षा समिति की प्रदेश स्तरीय बैठक 2अक्टूबर को राजधानी रायपुर में हुई सम्पन्न

*पत्रकार सुरक्षा कानून पूर्ण रूप से छत्तीसगढ़ में लागू हो उसके लिए रायपुर में आंदोलन की रूपरेखा बनाई गई।*

*अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति का प्रदेश स्तरीय विस्तार किया गया ।*

*पत्रकार सुरक्षा का अधूरा कानून बनाने को लेकर अ.भा.पत्रकार सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न ।*

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

रायपुर। छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा पत्रकार संगठन अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति की छत्तीसगढ़ इकाई की एक दिवसीय बैठक राजधानी रायपुर में 2अक्टूबर को सम्पन्न हुई बैठक में संगठन ने पहले सेशन में पत्रकार सुरक्षा कानून को लेकर चर्चा की गई और उसके बाद दूसरे सेशन में संगठन का विस्तार किया गया। छत्तीसगढ़ में पत्रकार सुरक्षा कानून पूर्णरूप से जल्द लागू हो उसके लिए रायपुर के बैठक में आंदोलन की रूपरेखा बनाई जाएगी और इस कानून में जो पत्रकार हित के मुद्दे छूट गए ही उनको भी शामिल किए जाने प्रयास भी किया जायेगा संगठन की प्रदेश स्तरीय बैठक में प्रदेश के कई जिलों से पदाधिकारी अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए पत्रकार हित के मुद्दो में अपना अपना पक्ष रखा जिसमे सबसे पहले राज्य में पत्रकार सुरक्षा कानून जो अधूरा जान पड़ता हैं उसमे एमिटमेंट करने की आवश्यकता महसूस की गई पत्रकारों के पक्ष के ऐसे बहुत सी बाते इस कानून में नही जोड़ी गइ इस कानून से ऐसा लग रहा है की सरकार एवम प्रशासन दोनो मिलकर पत्रकारों पर शिकंजा कसने का कार्य कर रहे है जिसके फलस्वरूप इसमें बहुत सी बातों का जिक्र नही है जिससे पत्रकार स्वतंत्र रूप से पत्रकारिता कर सके इसलिए इस कानून में बहुत से बदलाव की जरूरत है। अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति छत्तीसगढ़ में संगठन का विस्तार को लेकर भी चर्चा की गई जिसमे पूर्व



की प्रदेश एवम जिलों की समीतियो को भंग कर नए सिरे से समिति का विस्तार किया गया जिसमे प्रदेश कार्यकारणी,जिले की कार्यकारणी का गठन किया गया ।इस बैठक में राष्ट्रीय पदाधिकारी श्री राकेश प्रताप सिंह परिहार,राष्ट्रीय महासचिव महफूज खान,प्रदेश संयोजक कमलेश स्वर्णकार, की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष गोविंद शर्मा के द्वारा संघ का विस्तार किया गया जिसमे उपाध्यक्ष- पुष्पा रोकड़े ,दीपक साहू,राजेश यादव, डी पी गोस्वामी, प्रवीण निशी, सचिव - नाहिदा कुरैशी,क्रांति रावत,राकेश तांबोली,विनोद नेताम,शैलेंद्र सिंह,आनंद साहू,प्रदेश कोषाध्यक्ष उत्पलसेन गुप्ता,प्रदेश संगठन मंत्री - सिकंदर खान,रामेश्वर प्रसाद वैष्णव,अमित संतवानी सहसचिव - कोशलेंद्र यादव,नरेंद्र चौबे,गोविन्द तिवारी,इसके अलावा रायपुर जिलाध्यक्ष - प्रेम सोनी,कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश दुबे,दुर्ग जिलाध्यक्ष - धर्मेंद्र गुप्ता,कांकेर जिलाध्यक्ष - मनोज जायसवाल, खैरागढ़ जिलाध्यक्ष - अरुण भारद्वाज,सुकमा जिलाध्यक्ष - ज्ञानवती भदौरिया,बालोद जिलाध्यक्ष कृष्णा गंजीर,कोरबा जिलाध्यक्ष - अरुण शेंडे कोरबा संयोजक अजय राय,कोरबा संरक्षक हरीराम चौरसिया,नवरत्न शर्मा रायगढ़ जिलाध्यक्ष,सुशील बखला अम्बिकापुर जिलाध्यक्ष,राजेश सोनी सूरजपुर जिलाध्यक्ष,सुरजीत रैना मनेद्रगढ़ जिलाध्यक्ष,नरेश चौहान सारंगढ़ जिलाध्यक्ष,ज्ञानेश तिवारी गरियाबन्द जिलाध्यक्ष,पद पर मनोनीत किया गया इसके अलावा बैठक में प्रदेश से संगठन के पत्रकार शामिल हुए।

# राजधानी भोपाल में सीएम शिवराज सिंह चौहान ने किया मीडिया सेंटर का भूमि पूजन, प्रदेश भर के जुटे पत्रकार

*पत्रकारों में लिखने की हिम्मत हो और सुनने का संस्कार होना चाहिए,,,, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान*

**सीएल गौर, संभागीय, ब्यूरो,समाज जागरण**

भोपाल/ रायसेन। राजधानी भोपाल के मालवीय नगर में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्टेट मीडिया सेंटर का भूमिपूजन किया एवं मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पत्रकारों को कई सौगातें दी साथ ही कहा कि पत्रकारों में लिखने की हिम्मत और सुनने का संस्कार होना चाहिए, विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्टेट मीडिया सेंटर का भूमिपूजन किया। हालांकि पत्रकार भवन का मामला अभी हाई कोर्ट में चल रहा है और कोर्ट के नोटिस पर सरकार ने कोई जवाब नही दिया है। भूमि पूजन कार्यक्रम के लिए प्रदेश भर से पत्रकारों को बुलाया गया था। सीएम ने कहा कि पत्रकारों में लिखने की हिम्मत और सुनने का संस्कार होना चाहिए। पत्रकार लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ है। पत्रकारिता कठिन परिश्रम और ज्ञान का सागर होती है। समाज की कुरीतियों को पत्रकारिता ने तोड़ा है। पत्रकारिता एक धर्म होता है। सीएम ने कहा कि हमने युद्ध में तपते पत्रकार देखे हैं हमारी जान पर खेल कर अपना धर्म निभाते पत्रकार देखे हैं विपत्ति में जब लोग सुरक्षित स्थान खोजते है तब पत्रकार समाधान खोजते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मीडिया का स्वरूप बहुत बदल गया है हमने आजादी की लड़ाई लड़ते पत्रकार देखे हैं। सीएम ने स्टेट मीडिया सेंटर को लेकर कहा कि यह सेंटर पत्रकारिता के छात्रों के लिए गुरुकुल होगा, आप एक नए आंगन



में प्रवेश करेंगे उन्होंने कहा कि स्टेट मीडिया सेंटर एक नया इतिहास रचेगा।

**पांच महिला पत्रकारों को हर साल फैलोशिप दी जाएगी,,,,**

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में पत्रकारों के लिए घोषणाएं भी की। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 70 साल से अधिक की आयु वाले वरिष्ठ पत्रकारों को स्थाई अधिमान्यता कार्ड दिया जायेगा। मध्य प्रदेश में महिला विकास एवं कल्याण के कार्यों पर अध्ययन करने के लिए माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय एवं संस्थान, जनसम्पर्क विभाग के सहयोग से प्रतिवर्ष 5 महिला पत्रकारों को फैलोशिप दी जाएगी। वहीं, छोटे अखबारों को भी एक महीना छोड़ कर विज्ञापन देने की ने घोषणा की।

**6 हजार 981 वर्गफीट में बनेगा मीडिया सेंटर,,,,**

स्टेट मीडिया सेंटर 66 हजार 981 वर्गफीट में बनेगा। इसमें एक्जीविशन हॉल, ऑर्ट गैलरी, ऑडिटोरियम, प्रेस कॉन्फ्रेंस कक्ष, बेंक्वेट हॉल, बेडमिंटन कोर्ट, रेस्टोरेंट, लायब्रेरी, मल्टी मीडिया रूम, जिम्नेजियम, इण्डोर गेम हॉल, वर्क स्पेस बनेगा। मीडिया सेंटर में रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम, सोलर पैनल की सुविधा रहेगी। आयोजित किए गए कार्यक्रम में राजधानी भोपाल सहित पूरे प्रदेश भर से पत्रकार साथी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री का आगमन आज,22 जवानों को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन सहित मेडिकल, लॉ कालेज की रखेंगे आधारशिला

*131 करोड़ के विकास कार्यों का करेंगे भूमिपूजन*

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(04 अक्टूबर )मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का आगमन आज बालाघाट हो रहा है जिसमे दो महिला नक्सली को ढेर करने वाले 22 जवानों को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन देने के साथ मेडिकल कॉलेज समेत जिले को करोड़ो की सौगात देंगे।

**मुठभेड़ में दो महिला नक्सली हुई थी ढेर**

हॉक फोर्स के जवानों ने 22 अप्रैल को दलम में एरिया कमांडर और गार्ड



रही दो बड़ी महिला नक्सलियों को मार गिराया था। दोनों ही महिला नक्सलियों पर 14-14 लाख रुपए का इनाम घोषित था। गढ़ी थाना अंतर्गत कदला के जंगल में हुई मुठभेड़ में हॉकफोर्स की टीम ने दो बड़ी महिला नक्सली भोरम देव में एरिया कमांडर, टांडा दलम और वर्तमान में विस्तार दलम में काम कर रही एसीएम सुनीता और नक्सली कबिर की गार्ड रही।

**मेडिकल एवं लॉ कालेज की रखेंगे आधारशिला**

जिले की बहुप्रतिक्षित मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति के बाद लंबे समय से इसके भूमिपूजन को लेकर मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान का इंतजार था, जो 4 अक्टूबर को खत्म हो जाएगा। आयोजन स्थल से ही डोंगरिया में बनने वाले मेडिकल और लॉ-कॉलेज की आधारशीला रखेंगे। उन्होंने बताया कि विगत लंबे समय से बालाघाट में मेडिकल कॉलेज की मांग हो रही थी, हमने जनता से वादा किया था कि मेडिकल कॉलेज बालाघाट को दिलवाकर ही दम लेंगे ओर जो कहा-सो किया। इसके अलावा लगभग 131 करोड़ के विकास कार्यों का भी भूमिपूजन किया जायेगा।

# जंगली सूअर के मांस सहित तीन आरोपी धराएं, तीनों को भेजा गया जेल, तीन फरार

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(04 अक्टूबर )कटंगी वनपरिक्षेत्र के अलग-अलग सर्कल में वनअमले ने ग्राम चांदाडोह में संयुक्त रूप से तीन घरों में दबिश देकर जंगली सुअर का मांस सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तीन अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए। मंगलवार को कटंगी न्यायालय में तीनों आरोपितों को पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। वन विभाग के अनुसार,



मुखबिर की सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम चांदाडोह में कुछ लोगों ने जंगल से जंगली सुअर का शिकार कर लिया है और उसका मांस काटकर उसे पकाया जा रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में आरोपितों को पकड़ने के लिए टीम का गठन किया गया।उसके बाद जयसिंह पिता भूरेलाल कड़पेती, मेहरलाल पिता भूरेलाल कड़पेती व विजय पिता हरिकिशन चौधरी सभी निवासी ग्राम चांदाडोह के घर में जाकर घेराबंदी करके तीनों को हिरासत में लेकर उनके घर से मका हुआ मांस, गंजी बर्तन के साथ जब्त किया गया।

**फरार आरोपियों की तलाश जारी**

वनपाल तिरोड़ी ओपी जगने ने बताया कि जंगली सुअर का मांस के साथ तीन आरोपितों को हिरासत में लेकर मंगलवार को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। फरार चल रहे तीन अन्य आरोपितों को पकड़ने के लिए टीम का गठन कर पतासाजी की जा रही है। जल्द ही पकड़े जाएंगे। ग्राम चांदाडोह में रविवार की रात में आरोपितों पर कार्रवाई उप वनमंडल अधिकारी बीआर सिरसाम व वन परिक्षेत्र अधिकारी बाबूलाल चढार के निर्देशन में की गई। उक्त सभी आरोपियों के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

# स्वस्थ व मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान आवश्यक

*पहले आम चुनाव में पहली बार 45.7 प्रतिशत मतदाता वोट डाले*

*हर वोट देश के नवनिर्माण में महत्वपूर्ण*

छत्तीसगढ़ रायपुर । देश की आजादी के बाद सबसे बड़ी क्रांति यह थी कि लोक सभा तथा राज्यों की विधान सभाओं के निर्वाचन के लिए सार्वजनिक वयस्क मताधिकार को अपनाया गया। घोर पिछड़ेपन, घोर दरिद्रता तथा घोर निरक्षरता वाले, नए-नए स्वाधीन हुए देश में हर नागरिक को जिसकी आयु 21 वर्ष से कम न हो (अब घटाकर 18 कर दी गई है) और जो किसी विधि के अधीन अनिवास, चित्तविकृति, अपराध या भ्रष्ट अवैध आचरण के आधार पर अन्यथा अयोग्य न हो, वोट का अधिकार देना संविधान निमार्ताओं के लिए एक बहुत बड़ी आस्था और जनसाधारण में विश्वास का काम था (अनुच्छेद 326)। अनुच्छेद 324 कहता है कि एक निर्वाचन आयोग होगा। वह संसद और प्रत्येक राज्य विधानमंडल के वास्ते तथा राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति के पदों के वास्ते सभी निर्वाचनों का अधीक्षण, निदेशन और नियंत्रण करेगा। देश की आजादी के बाद जुलाई 1948 को ही भारतीय नेताओं ने चुनावी प्रक्रिया की तैयारियां शुरू कर दी थी। हालांकि, तब-तक चुनाव कराने के लिए कोई कानून नहीं थे। डॉ. भीमराव अम्बेडकर के नेतृत्व में, ड्राफ्टिंग कमिटी (मसौदा समिति) ने कड़ी मेहनत कर संविधान का मसौदा तैयार किया था, जो 26 नवंबर, 1949 को पारित हुआ। हालांकि, इसे लागू 26 जनवरी, 1950 से किया गया। भारत को उस दिन चुनाव कराने के लिए नियम और उप-नियम मिले और देश आखिरकार ह्यभारत गणराज्यह्ल बना। यह एक असाधारण सफर की महज शुरूआत थी। वैसे तो 15 अगस्त 1947 को भारत आजाद हो गया था लेकिन पहले चुनाव 1951 में हो पाए। यह जानना जरूरी है कि आजाद भारत के पहले आम चुनाव 25 अक्टूबर, 1951 और 21 फरवरी, 1952 के बीच हुआ था। संविधान लागू होने के बाद निर्वाचन आयोग का गठन किया गया। चुनाव कराने की जिम्मेदारी भारतीय नौकरशाह, सुकुमार सेन को दी गई। इस तरह वे भारत के पहले मुख्य चुनाव आयुक्त बने। इसमें सबसे बड़ी चुनौती थी भारत की आबादी, जो उस समय करीब 36 करोड़ थी। दुनिया की आबादी का करीब 17 फीसदी हिस्सा मतदान करने वाला था। यह उस समय का सबसे बड़ा चुनाव था। चुनाव में करीब 1,874 उम्मीदवार और 53 राजनैतिक पार्टियां उतरी थीं, जिनमें 14 राष्ट्रीय पार्टियां थीं और इन दलों ने 489 सीटों पर चुनाव लड़े थे। संविधान के लागू होने पर, भारत ने वोट डालने के लिए उसी उम्र को योग्य माना जो दुनिया भर में अपनाई जा चुकी थी। इससे 21 साल से ज्यादा उम्र वाले लगभग 17.3 करोड़ लोग वोट डालने के लिए योग्य पाए गए। जनगणना के आंकड़ों के आधार पर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र तय किए जाने थे, जो 1951 में हो पाया। अशिक्षित आबादी, चुनाव चिह्न डिजाइन, मतपत्र और मतदान पेटी, मतदान केंद्र आदि समस्या व चुनौती थी। साथ ही यह पक्का करना था कि मतदान केंद्रों के बीच सही दूरी हो। मतदान अधिकारियों को नियुक्त कर प्रशिक्षण सहित अनेक परेशानियों औड्ट चुनौतियों का सामना भी करना पड़ा। हालांकि इन चुनौतियों को पार करने में समय लगा। आखिर में जब चुनाव हुए, तो योग्य आबादी में से 45.7 प्रतिशत मतदाता, पहली बार वोट डालने के लिए अपने घरों से बाहर निकले। इस तरह भारत, दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र बना, जहां लोगों ने, लोगों के लिए एक सरकार चुनी। एक वोट या एक मतदान देश व प्रदेश के लिए क्या उपयोगी साबित होगी? मतदान का महत्व कितना है ? और क्यों हैं ? इस विषय पर अनेक पुस्तकें लिखे जा चुके हैं, लेकिन क्या देश व प्रदेश हित के लिए मतदान करना वास्तव में एक जरूरी है? ऐसे सामान्य प्रश्न में ही गम्भीर उत्तर छुपा हुआ है। जिस तरह से फसलों के लिए पानी, पानी के लिए पेड़-पौधे-हरियाली, खेती लिए इंसान की जरूरत है और इंसान के लिए अनाज-पानी, आवास, शिक्षा, अस्पताल, सड़क, बिजली, रोजगार जैसी बुनियादी जरूरतों की आवश्यकता होती है। ऐसे में स्वस्थ व मजबूत लोकतंत्र के लिए प्रत्येक वोट महत्वपूर्ण है। निर्वाचन आयोग, राजनीतिक दलों व आम मतदाताओं की भूमिका, सक्रियता,संवेदनशीलता से भरे होते हैं। अलग-अलग वर्ग के मतदाताओं को कई बार भ्रम की स्थितियों का सामना करना पड़ता है। इस पर निर्वाचन आयोग लगातार सुधार व नियम-प्रक्रियाओं में संशोधन समय-समय पर करते हैं ताकि मतदाता आसानी से अपने मत या वोट के महत्व को बेहतर तरीके से समझ सके। लोकतंत्र की सफलता तभी होगी जब लोग मतदान करेंगे। देश की प्रगति के लिए सबको मिलकर वोट देना चाहिए। मतदान सभी का संवैधानिक अधिकार है। इसका उपयोग सभी लोगों को स्वेच्छा के साथ करना चाहिए। हम खुशनसीबों में से हैं कि हमें सरकार चुनने का अधिकार मिला है। हमें इसकी सराहना और कदर करनी चाहिए। यह भारतीय लोकतंत्र की खूबसूरती ही है कि कोई हवाई जहाज का मालिक हो या ठेला चलाने वाला आम नागरिक, सबको वोट देने का अधिकार है। सभी का मत बराबर है। अतएव देश व प्रदेश के समुचित विकास, स्वस्थ व मजबूत लोकतंत्र के लिए हर मतदाताओं को मतदान करना आवश्यक है।

# चांगोटोला संकुल के अतिथि शिक्षकों ने 05 माह से बकाया मानदेय दिलाने के लिए सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(04 अक्टूबर )बालाघाट विकासखंड अंतर्गत चांगोटोला संकुल के स्कूलों में कार्यरत अतिथि शिक्षकों ने मानदेय की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। अतिथि शिक्षक ने बताया कि एक ओर सरकार वर्ग अनुसार अतिथि शिक्षकों के मानदेय बढ़ाने की बात करती है, तो वहीं दूसरी ओर अतिथि शिक्षकों को मानदेय के लाले पड़े हुए है। हालत यह है कि अध्यापन करवाने के बावजूद मानदेय नहीं मिलने से अतिथि शिक्षकों को आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि बीते 2022 में मार्च-अप्रैल और इस वर्ष 2023 में जुलाई,अगस्त और सितंबर माह का मानदेय उन्हें नहीं मिला है। जब भी मानदेय को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा करते है तो वह टाल देते है। उन्होंने बताया कि बीते वर्ष के दो माह और इस वर्ष के तीन माह का मानदेय नहीं मिलने से अतिथि शिक्षकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन के माध्यम के हमने मांग की है कि हमें जल्द से जल्द मानदेय दिलाया जाए।

# चंडीगढ़ में जबरदस्त सड़क हादसा

## तेज रफ़्तार रेनॉल्ट डस्टर कार के पेड़ से टकराने से उड़े परखच्चे

विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़, 03 अक्टूबरः चण्डीगढ़ में जैसे - जैसे दो पहिया से चार पहिया वाहनों में बढोतरी हो रही है। यहाँ उससे अधिक सड़क हादसे होने लगे हैं। सड़क हादसे तो थम नहीं रहे। अब शहर के सेक्टर 27- सी उद्योगपथ के पास एक तेज रफ्तार रवश कार का कहर देखने को मिला है। यहां एक रेनॉल्ट डस्टर कार अपनी तेज रफ़्तारी में इतनी अनियंत्रित हो गई कि पहले दो लोगों को टक्कर मार दी और फिर इसके बाद डिवाइडर पर चढ़कर एक पेड़ से जा टकराई। कार की पेड़ से टक्कर काफी जबरदस्त रही। कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए।

वहीं कार के पेड़ से टकराने की आवाज इतनी भीषण थी कि आसपास घरों से लोग बाहर निकलकर भागते दिखे। थोड़ी ही देर में मौके पर काफी भीड़ लग गई। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची और आगे की कार्रवाई की। हादसे में खास जानकारी यह मिल रही है कि यह कार हरियाणा के पूर्व डिप्टी एडवोकेट जनरल मनीष देशवाल की है। कार का नंबर -त्थ्फ़04त्थ्-0006 है। हालांकि, इससे पहले शुरूवाती जानकारी में यह कार हरियाणा के मौजूदा एडवोकेट जनरल की बताई गई थी।

चंडीगढ़ में सड़क हादसे थम नहीं रहे। अब शहर के सेक्टर 27- सी उद्योगपथ के पास एक तेज रफ्तार रवश कार का कहर देखने को मिला है। यहां एक रेनॉल्ट डस्टर कार अपनी तेज रफ़्तारी



में इतनी अनियंत्रित हो गई कि पहले दो लोगों को टक्कर मार दी और फिर इसके बाद डिवाइडर पर चढ़कर एक पेड़ से जा टकराई। कार की पेड़ से टक्कर काफी जबरदस्त रही। कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए।

वहीं कार के पेड़ से टकराने की आवाज इतनी भीषण थी कि आसपास घरों से लोग बाहर निकलकर भागते दिखे। थोड़ी ही देर में मौके पर काफी भीड़ लग गई। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची और आगे की कार्रवाई की। हादसे में खास जानकारी यह मिल रही है कि यह कार हरियाणा के पूर्व डिप्टी एडवोकेट जनरल मनीष देशवाल की है। कार का नंबर -त्थ्फ़04त्थ्-0006 है। हालांकि, इससे पहले शुरूवाती जानकारी में यह कार हरियाणा के मौजूदा एडवोकेट जनरल की बताई गई थी।

### लड़का-लड़की को मारी टक्कर

बताया जा रहा है, यह हादसा मंगलवार सुबह 9-40 के आसपास हुआ। हालांकि, यह पता नहीं चला है कि कार कहां से आ रही थी। लेकिन जब यह सेक्टर 27 -सी में पहुंची तो यहां पहले एक लड़का-लड़की को टक्कर मारी। इसके बाद तेज रफ़्तारी में आगे बढ़ते हुए थोड़ी ही दूर जाकर मकान नंबर 2403 के पास डिवाइडर पर चढ़ पेड़ से टकरा गई. बताया जा रहा है कि, हादसे में दोनों लड़का, लड़की घायल हुए हैं साथ ही कार में मौजूद शख्स को भी चोट आई है। पुलिस ने तीनों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है।

### चंडीगढ़ के मटका चौक के पास हुआ था भीषण हादसा

इससे पहले हाल ही में चंडीगढ़ के मटका चौक के पास से एक भीषण हादसा सामने आया था। जहां एक तेज रफ्तार ऑटो ने दो साइकिल सवारों को उड़ा डाला था। इस हादसे में एक साइकिल सवार की जान चली गई थी जबकि एक अन्य साइकिल सवार का इलाज अब तक चल रहा है। वहीं जिस समय यह हादसा हुआ उस समय ऑटो में कई सवारियाँ भी थीं। जिन्हें भी चोटें आईं थीं। हादसे के आरोपी चालक पर कार्रवाई की जा रही है।

# भारत जोड़ो यात्रा की तर्ज़ पर जारी किया गया अभियान ।

**बेरोजगारी, अग्निवीर सेना भर्ती, नशा, सरकारी भर्तियां, विदेश पलायन, शिक्षा व खेल जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी ।**

**हरियाणा के नौजवानों को प्रभावित करने वाले मुद्दों को एक मंच पर लाने की तैयारी में युवा कांग्रेस ।**

**विभिन्न क्षेत्रों में प्रयासरत नौजवानों के अधिकारों की संगठित आवाज बनेगा यह अभियान - दिव्यांशु बुद्धिराजा**

**इस अभियान के तहत संगठनात्मक विस्तार कार्यक्रम व विभिन्न सेलस का भी किया जाएगा गठन ।**

विनोद कश्यप
प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़,03 अक्टूबरः हरियाणा प्रदेश युवा कांग्रेस ने शहजादपुर से ह्लयुवा जोड़ो-हरियाणा जोड़ोह्व अभियान की शुरूआत की व पत्रकार वार्ता कर इस अभियान बारे विस्तृत जानकारी दी । पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए युवा कांग्रेस अध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है कि प्रदेश युवा कांग्रेस आने वाले दिनों में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में प्रयासरत युवाओं को एक साथ संगठित करके उनसे जुड़े विभिन्न मुद्दों को सरकार के समक्ष प्रखरता से उठाने का कार्य करेगी। यह एक ऐसा अनोखा कार्यक्रम होगा जिसके माध्यम से हर वर्ग का युवा एक मंच पर आएगा और अपनी समस्या व अधिकारों की आवाज को दृढ़ता से सरकार के समक्ष रखेगा
उन्होंने प्रदेश के युवाओं को प्रभावित करने वाले सात मुख्य मुद्दे बेरोजगारी, अग्निवीर सेना भर्ती, नशा, सरकारी भर्तियाँ, विदेशी पलायन, शिक्षा, खेल आदि के तहत नौजवानों को इस अभियान के तले जोड़ने की बात कही , उन्होंने बताया कि प्रदेश का युवा आज इन समस्याओं से जूझ रहा है, और इन समस्याओं का क्या समाधान हो सकता इस विषय पर युवा कांग्रेस इस अभियान के माध्यम से युवाओं के बीच जाकर संवाद कार्यक्रम करेगी ।
उन्होंने कहा कि हम एक युवा राष्ट्र है, और अगर किसी प्रदेश का युवा अगर हर समय दिक्कत और परेशानियों से ही घिरा रहेगा तो फिर उस प्रदेश का न तो कोई विकास हो सकता और न ही उस प्रदेश का कोई भविष्य सोचा जा सकता है, इसलिए युवा जोड़ो-हरियाणा जोड़ो अभियान के माध्यम से युवा कांग्रेस इन सभी विषयो पर युवाओं के साथ संवाद करेगी और उन समस्याओं के लिए सरकार से संघर्ष भी करेगी
उन्होंने कहा कि एचएसएससी/एचपीएससी द्वारा भर्ती परीक्षाओं में किया जा रहा भ्रष्टाचार, लापरवाही व गलत कायदे-कानून से की जा रही भर्तियों के खिलाफ भी हरियाणवीं युवाओं को लामबंद कर सरकार पर नकेल कसने का कार्य इस अभियान के माध्यम से करेगें।
उन्होंने बताया कि इस अभियान में इसके साथ साथ संगठन विस्तार कार्यक्रम भी किए जाएँगे , जिसमें जिला,विधानसभा व ब्लॉक इकाइयों का गठन व लीगल, डॉक्टर , रीसर्च , आरटीआई आदि सेल के गठन भी इसी अभियान के माध्यम से किए जाएँगे
प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष ने बताया कि इस अभियान के पहले फेज के तहत यह संवाद कार्यक्रम व संगठन विस्तार अभियान अगले 50 दिन में पूरा होगा व प्रदेश की राजनीति में युवा कांग्रेस हरियाणा के युवाओं के इन मुद्दों पर पूरे दम से संघर्ष करते दिखाई देगी।
इस दौरान पत्रकार वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा , हरियाणा युवा प्रभारी प्रदीप सूर्य, हरियाणा सह प्रभारी अरुणा महाजन, प्रदेश महासचिव एवं अम्बाला प्रभारी मुकेश सिरसवाल व इन्द्रपाल विरक ,प्रदेश महासचिव अंकुर मेहता , महासचिव विशाल सैनी, प्रदेश सचिव रोहित शर्मा, प्रदेश सचिव आयुष, प्रदेश महासचिव अक्षय चौधरी, ज़िला अध्यक्ष दुष्यंत चौहान, हल्का अध्यक्ष उधम सिंह , हल्का अध्यक्ष निखिल शर्मा , हल्का अध्यक्ष अतुल कुमार , अधिवक्ता गौरव राज, विनीत नारा, संजय बकशी, केतन भाटिया, उपस्थित रहे ।
बैठक में मार्गदर्शक के तौर पर मौजूद रहे वरिष्ठ कांग्रेस नेता वे पूर्व राज्य सूचना आयुक्त श्री अशोक कुमार मेहता उपस्थित थे।

# पंजाब स्टेट की मासिक डियर लॉटरी का डेढ़ करोड़ रुपये का ईनाम 2 मित्रों ने जीता

विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़ ,अक्टूबरः पंजाब में जालंधर के दो दोस्तों ने पंजाब स्टेट की मासिक डियर लॉटरी का पहला इनाम डेढ़ करोड़ रुपए जीता है। दोनों दोस्तों ने मिलकर लॉटरी टिकट बाजार नंबर-9 में घंटाघर के बाहर लॉटरी विक्रेता से खरीदा था, जिसका रविवार रात को ड्रा निकला। लॉटरी विजेता जोगिंदर उर्फ कुकी और उसके दोस्त रमेश सिंह ने इनाम निकलने के बाद बताया कि वे लंबे समय से मिलकर लॉटरी टिकट खरीदते हैं। कई बार छोटे इनाम निकले पर, लेकिन पहली बार डेढ़ करोड़ का इनाम निकला है। उन्होंने 200 रुपए की 2 लॉटरी टिकट खरीदे थे, जिसमें से एक टिकट पर इनाम निकला है।
कुकी की कपड़े की छोटी दुकान है और वह पहले खुद लॉटरी टिकट बेचा करता था, जबकि उसका दोस्त रमेश सिंह बिजली बोर्ड का सेवानिवृत्त मीटर रीडर है। उन्हें जैसे डेढ़ करोड़ के इनाम निकलने का पता चला तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। वह इन पैसों से अपने बेरोजगार बेटों को रोजगार में लगाएंगे। वहीं, इनाम निकलने के बाद दोनों दोस्तों और लॉटरी विक्रेता को बधाइयाँ मिल रही हैं।

### शत्रुघ्न खेदड़ ने अपने जन्मदिन पर किया पौधारोपण
### पेड़ पौधों के बिना मानव जीवन अधूरा -- शत्रुघ्न खेदड़

हरियाणा/ हिसार (राजेश सलूजा) : उड़ान कैंपस के डायरेक्टर व समाजसेवी शत्रुघ्न खेदड़ ने संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महासभा हिसार के प्रांगण में अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में पौधारोपण किया और छात्र-छात्राओं को पर्यावरण व शिक्षा के बारे में जागरूक किया तथा कम्पीटिशन की किताबें वितरित की ` उन्होंने कहा कि शिक्षा के पथ पर चलकर हम समाज को आगे बढ़ा सकते हैं उन्होंने पर्यावरण पर बोलते हुए कहा कि वर्तमान में बढ़ रहे प्रदूषण के चलते व्यक्ति को सांस लेना मुश्किल हो रहा है बढ़ रहे प्रदूषण पर रोक लगाने हेतु पौधारोपण बहुत ही आवश्यक है पेड़ पौधों के बिना मानव जीवन अधूरा है उन्होंने छात्र छात्राओं से अपने-अपने जन्मदिन पर एक-एक पौधा लगाने का और उस पौधे की समय-समय पर देखभाल किए जाने का आह्वान कियो इस अवसर पर डॉ अजय भार्गव, विनोद, विक्रांत, श्री गुरु रविदास महासभा के प्रधान एसपी चालिया, महासचिव राजकुमार मुवाल, हॉस्टल वार्डन प्रवीण जनागल , कुलबीर , मुकेश मुवाल, सोमबीर, राहुल, ऋषि माथुर व, जयपाल खेदड़ आदि मौजूद रहे

# पंजाब सरकार ने 10 साल पुराने सभी कर्मचारियों को नियमित करने का दिया तोहफा

## प्रदेश के 900 से अधिक कर्मचारी होंगे लाभान्वित

अदिति गौड़ कार्यालय संवाददाता, दैनिक समाज जागरण

चण्डीगढ़, अक्टूबरः मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार ने 10 साल से पुराने कर्मचारियों को रेगुलर करने का फैसला लिया है। इसका फायदा नगर निगम में काम कर रहे 900 से ज्यादा मुलाजिमों को होगा। इनमें डीसी रेट पर काम कर रहे सफाई कर्मियों, सीवरेजमेन, माली - बेलदार, ड्राइवर, सेवादार शामिल हैं।

इस संबंधी रिपोर्ट बनाकर नगर निगम द्वारा सरकार को भेज दी गई है,` जिस पर लोकल बॉडी विभाग की मंजूरी मिलने के बाद इन मुलाजिमों को रेगुलर करने संबंधी कार्रवाई होगी। जानकारी के मुताबिक इन मुलाजिमों को नियुक्ति पत्र जारी करने की प्रक्रिया मुख्यमंत्री भगवत मान के हाथों से शुरू की जा सकती है।

### ऑनलाइन सिस्टम को मिलेगी मंजूरी

10 साल से पुराने मुलाजिमों को रेगुलर करने के लिए ऑनलाइन सिस्टम के जरिए मंजूरी मिलेगी जिसके तहत नगर निगम द्वारा आवेदन भी ऑनलाइन जमा किए गए हैं, उसके साथ मुलाजिमों के आधार कार्ड, बैंक अकाउंट व सैलरी स्टेटमैंट संबंधी रिपोर्ट को अपलोड किया गया है,` जिसके आधार पर मुलाजिमों को रेगुलर करने का फैसला किया गया है। ओवर एज की शर्त हटाई, इसलिए



कर्मचारियों को मिलेगा लाभ
सरकार द्वारा दो साल पहले सफाई कर्मियों, सीवरेजमेन को रेगुलर करने संबंधी जो पॉलिसी जारी की गई थी, उसमें ओवरएज की शर्त लगी होने की वजह से कई मुलाजिम अब तक पक्के नहीं हुए हैं। अब 10 साल से पुराने मुलाजिमों को रेगुलर करने के लिए जो पॉलिसी जारी की गई है, उसमें ओवरएज की शर्त हटा दी गई है जिसके चलते सफाई कर्मियों, सीवरेजमेन को रेगुलर करने का रास्ता साफ हो गया है

# हरियाणा की 2 बॉक्सिंग खिलाड़ी बेटियों को ओलंपिक खेलों में बॉक्सिंग रिंग में अपना जलवा दिखाने का मिला अवसर

विनोद कश्यप,
प्रभारी दैनिक समाज जागरण
पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़, अक्टूबरः हरियाणा के खिलाड़ियों की दुनिया में अपनी एक अलग अलग पहचान है।कितने ही इस प्रदेश के खिलाड़ी अब तक अपनी पहचान बना चुके हैं। प्रदेश में नीरज चोपड़ा जैसे अनेक होनहार खिलाडी हैं। इसी कड़ी में प्रदेश इस बार ओलंपिक के बॉक्सिंग रिंग में भी अपने जलवे बिखेरेगा। पहली बार ओलंपिक के बॉक्सिंग रिंग में हरियाणा की दो होनहार बॉक्सर




बेटियां उतरेंगी।
ज्ञातव्य है कि अगर हम बॉक्सिंग में प्रतिभा दिखाने की बात करें तो अब तक प्रदेश से बॉक्सिंग में बेटे ही ओलंपिक में अपने पंच का दम दिखाते रहे हैं। अब जो बेटियां ओलंपिक के बॉक्सिंग रिंग में जाने वाली हैं वे हैं रुड़की की प्रवीण हुड्डा व महम की प्रीति पंवार। इन दोनों बेटियों ने पहली बार एशियन गेम्स में हिस्सा लेकर ओलंपिक कोटा हासिल किया।

# अम्बाला छावनी के निकट थाना बराड़ा में दर्ज 6 लाख की लूट के मामले में 04 आरोपी गिरफ्तार

## एक की पहचान थाना बराड़ा के गांव सिवन माजरा के रूप में सी.आई.ए.-2 अम्बाला के पुलिस दल ने की कार्यवाही

महेश शर्मा संवाददाता,
दैनिक समाज जागरण

अम्बाला छावनी/ करनाल, अक्टूबरः अम्बाला पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा लूट की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान 02 अक्तूबर 2023 को थाना बराड़ा में दर्ज लूट के मामले में सी.आई.ए.-2 के पुलिस दल ने निरीक्षक संदीप कुमार के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए आरोपी परमिन्द्र निवासी सीता नगर हब्बोवाल लुधियाणा पंजाब, आरोपी दीपक न्यु प्रताप नगर हब्बोवाल लुधियाणा पंजाब, आरोपी प्रवीण निवासी सिवन माजरा थाना बराड़ा जिला अम्बाला व आरोपी आकाश निवासी गाँव मण्डवाल थाना राजौंद जिला कैथल को गिरफ्तार कर माननीय न्यायाल में पेश किया गया '




माननीय न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी दीपक व परमिन्द्र को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया व आरोपी प्रवीण तथा आरोपी आकाश को माननीय न्यायालय से 02 दिन के रिमाण्ड पर लिया गया।

### आरोपियों से वारदात में प्रयुक्त ईनोवा गाडी बा रंग स्काई बल्यु पी बी 10 सी क्यु 0372 बरामद की गई है।

इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता कमलजीत सिहँ निवासी हरगोबिन्दपुरा कालोनी थाना बराडा जिला अम्बाला ने 17 सितंबर 2023 को थाना बराड़ा में शिकायत दर्ज कराई थी कि 16 सितंबर 2023 को अज्ञात लडकों ने गाडी में आकर उसके घर से पिस्टल की नोक पर 6 लाख नकद राशि, 01 कडा सोना, 04 अगुंठियां व मोबाईल लूट कर ले गए हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जिम्मेवारी सी0आई0ए0-2 पुलिस दल को सौंप दी थी।

# हरियाणा कांग्रेस के विधायक मामन खान को नूंह के एक मामले में आरोपी को कोर्ट से मिली जमानत

विनोद कश्यप प्रभारी
दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़, अक्टूबरः नूंह हिंसा मामले में आरोपित किए गए मामले में हरियाणा कांग्रेस पार्टी के विधायक को नूंह के एडीजे ने जमानत दे दी है। मामन खान पर मुकदमा नम्बर 137 और 148 में अदालत की ओर से यह जमानत दी गई है। आपको बत दें कि मामन खान को इससे पहले 149 और 150 नम्बर मुकदमा में भी जमानत मिल चुकी है। उन्हें यह जमानत शनिवार को मिली थी। कोर्ट ने तब उन्हें न्यायिक हिरासत से छूट नहीं दी थी।
सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुकदमा नंबर 137 और 148 में दोनों पक्षों में लम्बी बहस होने के बाद ए डी जे अजय शर्मा ने इंजीनियर मामन



खान के जमानत के आदेश जारी कर दिए। मामन खान 14 दिनों से न्यायिक हिरासत में थे और इन दिनों वो फिरोजपुर झिरका की जेल में बंद थे, जिनकी आज रिहाई हो रही है। इस प्रकार मामन खान को 4 में से 2 मामले में जमानत मिली है।

मामन खान पर पुलिस ने आरोप लगाया था कि नूंह हिंसा के दौरान मामन खान की हिन्सा क्षेत्र में मौजूद दोषी के साथ बातचीत हुई थी और उनके आधार पर ही दोनों पक्षों के बीच झड़प हुई थी। मामन खान ने पुलिस के इस आरोप का तत्काल खंडन करते हुए कहा था कि वो उस समय उस क्षेत्र में मौजूद ही नहीं था और उन्होंने कोर्ट के समक्ष सबूत पेश करते हुए बताया था कि प्रदेश सरकार के पुलिस को इशारे पर ही यह मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा था कि सत्ताधारी पार्टी की राजनीतिक चाल में उन्हें फंसाया जा रहा है। नूंह हिंसा के लिए सरकार ने स्थानीय पुलिस को आरोप के घेरे में लिया था और पुलिस की ओर से हा गया था कि बजरंग दल के नेताओं को बचाने के लिए ऐसे कदम उठाए जा रहे हैं।

### 'बेटियां बेटों से कम नहीं'

# बेटियां बढ़ाती हैं परिवार का सम्मान

## बेटियां ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में परचम लहरा कर बढ़ा रही देश का सम्मान

बिन्देश कुमार पाण्डेय
संवाददाता, दैनिक समाज जागरण

रेवाड़ी, 3 अक्टूबर। बेटी से संपूर्ण परिवार योजना के तहत ललिता मेमोरियल अस्पताल में ऐसे परिवारों को सम्मानित किया गया जिन्होंने अपनी बेटी से ही संपूर्ण परिवार बना लिया है। इस कार्यक्रम में जिले के ऐसे 50 से अधिक अभिभावकों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने एक या दो बेटी को ही अपना संपूर्ण परिवार मानते हुए परिवार नियोजित कर लिया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुरेंद्र यादव ने कहा कि बेटियां किसी से कम नहीं है, बेटियां अपने परिवार का सम्मान बढ़ाती है। खेलों में भी लड़कियों ने विशेष योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि आम आदमी की सोच में परिवर्तन आने लगा है और बेटियों को बेटों से ज्यादा बेहतर मानते हुए अब भेदभाव बहुत हद तक खत्म हो चुका है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में परिवार लड़कों पर ज्यादा निगरानी करता है बजाए लड़कियों के। उनके साथ ही बतौर मुख्य अतिथि जिला कंज्यूमर आयोग के अध्यक्ष संजय कुमार खंडूजा ने बताया कि उनके भी दो बेटियां हैं और उन्होंने भी अपने परिवार को संपूर्ण परिवार माना



है। उन्होंने अनुभव को सांझा करते हुए कहा कि दो बेटियों के जन्म से ही उनके करियर में खुशियां आई थी। उन्होंने कहा कि समाज के लिए उल्लेखनीय योगदान डॉक्टरों की एक अहम पहल है। ऐसे परिवारों को विशेष कंसेशन पर चिकित्सा लाभ देकर देकर लड़कियों के प्रति परिवार को सम्मान प्रदान कर रहे हैं। इस उल्लेखनीय कार्य के लिए उन्होंने जिले के सभी चिकित्सा एवं अस्पताल का विशेष आभार व्यक्त किया कि इस मुहिम में ऐसे परिवारों को विशेष लाभ देकर सम्मानित किया जाना अपने आप में विशेष योगदान है।
कार्यक्रम की जानकारी देते हुए ललित मेमोरियल अस्पताल के संयोजक डॉक्टर घनश्याम दास मित्तल एवं सीमा मित्तल ने बताया कि उन्होंने ऐसे परिवारों को चिकित्सा के लाभ निजी तौर पर दिलाने के लिए यह पहल आज से 7 साल पहले की थी। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत ऐसे परिवारों को एक सर्टिफिकेट जारी किया जाता है जिसमें जिले के सभी चिकित्सक ओपीडी का कोई शुल्क ऐसे परिजनों से नहीं लेते हैं, और उन्हें प्राथमिकता देकर इलाज उपलब्ध कराया जाता है। इसके साथ ही ऐसे परिजन जिले के 20 से अधिक अस्पतालों में अन्य सुविधाओं का भी लाभ ले सकते हैं, जिसमें 50% से लेकर 100% तक छूट दी गई है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत करीब 50 परिजन लाभ उठा रहे हैं और उनका यह प्रयास सदैव जारी रहेगा। इस अवसर पर डॉक्टर पीसी सिंगला, डॉक्टर गजेंद्र यादव, डॉ एन एस यादव, डॉक्टर आतिश सिंगला, सिगनस अस्पताल से डॉक्टर सोनिया, संगीता खंडूजा, डॉक्टर अभिनव यादव, डॉक्टर निर्मल यादव, प्रगतिशील विचारक एवं सामाजिक कार्यकर्ता अशोक प्रधान लोक सेवा मंच ,भूपेंद्र संजीता, कुसुम, प्रिंसिपल सुधा , एडवोकेट अश्वनी तिवारी, त्रिलोकचंद तोंगढ़, सुधा गोयल, कुसुम पल्हावासिया, अमरजीत यादव,अशोक यादव आदि शामिल रहे।

# सर्वोच्च न्यायालय ने हरियाणा में जूनियर सिविल जज के 275 पदों पर जल्द भर्ती करने की जरूरत पर दिया बल

विनोद कश्यप
प्रभारी, दैनिक समाज जागरण
पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़ ,अक्टूबरः सर्वोच्च न्यायालय ने हरियाणा में जूनियर सिविल जज के पद की 275 रिक्तियों को तत्काल भरने की जरूरत पर जोर देते हुए हरियाणा सरकार को भर्ती सुनिश्चित करने के लिए दो सप्ताह के भीतर जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि 275 पदों की ये एक समिति द्वारा आयोजित की जाएगी जिसमें पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के तीन न्यायाधीश शामिल होंगे, जिन्हें वहां के मुख्य न्यायाधीश, राज्य के मुख्य सचिव, हरियाणा के महाधिवक्ता और हरियाणा लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष नामित करेंगे।

गौरतलब है कि हरियाणा सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एक अर्जी दायर की थी जिसमें जूनियर सिविल जजों का चयन, चयन समिति, (जिसमें हाईकोर्ट के प्रतिनिधि शामिल होते हैं) के बजाय राज्य लोक सेवा



आयोग के जरिए कराने की मांग की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार की ओर से दायर अर्जी को खारिज करते हुए कहा कि हाई कोर्ट न्यायिक सेवाओं की जरूरतों को समझने के लिए सबसे उपयुक्त है। जिसके कारण हरियाणा सरकार की अर्जी को स्वीकार नहीं किया जा सकता।

### हरियाणा सरकार की अर्जी को खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चयन प्रक्रिया में शामिल हाई कोर्ट के जजों को विषट्ट की और सेवा की प्रकृति की जानकारी होती है। कोर्ट ने हरियाणा सरकार की अर्जी को खारिज करते हुए कहा कि पहले जो प्रक्रिया अपनाई जा रही थी, उसे हटाने की गारंटी देने के लिए सरकार की ओर

### हरियाणा में अब नए वोटर्स मिलेगा आकर्षक उपहार, जानें क्या है इसकी प्रक्रिया ?

चंडीगढ़. हरियाणा सरकार ने युवाओं एवं महिलाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने पर आकर्षक उपहार देने की अनूठी पहल की है.जहां युवाओं एवं महिलाओं को नए वोट बनवाने पर लकी ड्रा के माध्यम से आकर्षक उपहार दिए जाएंगे. इसके तहत 1 अक्टूबर से 9 दिसम्बर तक वोट बनवाने वालों को 5 जनवरी 2024 को प्रकाशित मतदाता सूची से निकाले ड्रा में लैपटॉप, स्मार्टफोन और पेन ड्राइव दिए जाएगें. इसके अलावा इस अवधि के दौरान नए वोट बनवाने वाले मतदाताओं को टी-शर्ट प्रदान की जाएगी.
मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि एक अक्टूबर से 9 दिसंबर तक नए वोट बनवाने वाले मतदाताओं को 3 लैपटॉप ,2 स्मार्टफोन तथा 100 पेन ड्राईव उपहार के रूप में प्रदान किए जाएगें. उन्होंने कहा कि मतदाता बनने का शुरू हुआ त्योहार ह्लआओ भाग लेकर पाओ आकर्षक उपहार की पहल प्रदेश के पात्र युवाओं एवं महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए शुरू की गई है.

# समर्पित जन सेवक और सजग प्रहरी के रूप में जनकल्याण के लिए कार्य करें जन सेवा मित्र - मुख्यमंत्री श्री चौहान

## *मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जिलों के जन सेवा मित्रों से किया वर्चुअल संवाद*

**रायसेन, 03 अक्टूबर 2023**
मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि युवा जन सेवा मित्र देश और प्रदेश के विकास व जन कल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। जनता और प्रशासन के बीच कड़ी के रूप में युवाओं को जोड़ने के विचार से इस योजना का सूत्रपात हुआ। यह संभवतरू देश का सबसे बड़ा शासकीय इंटर्नशिप कार्यक्रम है। अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री भी इस योजना में रुचि ले रहे हैं और कई प्रदेश इससे मिलते-जुलते कार्यक्रम बना रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज भोपाल में प्रदेश के जन सेवा मित्रों से समत्व भवन से वर्चुअल संवाद कर रहे थे। रायसेन में कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित एनआईसी कक्ष से सीएम फेलो रायसेन श्री आदर्श दुबे सहित अनेक जनसेवा मित्र वर्चुअली शामिल हुए। साथ ही जनपद मुख्यालयों से भी जनसेवा मित्र वर्चुअली शामिल हुए।

**योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं के संबंध में भी फीडबैक दें जन सेवा मित्र**

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जिलों में जन सेवा मित्र बेहतर कार्य कर रहे हैं, और उनके कार्यों की अनुगूंज सुनाई दे रही है। युवा सजग और सक्रिय रहते हुए जरुरतमंद लोगों को विभिन्न योजनाओं से जोड़ कर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। योजनाओं के क्रियांवयन में यदि कोई समस्या आती है, तो शासन प्रशासन को फीडबैक दें। हर 50 घर पर एक जन सेवा मित्र बनाना है, प्रदेश में 3 लाख जन सेवा मित्र बनाने का लक्ष्य है। सजग प्रहरी और समर्पित जन सेवक के रूप में हमें सामाजिक बदलाव के लिए कार्य करना है।

**लाड़ली बहन योजना का कम समय में सफल क्रियान्वयन, प्रशासन की जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता दशार्ता है**

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लाड़ली बहना योजना का कम समय में सफलतापूर्वक क्रियान्वयन प्रदेश के प्रशासन की जनकल्याण के लिए प्रतिबद्धता को प्रकट करता है। जन सेवकों ने ग्राम पंचायत स्तर पर व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से 11 लाख लोगों और महिला चौपाल के माध्यम से 21 लाख से अधिक महिलाओं को जनकल्याणकारी योजनाओं और प्रदेश की अन्य पहलों से जुड़ने के लिए प्रेरित करने का अनूठा कार्य किया है। जनसेवकों की मध्य प्रदेश की नई विकास गाथा लिखने में महत्वपूर्ण भूमिका है।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ महिला शाखा बुढार के चंद्रिका सिंह (रूपा) सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित

विजय तिवारी
समाज जागरण शहडोल।बुढार अनंत चतुर्दशी को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ महिला शाखा बुढार के कार्यकारणी का निर्वाचन संपन्न हुआ, जिसमें चंद्रिका सिंह (रूपा) सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित हुई। अनंत चतुर्दशी को आहुत बैठक में प्रथम पूज्य श्री गणेश जी की अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ महिला शाखा द्वारा पूरे श्रद्धा के साथ विधि-विधान पूर्वक पूजन-अर्चन किया गया, इसके उपरान्त निर्वाचन अधिकारी मंजू सिंह नें निर्वाचन की प्रक्रिया अपनाई, जिसमें चंद्रिका सिंह (रूपा) सर्व सम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित हुई जिनका स्वागत पुष्पगुच्छ देकर निर्वाचन अधिकारी नें किया।
अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ महिला शाखा बुढार जिला - शहडोल के अध्यक्ष पद पर इसके पूर्व चंद्रिका सिंह (रूपा) नें संगठन के मिले दायित्वों का बखूबी निर्वहन की और विविध कार्यक्रमों में बढ-चढकर अपनी सहभागिता निभाई तथा संगठन को गतिशीलता प्रदान की जिन्हें पुनः अध्यक्ष का महत्वपूर्ण दायित्व मिला है।
अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ महिला शाखा बुढार के कार्यकारणी के चुनाव में - वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंजू सिंह, सुमन सिंह, सुषमा सिंह, उपाध्यक्ष अंबिका सिंह, मीनाक्षी सिंह, अन्नुरानी सिंह, भारती सिंह, महासचिव रेखा सिंह (बटुरा), मधु सिंह, अर्चिता सिंह, सचिव रेखा सिंह (कुहू), संध्या सिंह, श मनीषा सिंह, निशा सिंह, सहसचिव महिमा सिंह, प्रभा सिंह, सरिता सिसह कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुई।
निर्वाचन के उपरान्त नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को श्रीफल देकर सम्मानित किया गया, वहीं चुनाव अधिकारी मंजू सिंह को समस्त पदाधिकारी की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों नें सत्य निष्ठा व ईमानदारी के साथ अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प व्यक्त किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष चंद्रिका सिंह नें सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करतें हुये कहाकि - संगठन के मंशानुरूप मिले दायित्व का निर्वहन करना ही हमारी शक्ति है और एकता ही हमारी पूंजी है।

# सिरसा कलार थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुरील ने वारंटी को किया गिरफ्तार

कुठौंद जालौन, सिरसा कलार थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ईराज राजा के कुशल निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकार जालौन रविंद्र गौतम के कुशल मार्गदर्शन में तथा सिरसा कलार प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुरील के कुशल नेतृत्व में सिरसा कलार पुलिस टीम के द्वारा थाना क्षेत्र में रोकथाम जुर्म, चेकिग संदिग्ध व्यक्ति, अपराधियों की चेकिंग के दौरान वारंटी बलवीर सिंह पुत्र कन्हैया लाल निबासी ग्राम जीतामऊ उम्र करीब 59 वर्ष को जीतामऊ से गिरफ्तार किया गया अभियुक्त के खिलाफ सिरसा कलार थाना में मुकदमा अपराध संख्या 503/ 99 व 39/99 धारा 323 / 504 भादवि के तहत गिरफ्तार किया गया



अभियुक्त काफी समय से न्यायालय में तारीख पर नहीं जा रहा था गिरफ्तार करने वाली टीम में मुख्य रूप से थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुरील, उप निरीक्षक अभिलाख सिंह, कांस्टेबल दीपू पाल, कांस्टेबल राकेश, महिला कांस्टेबल सीता देवी आदि ने गिरफ्तार किया जबकि सिरसा कलार थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुरील के कुशल नेतृत्व में कई वांछित अपराधियों को जेल भेजा जा चुका है थाना प्रभारी निरीक्षक के द्वारा रात में लगातार गस्त करने से क्षेत्र में शांति कायम है

# नौनिहाल की जान बचाकर न्यूरो सर्जन ने निभाया अपना फर्ज

उरई जालौन कहते है कि डॉक्टर मरीज के लिए भगवान होता है तो ये कहना गलत नही है एक डॉक्टर सही तरीके से अपना फर्ज अदा करे तो उसे दम तोड़ते मरीज की सांसे लौटाना कोई बढ़ी बात नही है ऐसा ही ग्वालियर के एम के प्लाजा मे डॉक्टर अनिमेष उपाध्याय भी कर रहे है उनका किरदार भी कुछ ऐसा ही है अब तक ना जाने कितने मरीजों को सांसे लौटाकर उन्होंने अपने फर्ज को निभाया है अभी हाल ही में एक गंभीर व नाजुक हालत में माधौगढ़ , जालौन का आदित्य शिवहरे महज 11साल नौनिहाल छत्त से नीचे गिरने के कारण जिंदगी व मौत की लड़ाई लड़ रहा था माता - पिता आँखों में आंसू लिए उस नौनिहाल को जिला अस्पताल उरई ले गये लेकिन मुख्य में चिकित्सीय परीक्षण डॉक्टर व अन्य सुविधाओं का आभाव उस नौनिहाल को उपचार ना दे सका इसके उपरांत उस मासूम को झाँसी के



लिए रेफर किया गया वहाँ भी चिकित्सीय परीक्षण व डॉक्टर का इलाज किफायती साबित ना हो सका पिता मनोज शिवहरे की मायूसी मासूम के लिए अटकलें खड़ी कर रही थी उन्होंने इस दौरान विचार कर ग्वालियर ले जाने का इरादा बनाया पिता ने उस मासूम को गंभीर हालत में एम के प्लाजा के शिखा उपाध्याय के हॉस्पिटल में भर्ती करवा दिया जिसमे मरीजों के लिए अपना करदार अदा करने वाले डॉक्टर अनिमेष उपाध्याय एवं डाक्टर शिखा उपाध्याय, डाक्टर धर्मेंद्र कुमार शर्मा ने उस मासूम की साँसो को टटोला व उपचार शुरू कर दिया एक सप्ताह के इलाज में डॉक्टर ने उस मासूम की स्थिति पहले की तरह कर दिया डॉ अनिमेष उपाध्याय का कहना है कि हमारा फर्ज व दायित्व होता है

# समय से विद्यालय नहीं पहुंचते अध्यापक, बच्चों की पढ़ाई चौपट

माधौगढ़ संवाददाताः- ग्राम भगवानपुरा में बने स्कूलों में अध्यापक समय से नहीं पहुंच रहे जिससे पढ़ने वाले छात्र छात्राओं की पढ़ाई चौपट हो रही है। स्कूलों में तैनात सहायक अध्यापक बिना छुट्टी के गायब रहते हैं। इसके बाद भी इन अध्यापकों में कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति होती है।
सरकार शिक्षा के प्रति सजग है और कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे इसके लिए प्रयास कर रही है। ब्लाक क्षेत्र में कई स्कूल ऐसे हैं जहां अध्यापक स्कूल समय से नहीं पहुंच रहे हैं जबकि स्कूल खुलने का समय सुबह 9 बजे है। इसके बाद भी अध्यापक 11 बजे पहुंचते हैं। इ्सा ही मंगलवार को भगवानपुरा के स्कूलों में देखने को मिला। प्राथमिक विद्यालय व उच्च प्राथमिक विद्यालय में 90 छात्र पंजीकृत हैं मौके पर प्राथमिक में 33 एवं उच्च प्राथमिक में 38 छात्र मौजूद थे। मौके पर प्रेमलता कुशवाहा बच्चों को शिक्षण कार्य करवा रही थी इसके बाद 10:30 बजे सहायक अध्यापिका अर्चना पहुंच गयी। लेकिन



प्रधानाध्यापक कुलदीप सिंह बिना छुट्टी विद्यालय से नदारत थे। जबकि तैनात सहायक अध्यापक रामवतार व आलोक भी बिना छुट्टी लिए विद्यालय से अनुपस्थित थे। पढ़ने वाले छात्र छात्राएं बैठक कर मास्टर साहब का इंतजार कर रहे थे। अध्यापक स्कूल से बिना छुट्टी के गायब थे। बीईओ मुक्तेश गुप्ता का कहना है कि अध्यापक समय से न पहुंचने एवं बिना छुट्टी के गायब रहने पर नोटिस जारी कर कार्रवाई की जाएगी।

# संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में आयोजित धरना प्रदर्शन में उम श्रम वीरों का जनसैलाब

शहडोल। 3 अक्टूबर 2023 को सोहागपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष संयुक्तमोर्चा( बीएमएस.एटक इनटक.सीटू ) के द्वारा विशाल धरना प्रदर्शन किया गया.जिसमें क्षेत्र के श्रम वीरों के साथ-साथ महिलाओं ने भी विशाल संख्या में उपस्थित होकर यह सिद्ध कर दिया कि सोहागपुर क्षेत्र का श्रमिक एक है. अपने वेतन के लिए एक रहेगा.और अपना वेतन किसी भी परिस्थिति में लेने के लिए हर संभव प्रयत्न करेगा. जरूरत पड़ी तो विशाल आंदोलन के साथ-साथ 12. 13. 14 अक्टूबर.को क्षेत्र की खदानों को बंद करेगा.
क्षेत्र के समस्त श्रम वीरों द्वारा विशाल संख्या में आकर अपने लिए. अपने हितों की रक्षा के लिए उपस्थित हुए। संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में आयोजित धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष रखा गया जिसमें सभा की अध्यक्षता कोयला मजदूर सभा एचएमएस के महामंत्री शिवनारायण मिश्रा ने की। इस अवसर पर धरना प्रदर्शन में भाग ले रहे श्रम संगठन के कंपनी एवं एरिया के पदाधिकारी वेलफेयर बोर्ड के सदस्य मंच में उपस्थित रहे । भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ बीएमएस के महेंद्र पाल सिंह ,प्रसून सिंह, ओमकार द्विवेदी ,द्वारिका मिश्रा, कोयला मजदूर सभा एचएमएसके शशि भूषण द्विवेदी, शिवनारायण मिश्रा, संयुक्त कोयला खदान मजदूर सभा एटक के रवींद्र शुक्ला, राजेश शर्मा, सीटू के दिलीप चौधरी, शंकर राव बरगट एवं विनोद



राय, इंटक के अमरजीत सिंह सिस्ट के लक्ष्मण प्रसाद, वरिष्ठ श्रमिक नेता लालमणि शुक्ला आदि मंचा सीन रहे। सभा को शिवनारायण मिश्रा, शशि भूषण द्विवेदी, दिलीप चौधरी शंकर राव बरगट ,विनोद राय, रवींद्र शुक्ला लक्ष्मण प्रसाद ,अमरजीत सिंह, लालमणि शुक्ला ,धीरेंद्र पांडे ,मुकेश राय, द्वारिका मिश्रा, मिथिलेश तिवारी ,महेंद्र पाल सिंह, केके द्विवेदी आदि श्रमिक नेताओं ने संबोधित किया । सभी वक्ताओं ने अपील किया है कि भविष्य में इसी भी प्रकार की एकता बनाए रखें ताकि हम किसी भी लड़ाई को लड़कर जीत सके। धरना प्रदर्शन के दौरान ऑफिसर्स एसोसिएशन के मुदार्बाद के नारे भी लगे। सभा का संचालन बीएमएस के एरिया महामंत्री ओमकार द्विवेदी ने किया। धरना प्रदर्शन के उपरांत हजारों की संख्या में श्रमिकों ने एरिया कार्मिक प्रबंधक को ज्ञापन दिया। संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में आयोजित धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राज सिंह ,रविंद्र गौतम, रविंद्र द्विवेदी, नीरज चतुर्वेदी , रामनारायण गुप्ता, मयंक सिंह, केके द्विवेदी सहित भारी संख्या में श्रम वीर उपस्थित रहे।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विविध आयोजनं

शहडोल पंडित एस एन शुक्ला विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दिनांक 01 अक्टूबर से 07 अक्टूबर तक सात दिवसीय "स्वच्छता ही सेवा" अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दूसरे दिन में स्वयंसेवकों के बीच " स्वच्छता ही सेवा" विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों द्वारा पोस्टर बनाए गए एवं विभिन्न सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।
अभियान के तीसरे दिन में स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न बस्तियों, स्कूलों, एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में स्वच्छता की पाठशाला का आयोजन किया गया।
जिसके अंतर्गत स्वयंसेवक अभिषेक एवं रुचि द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र पुरानी बस्ती के बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता एवं साफ सफाई के विषय में शिक्षित किया गया।
स्वयंसेवक राजकुमार, अंजली एवं सविता द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र पांडवनगर में बच्चों को व्यक्तिगत साफ सफाई के साथझसाथ अपने आस पास भी स्वच्छता के लिए जागरूक किया एवं कुछ फलदार पौधे रोपित किए।
स्वयंसेवक नम्रता एवं पूर्णिमा द्वारा ग्राम बोडरी की शासकी विद्यालय व आंगनबाड़ी केन्द्र जा कर बच्चों को स्वच्छता एवं महात्मा गांधी जी के ग्राम्य जीवन और स्वच्छ भारत के सपने के विषय में बताया।
स्वयंसेवक सुचिता, अनामिका एवं अनुराग द्वारा गोदग्राम धुरवार के प्राथमिक शाला में "स्वच्छता की पाठशाला" आयोजित की गई जिसके अंतर्गत बच्चों को "स्वच्छता का गोला" खेल के माध्यम से अपने आस पास के वातावरण को साफ रखने के लिए प्रेरित किया। बायोडिग्रेडेबल और नॉन बायो डिग्रेडेबल कचरे की पहचान करना सिखाया और उसे अलग अलग रखने के फायदे बताए। साथ की बच्चों के बीच ही "स्वच्छता दूत" बनाया गया।
स्वयंसेवक श्रद्धा गुप्ता द्वारा बिरसिंहपुर पाली वार्ड नंबर 11 शासकीय विद्यालय एवम आंगनबाड़ी में जाकर बच्चों को "भारत को एक स्वच्छ एवं सकल भारत " बनाने के लिए प्रेरित किया गया।
स्वयसेवक काजल वर्मा द्वारा ग्राम धनपुरा की प्राथमिक शाला में बच्चों को स्वच्छ एवं स्वस्थ रहने के तरीकों और फायदों से अवगत कराया गया।

# कदौरा बाजार से फिर अराजकत्त्वो ने दिया चोरी की घटना को अंजाम

कैमरे से भी चोर की शिनाख्त नही, पहले भी कस्बे में हुई कई चोरी में अब तक कोई सुराग नही

कदौरा/जालौन 3अक्तूबर ।नगर बाजार में सामग्री खरीदने आए किसान की अज्ञात अराजक तत्व द्वारा सायकिल चोरी कर फरार हो गए।सब्जी लेकर लौटे किसान द्वारा जब सायकिल गायब देखी तो आस पास पूछ तांछ करते हुए पुलिस को सूचना दी गई जानकारी होते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस द्वारा आस पास सीसीटीवी फुटेज में सायकिल चोरी करते अधेड़ को देखा लेकिन वो कौन था ये शिनाख्त नहीं हो सकी फिलहाल कस्बे में ये कोई पहली वारदात नही है इससे पहले भी बाजार में टप्पेबाजों ने एक गरीब के 20 हजार की जेब काट ली थी एब उससे पहले अज्ञात चोरों ने कस्बे से ही किसान के घर से जेवर ब नगदी पार कर फरार हो गए थे जिसका आज तक कोई सुराग नही लग सका।
गौरतलब हो कि थाना कदौरा क्षेत्र ग्राम बबीना निवासी किसान राम शरण पुत्र शिवचरन द्वारा पुलिस को तहरीर देकर अवगत कराया कि गत सोमवार को वह गांव से अपनी नई सायकिल से सब्जी खरीदने के लिए आया था बारिश होने के कारण उसने अपनी सायकिल राम किराना स्टोर के सामने फुटपाथ की कपड़े की दुकान में सायकिल रखके सब्जी खरीदने लगा एब मात्र 10 मिनट में वह वापस आया तो सायकिल गायब थी किसान जिस व्यक्ति दुकानदार को अपनी सायकिल सौंप गया उससे पूछा तो उसने कोई भी जवाब नही दिया जिससे परेशान किसान द्वारा थाने जाकर सूचना दी तो पुलिस ने घटनास्थल के पास लगे व्यापारी के निजी कैमरों में घटना में कोई अज्ञात सायकिल चोरी कर ले जाते दिखा लेकिन वो कौन था इसकी शिनाख्त नहीं हो सकी।
वही पुलिस द्वारा किसान से आश्वासन दिया कि चोरी हुई सायकिल आपको मिल जायेगी।
वैसे कदौरा कस्बे में ऐसी घटनाएं कोई नई बात नही है अभी गत माह अज्ञात टप्पेबाजों ने एक बाहरी गरीब को बेवकूफ बनाकर 20 हजार रुपए जेब से चोरी कर लिए थे।
इसके अलावा अज्ञात अराजक तत्वों ने बस स्टैंड से घड़ी की दुकानों में सेंध लगाकर घड़ी बेल्ट आदि चुरा लिए थे एब कुछ दिन बाद हाइवे पर एक लोहा पीटा के झोपड़ी से कोई लोहे ही निहाई चोरी कर ले गया।
एब गत जून में कस्बे के मेला ग्राउंड स्थिति किसान चक्की मालिक देवेंद्र पुत्र कलाधर के घर अज्ञात लोगो ने छत से चढ़कर अलमारी तोड़ जेवर ब गोलक से 70 हजार चोरी कर ले गए थे एब सुबह उक्त किसान की गोलक आदि घर से दूर खेत में मिले थे भयभीत किसान द्वारा पुलिस को सूचना भी दी गई लेकिन आज तक जिसका कोई खुलासा न हो सका।पुलिस द्वारा चक्की के पुराने नौकर आदि से पूछ तांछ कर मामले को दबा दिया गया जबकि सूत्रों द्वारा बताया कि उक्त मेला ग्राउंड में आस पास दिन रात जुएं के फड़ लगते है और जुआरियों ने ही घटना को अंजाम दिया होगा।लेकिन कौन सुनता है।
फिलहाल किसान द्वारा साढ़े 5 हजार की खरीदी नई सायकिल चोरी होने से आहत है जो कि इंतजार में बैठा है कि कब पुलिस अपने वादे को पूरा कर उसकी सायकिल चोरी से बरामद कर उसे दे दे।

# प्राथमिक विद्यालय में भव्य तरीके से मनाई गई महात्मा गांधी व शास्त्री जयंती

माधौगढ़ संवाददाता ब्लॉक माधोगढ़ के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय अमखेड़ा में 2अक्टूबर के उपलक्ष्य में आयोजित महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती भव्य तरीके से मनाई गई जिसमें
आज के दिन विद्यालय के शिक्षकों ने छात्रों के माता पिता की बजाए दादा दादी को आमंत्रित किया राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक विपिन उपाध्याय ने बताया कि इस बार छात्रों के दादा दादी को आमंत्रित करने का उद्देश्य यह है कि छात्र ज्यादातर समय अपने दादा दादी के साथ व्यतीत करता है। इसलिये दादा दादी से संवाद करने हेतु उन्हें आमंत्रित किया गया। प्रधानाध्यापक बालकृष्ण ने छात्रों द्वारा बुजुर्गों को सम्मानित करवाया। सहायक अध्यापक श्याम जी ने मंच का संचालन किया एवं सविता कुशवाहा एवं अनु गुप्ता ने बच्चों की तैयारियां करवाई।
एवं आज स्वच्छता दिवस के अवसर पर कक्षा 4 के छात्र समर को स्वच्छ ड्रेस और प्रतिदिन विद्यालय आने पर सम्मानित किया गया।
छात्रों ने समस्त आगंतुकों को रोरी-चंदन लगा कर स्वागत किया। गांव के प्रधान विनीता देवी एवं ग्राम एवं गांव के बुजुर्गों का विद्यालय आगमन पर स्वागत सम्मान किया। पूर्व प्रधान रामशरण दौहलिया ने छात्रों को ईनाम वितरित किया।




प्रतिनिधि जगजीवन दोहरे ने विद्यालय के शिक्षकों के प्रयासों की भूरि भूरी प्रशंसा की तथा पूर्व प्रधान विद्यालय स्टाफ में बालकृष्ण, विपिन उपाध्याय,श्याम जी, सविता कुशवाहा एवं अनु गुप्ता ने व्यवस्थाएं

# तीन सूत्रीय मांगो को लेकर किसान संघ बिरसा मुख्यमंत्री को सौपेगा ज्ञापन

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**
बिरसा।( 04 अक्टूबर )अपनी तीन सूत्रीय मांगो को लेकर किसान संघ बिरसा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को ज्ञापन सौपेगा। जिसमे धान एवं गेंहू की खरीदी कीमत तीन हजार एवं पांच सौ का बोनस देने की मांग की जाएगी, साथ ही क्षेत्र के किसानों के कृषि उपकरणों पर 40% की सब्सिडी देने की मांग की जाएगी।संघ के पदाधिकारी ने बताया कि हमारा जिला कृषि बाहुल्य एंव पिछड़ा क्षेत्र है। हम लोगो का पूरा जीवन किसानी पर निर्भर है और प्राकृतिक आपदा, अल्प वर्षा व अन्य कारणो जैसे खाद बिज दवा किटनासक मजदूरी व महगाई के चलते कृषि पर अधिक लागत और उत्पादन कम होने के कारण किसान की आर्थिक हालत सालदर साल




खराब होने के कारण किसान कृषि के प्रति उदासीन हो रहा है, जिनकी छोटी सी मदद कर शासन इन्हे उबार सकती है।संघ ने आरोप लगाते हुए कहा कि किसानो ने दिन रात मेहनत कर म.प्र. शासन को देश में कृषि के क्षेत्र में प्रथम स्थान पर पहुंचाया लेकिन किसानों को उनकी फसल का सही मूल्य नही मिलने के कारण वह अपने विकास से वंचित है पड़ोसी राज्य छ.ग. का किसान धान पर 3 हजार से अधिक की राशि प्राप्त कर रहा है जिससे पडोसी राज्य के किसान यहां की अपेक्षा अधिक संपन्न है।संघ ने बताया कि किसानों के हितो की लड़ाई के लिए अब आर पार की लड़ाई लड़ी जाएगी।

# अमलाई शारदा ओसीएम के समीप संचालित हो रहा जुए का कारोबार

शहडोल। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहडोल जिले अंतर्गत अमलाई शारदा ओ सीएम कोल माइंस के गेट के पीछे जंगल में जुएं का कारोबार संचालित हो रहा है, जहां रात्रि मे जुएं का कारोबार संचालित करने में, जुआंडी बेहिचक काले कारनामे से अपनी झोली भर रहे हैं, पुलिस प्रशासन को सब कुछ संज्ञान में होने के बावजूद कार्यवाही से प्रशासनिक अधिकारी परे हैं.. सूत्र ने यह भी बताया है कि, इस पूरे मामले मे कोयलांचल क्षेत्र के अधिकांश युवा पीढ़ी जुआं के लालच में आकर लाखों रुपए के दाव खेल रहे हैं, निरंतर जुए के कारोबार से युवा पीढ़ी तो बर्बाद हो ही रही है, मगर इस कारोबार का संचालन करने वाले, मालामाल होते जा रहे हैं.. यहां तक कि युवाओं के भीतर लालच का भ्रम कुछ इस कदर भरा है कि जुए की इस लत से उन्हें निजात नहीं मिल पा रही है.. जानकारी यह भी है कि वीरान जंगलों मे, मोबाइल के माध्यम बामन परी का खेल दौड़ रहा है...सूत्र ने यह भी बताया है कि, तथाकथित पेपर मिल एवं रूंगटा के मिश्रा नामक व भारतीय स्टेट बैंक पेपर मिल के समीप एक पोल्ट्री फार्म का संचालक,इस कारोबार का संचालन कर रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि इस कारोबार से प्रतिदिन 70 से 80 हजार रुपए की नाल वसूली हो रही है। अमलाई पुलिस को चाहिए कि हुए के इस अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने ठोस कार्रवाई करें।

# सेंट्रल अकादमी इंटरनेशनल स्कूल ब्योहारी में हिंदी एवं बघेली कवि सम्मेलन संपन्न

समाज जागरण
शहडोल। ब्योहारी के सेंट्रल अकैडमी इंटरनेशनल स्कूल में हिंदी एवं बघेली कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें विधानसभा क्षेत्र के विधायक शरद जुगल कोल उपस्थित रहे। ब्योहारी मध्यप्रदेश के शहडोल जिले अंतर्गत ब्योहारी




विकास खंड में सेंट्रल एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल ब्योहारी में आज दो अक्तूबर गांधी जयंती के दिन हिन्दी और बघेली कवि सम्मेलन सम्पन्न हुआ इस कार्यक्रम में विधायक शरद कोल एवं बड़ी संख्या गणमान्य नागरिक एवं अभिभावक मौजूद रहे यह कवि सम्मेलन विभिन्न राज्यों से कवियों ने कविता पाठ किया जिन्हें स्कूल संचालक रवि मिश्रा ने प्रतीक चिन्ह एवं साल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया आज के इस कार्यक्रम में लालबहादुर सिंह, राम लखन सिंह, पटवारी राम पाल, सुधीर पाण्डेय, नीरज गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष राजन गुप्ता, सहित कई समाजसेवी गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# हाथियों की मदद से कल रिहायशी एरिया से दूर करेंगे टाइगर को

उमरिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार तीन दिन से पतौर रेंज के ग्राम कसेरू के रिहायसी क्षेत्र में टाइगर की मूवमेंट है,सुरक्षा के दृष्टिगत मंगलवार दिन भर वन परिक्षेत्राधिकारी अर्पित मेराल सहित आधे सैकड़ा वन कर्मी नाले के करींब खेत मे मौजूद थे।इस दौरान ग्रामीणों को स्थल से दूर रहने की समझाइश भी देते रहे।रविवार की सुबह से ही कसेरू गांव में बाघ की मूवमेंट है,सोमवार को स्थानीय 23 वर्षीय युवक मित्तू पिता बुद्धा सिंह पर टाइगर ने हमला भी किया था,जिस वजह से ग्रामीणों के सुरक्षा लिहाज से पूरा दिन वन कर्मी मौके पर मौजूद रहे है।देर शाम हाथियों का दल कसेरू गांव पहुंच गया है,इन हाथियों को कसेरू गांव से सटे कैम्प में शिफ्ट किया गया है।वन परिक्षेत्र अधिकारी अर्पित मेराल ने बताया कि हाथियों की मदद से बुधवार की सुबह से ही बाघ की प्रॉपर सर्चिंग कराई जाएगी।फिलहाल बाघ के संभावित स्थल के करींब डेढ़ दर्जन से अधिक वन कर्मी ग्रामीणों की सुरक्षा को देखते रखे गए है,जिससे बाघ की मूवमेंट नाले के इर्द गिर्द बनी रहे साथ ही ग्रामीण सुरक्षित रहे।

# स्वसहायता समूहो का सम्मेलन एवं स्कूटी वितरण कार्यक्रम संपन्न

शहडोल। कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में जिला स्तरीय स्व-सहायता समूहों का सम्मेलन एवं स्कूटी वितरण कार्यक्रम में संपन्न हुआ।
कार्यक्रम में विधायक जय सिंह नगर जय सिंह मरावी एवं विधायक जैतपुर श्रीमती




मनीषा सिंह द्वारा स्व-सहायता की 25 सदस्यों को स्कूटी की चौबियां सौंपी गई तथा आरती स्व-सहायता समूह ग्राम विक्रमपुर को 4 लाख रुपए का चेक भी प्रदान किया गया। राज्य स्तरीय स्व-सहायता समूहों का सम्मेलन एवं स्कूटी वितरण कार्यक्रम भोपाल के जंबूरी मैदान में आयोजित कार्यक्रम भी वर्चुअली रूप से देखा एवं सुना गया।
जिला स्तरीय स्व-सहायता समूहों का सम्मेलन एवं स्कूटी वितरण कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य, जिला पंचायत शहडोल की उपाध्यक्ष श्रीमती फूलमती सिंह, एनआरएलएम विष्णू विश्वकर्मा , समाजसेवी मनोज गुप्ता सहित स्व-सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थी।




# टुंडी पंचायत सचिवालय में मनाया गया गांधी जयंती

**दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र वरीय संवाददाता**

धनबाद (झारखंड):-03अक्टूबर2023: जिले के टुंडी प्रखंड अंतर्गत पंचायत सचिवालय में टुंडी मुखिया श्रीमती रेखा देवी की अगुवाई मैं महात्मा गांधी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर गांधी जयंती मनाया गया। गांधी जयंती के सुअवसर पर मुखिया श्रीमती रेखा देवी ने उपस्थित सदस्यों एवम ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हम



प्रति वर्ष गांधी जयंती मनाते आ रहे हैं। हम "महात्मा गांधी की जय "का नारा जरूर लगा लेते हैं परंतु उनके द्वारा बताए मार्ग ब्रम्हचर्य , एकता ,अनुशासन, परिग्रह का अनुसरण नहीं कर पाते । खासकर युवाओं को महात्मा गांधी के बताए हुए रास्ते को आत्मसात करने की आवश्कता है । कार्यक्रम को समाज सेवी विकास कुमार सिंह उपमुखिया संतु लाल किस्कू,वार्ड सदस्य भवानी शंकर भगत,दीपक कुमार,लखन रविदास,मैनेजर हेंब्रम ने भी अपने अपने विचारो को रखा। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि किशोर रविदास,अरुण कुमार सिंह, भरत सिंह,गेंदालाल सिंह ,स्वयं सेवक शशि महथा,सौरव जयसवाल,अशोक भगत, आदि उपस्थित थे।

# ब्लैक बोर्ड वे ऑफ सक्सेस वेलफेयर ट्रस्ट के द्वारा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र**

वरीय संवाददाता धनबाद (झा-रखंड):- 03 अक्टूबर 2023: धनबाद नगर हाउसिंग कॉलोनी स्थित डेविड कैरियर हब में 01अक्टूबर को निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 350 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पिछले रविवार को भी जिलास्तरीय सीट एंड ड्रॉ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें लगभग 400 बच्चों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता में बच्चों की उम्र के अनुसार तीन वर्गों में बाँट दिया गया था। सीट एंड ड्रॉ प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा कर दी गई है। विजेताओं का विवरण इस प्रकार है:-

ग्रुप-1 में प्रथम स्वाती, द्वितीय अद्विक राज और ऋषण सेन तृतीय स्थानप्राप्त किया । सांत्वना पुरस्कार के लिए ऋषिका, नव्या अग्रवाल, न्यूली रॉय, अदिति राज, रोहन कुमार, श्रेया सुमन, माण्विक चौरसिया, आर्य नाग, अथर्व मानसिंगक और जेसिका साहनी रहे। ग्रुप-2 में प्रथम आयुष साह, द्वितीय नमन दास, तृतीय समृद्धि सरकार और सांत्वना पुरस्कार के लिए लिपिका पाल, कुँवर वरेण्यं, कुशलिया कश्यप,



विशाल साव, यशिका शर्मा, धनराज कुमार, अनन्य मानसिंगक, श्याम कुमार, ईशान दे और रौनक अग्रवाल चुने गए।

ग्रुप-3 में प्रथम अश्विनी कुमार, द्वितीय सुदित भास्कर, तृतीय साक्षी जोशी और सांत्वना पुरस्कार के लिए भावना प्रसाद, तनु कर्मकार, प्रियांशु कुमार, अमन कुमार, साधना कुमारी, आयुषी रानी, सौम्या मंडल, सृष्टि, नयन सेन और राजवीर कुमार मंडल चुने गए निबंध एवं सीट एंड ड्रॉ प्रतियोगिता के विजेताओं को एक साथ पुरस्कृत किया जाएगा जिसमें नकद पुरस्कार, उपहार, ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र दिए जाएंगे, जिस्-की सूचना जल्द ही दी जाएगी। निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा 8 अक्टूबर 2023 को सोशल मीडिया एवं अखबारों के माध्यम से किया जाएगा ।

कार्यक्रम को सफल बनाने में ब्लैक्बोर्ड वे ऑफ सक्सेस ट्रस्ट के सभी सदस्यों ने भरपूर योगदान दिया।

# लगातार हो रही बारिश के कारण मिट्टी का आवास हुआ ध्वस्त

**दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र जिला संवाददाता**

धनबाद (झारखंड):- 03अक्टूबर 2023: जिले के टुंडी प्रखंड अंतर्गत पश्चिमी क्षेत्र मछियारा पंचायत निवासी मोहनलाल टुडू का मिट्टी का आवास विगत रात्रि को लगातार हो रही बारिश में ध्वस्त हो गया, जिसके कारण मोहनलाल टुडू सपरिवार दबने से बाल बाल बच गए ।

बताते चलें कि मोहनलाल एक गरीब



परिवार से आते हैं। इनकी माली हालत काफी नाजुक है ।ऐसी परिस्थिति में इनके लिए पुनः सर छुपाने हेतु आवास बनाना मुमकिन नहीं है।

श्री टुडू मजदूरी कर जीविकोपार्जन करते हैं। इन्होंने जनप्रतिनिधि से उचित मुआवजा तथा सरकारी आवास मुहैया कराने की अपेक्षा जताया है।

मछियारा गांव के ही समाज सेवी सह झारखंड मजदूर संघ उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल के संयोजक गोविंद टुडू ने संवाददाता को बताया कि मोहनलाल अत्यंत गरीब है ।सरकार इन्हें उचित मुआवजा तथा रहने की तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित करे ।

# दक्षिणी टुंडी के बरवाटांड़ पंचायत में 32 टीमों के फाइनल फुटबॉल प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे विधायक मथुरा प्रसाद महतो ।

**दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र वरीय संवाददाता**

धनबाद (झारखंड):-03 अक्टूबर 2023:जिले के दक्षिण टुंडी क्षेत्र अंतर्गत बरवाटाँड़ पंचायत में विद्या स्पोर्टींग क्लब खाखुडीह के द्वारा महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की. जयंती के अवसर पर लगातार 16 वां वर्ष तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन का फाइनल किया गया। जिसमे कुल 32 टीमों ने हिस्सा लिया` कुल टीमो को चार वर्ग क ख ग घ में बांटकर दो मैदान में प्रतियोगिता कराया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में टुण्डी विधायक सह पूर्व मंत्री मथुरा प्रसाद महतो एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में बरवाटांड़ की मुखिया सनोदी मंझियायान शामिल हुए` फाइनल मे खेल रहे वीर बिरसा क्लब बैजूडीह ने पेनाल्टी शूट आउट में एक के मुकाबले 3 गोल से एमएससी बरियो एफएफबी को पराजित कर खिताब पर कब्जा जमा लिया ।। जिसे विजेता टीम को विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने 25,000 हजार का चेक व ट्रॉफी दिया तथा उपविजेता टीम को विशिष्ट



अतिथि सनोदी मंझियायान ने 15,000 हजार का चेक एवं ट्रॉफी दिया । इस दौरान श्री महतो ने कहा की झारखण्ड सरकार खिलाड़ियों को हर संभव मदद करने के लिए तत्पर है ` खेलो झारखण्ड के बारे मे भी चर्चा की गई । इससे पहले फाइनल खेल रहे दोनों टीमों के खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका हौसला बढाया । फुटबॉल को किक मारकर फाइनल मैच का उद्घाटन किया । मौके पर विधायक के अलावे मुखिया सनोदी माँझियान, बसंत महतो, समाजसेवी सह रतनपुर मुखिया प्रतिनिधि शहजाद अंसारी , फुलचाँद किस्कु , कामेश्वर सिंह , सुनील बेसरा , बिनोद किस्कू, इमरान अंसारी, सुनील मुर्मू, मनोज बेसरा, शुकदेव मराण्डी, नेशार अहमद इत्यादि के अलावें हजारों की संख्या में महिलाएं, पुरूष एवं नौजवान एवं छोटे-छोटे बच्चे मैदान में उपस्थित रहें।

# सीटू ने काला बिल्ला लगाकर मनाया काला दिवस

**दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड**

तिसरा। सीटू की ओर से पिछले वर्ष लखीमपुर उत्तर प्रदेश में किसानों के आंदोलन के ऊपर मंत्री पुत्र द्वारा गाड़ी चढ़ाने से पांच किसने की मौत हो गई थी ।उसी के खिलाफ 1 वर्ष पूरा होने पर विरोध प्रदर्शन कर काला दिवस मनाया गया। सभी लोग इस दिन को याद करते हुए काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया । गोलकडीह यूनियन कार्यालय के समझ विरोध प्रदर्शन में सीटू नेता तुलसी रवानी ने कहा कि केंद्र स-रकार मजदूर और किसान विरोधी है आज ही के दिन 1 वर्ष पहले जब किसान अपने हक और अधिकार के लिए आंदोलन कर रहे थे तो उनके आंदोलन को कुचलना के लिए मंत्री का पुत्र ने उनके ऊपर अपना गाड़ी चढ़ा दिया इस दौरान पांच किसान की मृत्यु हो गए लेकिन आज तक उसकी गिरफ्तारी नहीं है। हम लोग उन पर कानूनी कार्रवाई को लेकर पूरे देश में काला दिवस मना खीरी की घटना का 1 वर्ष भी जाने के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया देश का किसान और मजदूर जग गया है इनको हर गलत नीति का जोरदार विरोध करेंगे।



रहे हैं। मोदी सरकार पूरी तरह से पूंजीपति की सरकार है गरीब मजदूर किसान नौजवान को केवल जुमला बाजी करती है लेकिन उनका हक और अधिकार नहीं देती। लखीमपुर विरोध प्रदर्शन में तेजेंद्र कुमार वर्मा सुभाष कुमार सुमन सिंह राजेंद्र पास्-ावान दिलीप नाग रोहन भुइयां आदि लोग थे सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई।

# तृतीय धनबाद जिला योगासना स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में नव संक्लप क्लब भूली 7 स्वर्ण के साथ चैम्पियन बना

**दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झारखंड**

धनबाद जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित तृतीय धनबाद जिला योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में नव संकल्प क्लब भूली ने 7 स्वर्ण के साथ चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया, वहीं उपविजेता धनबाद पब्लिक स्कूल हीरक ब्रांच तीन स्वर्ण के साथ रही। ग्रुप डांस में नव संकल्प भूली प्रथम स्पार्टन एकेडमी द्वितीय एवं धनबाद पब्लिक स्कूल हीरक ब्रांच तृतीय स्थान पर रही ।समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस सचिव श्रीमान वैभव सिन्हा विशिष्ट अतिथि रीत रिसोर्ट के निदेश-ाक रवि आनंद, गौरव नारायण, राज्य संघ महासचिव श्री विपिन कुमार पाण्डेय, जिला संरक्षक श्री परीक्षित पाण्डेय जिला अध्यक्ष श्री मनोज कुमार सिंह ने सभी विजेता खिलाड़ियों को पदक एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। चयनित खिलाड़ी दिनांक 6 से 8 अक्टूबर को जमशेदपुर में आयोजित राज्य स्तरीय योगासना स्पोर्ट् प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जिला सचिव कुणाल कुमार ने उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि श्री अनुराग डोकानिया समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्री वैभव सिन्हा विशिष्ट अतिथि आई रजा, रीत रिसोर्ट के निदेशक श्री रवि आनंद, श्री गौरव नारायण जी का विशेष रूप से धन्यवाद दिया जिनके सहयोग से प्रतियोगिता सम्पन्न हो सका।

**पदक विजेता खिलाड़ी**

**बालक 9 वर्ष से कम**
अपूर्वो चटर्जी, शिवांशु कुमार, शुभम दास, सैफान खान, वेदान्त

**बालिका 9 वर्ष से कम**
आराध्या आनन्द, निधि कुमारी, वेदिका कुमारी, सोनाक्षी कुमारी,



आरोही पंडित, आदया सिन्हा, अंशिका वर्मा, कौशिकी कौशल

**बालक 9 से 14 वर्ष**
वीर दत्ता, समर सिंह, आदर्श कुमार पाण्डेय, विकास कुमार, अंकित कुमार, नैतिक सिन्हा, हिमांशु राज

**बालिका 9 से 14**
रितिका प्रजापति , लावण्या सिंह, निभा कुमारी, राधिका किस्कू, भूमि पाण्डेय, वैष्णवी रवानी, प्रिसा श्रीवास्तव, सफा अजहर, आदया मिश्रा, आहाना कुमारी, अहाना घोष, अनन्या घोष

**बालक 14 से 18**
रोहन राज, आयुष कुमार, रंजीत तुरी

**बालिका 14 से 18**
अराध्या राज, शिविका नारायण, नविता कुमारी, सिद्दिक फि र-दौस

**बालक 18 से 28**
सुमित मोदी

**बालिक 18 से 28**
सोनिया कुमारी, वसंती राय, श्वेता कुमारी चौहान

**पुरुष 28 से 35**
मुकेश कुमार वर्मा

**पुरुष 35 से 45**
सुनील कुमार बोस, वेद प्रकाश

**पुरुष 45 से 55**
जशपाल सिंह, उत्तम कुमार साव

इस प्रतियोगिता में प्रियंका कुशवाहा, नेहा कपूर, आरती सिंह, आरती शर्मा, अनामिका कुमारी, विरेन्द्र कुमार रवानी, जसपाल सिंह, अश्विनी शर्मा ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में डा.शैलेष कुमार, दीपांकर बरारी, संजय यादव, अभिजीत पात्रा, अशोक गुप्ता, मनोज कुशवाहा रहे।

# इंडिया गठबंधन के कार्यकताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई।

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा**

चातारा (झारखण्ड)03 अक्टूबर2023:- जिले के इटखोरी प्रखंड मे सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154 वीं एवं लाल बहादुर शास्त्री पूर्व प्रधानमंत्री के जयंती के अवसर पर इंडिया गठबंधन के द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। वक्ताओं ने गांधी के व्यक्तित्व और कार्यों पर विस्तृत रूप से अपने विचार व्यक्त किया। लाल बहादुर शास्त्री के द्वारा देश के लिए किए गए योगदानों की भी वक्ताओं ने चर्चा की। इस कार्यक्रम में पुर्व विधायक योगेन्द्र नाथ बैठा, जागेश्वर यादव, बीस सुत्री अध्यक्ष इटखोरी, प्रखण्ड अध्यक्ष, राम अधिन यादव, अध्यक्ष कांग्रेस, सोनी, सीता राम दास, सतीश दांगी,पवन शर्मा, सुभाष गिर्री, बिजय



बालगोबिन्द राम, प्रदेश डेलिगेट्स, अनिल कुमार सिंह, प्रदेश डेलिगेट्स, अरूण कुमार पासवान, प्रखण्ड अध्यक्ष, जेएमएम, कृष्णा साव, सांसद प्रतिनिधि, गुलाम रसूल अंसारी, संतोष सोनी, सत्य देव यादव, त्रिवेणी यादव, महेंद्र यादव, के एलावे एनेक गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। महात्मा गांधी अमर रहे, लाल बहादुर शास्त्री अमर रहे के नारे लगाए।

# हजारीबाग का सबसे चर्चित महासमिति, बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति की बैठक संपन्न।

**दैनिक समाज जागरण, घनश्याम पाठक, ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 3 सितम्बर 2023 :- मां दुर्गे का पावन पर्व महज 10 दिनों में नवरात्र के साथ प्रारंभ हो जाएगा 15 अक्टूबर को नवरात्र के एकम के साथ कलश स्थापना पूजा अर्चना के साथ मां दुर्गे का भव्य पूजा प्रारंभ हो जाएगा। जिसकी तैयारी को लेकर युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है इसी को लेकर हजारीबाग शहर का सबसे चर्चित महासमिति में से एक बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति के द्वारा पांचवी बैठक मल्लाह टोली स्थित धर्मशाला प्रांगण में उदय शंकर गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की शुरूआत माता रानी के जयकारों के साथ किया गया। सभी ने एक स्वर से जय माता दी का जयकारा लगाया। इसके बाद बैठक विधिवत रूप से प्रारंभ किया गया, पूजा की दृष्टिकोण से हर एक बिंदु पर विशेष वातालर्प की गई। बताया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दरिद्र नारायण सेवा का आयोजन 20 अक्टूबर दिन शुक्रवार षष्ठी तिथि को दोपहर 1:00 बजे किया जाएगा। जिसमें करीब 500 से भी अधिक गरीब, असहाय, रिक्शा चालकों के बीच कंबल एवं वस्त्र का वितरण किया जाएगा साथ ही सभी को महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। दरिद्र नारायण सेवा कार्यक्रम से पूर्व बड़ा बाजार चौक के दो मुख्य स्थान पर कूपन का वितरण किया जाएगा। साथ ही बताया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 21 अक्टूबर दिन शनिवार को महासप्तमी के दिन प्रातः



काल में भव्य डोली यात्रा निकाली जाएगी जिसमें बड़ा बाजार क्षेत्र के सैंकड़ो श्रद्धालु गण शामिल होते हैं। मौके पर महासमिति के अध्यक्ष प्रमोद यादव ने कहा कि महासमिति पिछले 22 वर्षों से आस्था के साथ सेवा का कार्य भी करते आ रही है इसी के निमित्त सेवा का कार्य 20 अक्टूबर को दरिद्र नारायण सेवा के साथ किया जाएगा। मौके पर सचिव दीप नारायण निषाद ने कहा कि बदलते वक्त के साथ हर कुछ बदल रहा है सेल्फी की ओर लोग अग्रेषित हो रहे हैं इसलिए महासमिति के द्वारा आकर्षक सेल्फी पॉइंट लगाया जा रहा है, जो श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित करेगा। मौके पर :झ अध्यक्ष प्रमोद यादव, सचिव दीप नारायण निषाद, दिलीप जायसवाल, शिवदीप सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता, प्रदीप जैन,उदय शंकर गुप्ता, बाल गोविंद निषाद,रविंद्र गुप्ता, शांति अग्रवाल, निशिकांत सिन्हा,पवन रावत खण्डेलवाल, विनोद केसरी, राजेश कुमार सिन्हा,रितेश खण्डेलवाल, पवन गुप्ता,अनिल मद्धेशिया, रविकांत सिन्हा, किशोर सोनी, लखन निषाद,आशुतोष चौधरी, पंकज कसेरा,संजय कुमार, रामसागर गुप्ता, राजेश सोनी, अनिल प्रसाद,अभय निषाद, प्रेम निषाद, संजय यादव,सानू कुमार, कुश गुप्ता, संतोष गुप्ता, सतीश गुप्ता, अनिल केसरी, अविनाश निषाद, राजकुमार सोनकर,अमन कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

# जोबर पंचायत के बन्द खारो के बहु प्रतीक्षित सड़क नवनिर्माण की आधारशिला विधायक ने रखा

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक,ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 3 अक्टूबर 2023 :- भारतीय जनता पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष सह मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने बिष्णुगढ़ प्र-खंड अंतर्गत जोबर पंचायत के ग्राम बंदखारो में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत भागीरथ महतो के घर से नागी तक पथ का शिलान्यास किया । वहीं ग्राम पंचायत- नागी में ग्रामीणों की मांग पर कुबीटांड़ नाला में पुल निर्माण कार्य की आधा-रशिला रखी ।विकास कार्यो के साथ माण्डू विधायक यु.बी क्लब उच्चाघना,बन्दखारो द्वारा आयोजित छः दिवसीय टेकलाल महतो मेमोरियल फुटबॉल टूनार्मेंट के फाइनल मैच में शिरकत कर किक मारकर फाइनल मुकाबले का शुभारंभ किया। माण्डू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल पूरे मैच में उपस्थित रहकर फाइनल मैच चानो और मड़मो के बीच के रोमांचक मुकाबले का लुत्फ उठाया ।रोमांचक मुकाबले में चानो की टीम ने मैच



जीतकर उपस्थित सभी लोगो का मन मोह लिया ।विजेता टीम एवम उप विजेता टीम को माण्डू विधायक ने अपने हाथों से पुरूस्कृत किया। और इस मौके पर माण्डू विधायक वन टेकलाल बाबू के संघर्ष के दिनों में कदम से कदम मिलाकर चलने वाले उनके साथियों को माला पहनाकर एवम शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। साथ ही विष्णुगढ़ के मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए पेन एवम डिक्सनरी देकर सम्मानित किया ।इस मौके पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल,महामंत्री गुरु प्रसाद साव,हिरामन महतो, दिनेश कुमार मंडल,बासुदेव महतो समेत सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

# झारखंड सहित पांच राज्यों में है SIS मॉड्यूल की धमक , मो शाहनवाज आलम की गिरफ्तारी से खुले कई तरह के

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग के मोस्ट वांटेड मोहम्मद शाहनवाज आलम और उसके दो साथी अरशद वारसी मोहम्मद रिजवान अशरफ को गिरफ्तार दिल्ली पुलिस ने किया। बताया जाता है कि गिरफ्तार आतंकवादियों में से इस्लामी इस्टेट से कथित रूप से साठ- गांठ रखे हुए था और गिरफ्तारी के बाद इसके पास आई ई डी बम बनाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले साधारण केमिकल टाइमर , रिमोट और बैटरी सहित कई खतरनाक सामग्रियां जप्त की गई हैं । जांच में पता चला कि झारखंड के अलावे दिल्ली यूपी उत्तराखंड और महाराष्ट्र में भी इनके बदौलत आईएसआ-ईएस की धमक बढ़ी है , अशरफ वारसी का संबंध गढ़वा का बताया जा रहा है , जब कि एक अन्य रिजवान अशरफ लखनऊ का है आगामी त्यौहारों को देखते हुए निशाना बनाने की योजना कि तैयारी थी । पुलिस ने दावा किया है कि यह मॉड्यूल आने वाले त्योहारों से ठीक पहले दिल्ली में अक्षरधाम मंदिर और अयोध्या में बड़ा विस्फोट करने की साजिश रचा था , गुजरात के अक्षरधाम मंदिर पर हुए आतंकी हमले के मास्टर माइंडेड फरतुल्लाह गौरी और उसके दामाद शाहिद फैजल के संपर्क में यह लोग थे , जो कि अब पाकिस्तान में है और ए लोग इसी की पनाह में रहते हैं , तीनों इन्हीं के आदेशों पर बड़ी आतंकी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था । हमले के लिए रेकी भी कर चुका था। पुलिस सूत्रों का मानना है कि यह तीनों आईडी बम बनाने की भी ट्रेनिंग ले चुके थे , रिजवान शाहनवाज और अब्दुल्ला को आईडी बम बनाने की ट्रेनिंग मिल चुका था , इससे जुड़े कई राज खोल सकता है , शाहनवाज के पकड़े जाने के बाद पुणे पुलिस की हिरासत से भागे दो अन्य आतंकी की तलाश में पुलिस ड्यूटी हुई है । शाहनवाज से पूछताछ में इन दोनों के पकड़े जाने की संभावना बढ़ गई है संभव है यह दोनों भी राजधानी में ही कहीं छिपे होंगे। पुलिसिया



जांच में पता चला है कि गिरफ्तार शाहनवाज बेंगलुरु के विश्वेश्वरैया इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी से माइनिंग इंजीनियरिंग कर चुका है पुलिस के अनुसार साधारण केमिकल के इस्तेमाल से आईडी बम वह बना लेता है 31 साल के इस माइनिंग इंजीनियर के पास विस्फोटकों की व्यापक जानकारी ने एंटी टेरर यूनिट के लोगों को भी चौंका दिया है पूछताछ में पता चला है कि 2016 में नित विश्वेश्वरैया नागपुर से बीटेक करते समय ब्लास्टिंग ब्लास्ट डिजाइन और टॉप ब्लास्टिंग ऑपरेशन अच्छे से यह पढ़ा था उसे नॉलेज का इस्तेमाल करके आईडी बनाने लगा उसके फोन से पुलिस ने आसानी से इन रसायनों के जरिए आईडी बम बनाने के तरीके और सामग्रियों के बारे में जानकारी हासिल की है। शाहनवाज मूल रूप से हजारीबाग का रहने वाला है लेकिन 2020 में एक लूट कांड के मामले में हजारीबाग जेल गया था जेल से छूटने के बाद वह पुणे चला गया था 17 - 18 जुलाई को शाहनवाज वाहन चोरी करते उसके साथी इमरान व युसूफ पकड़े गए थे , लेकिन वह भाग निकला था , बताया जाता है कि वह लोगों का सामान और बाइक चुराकर उससे पैसा कमाते थे और फिर इन पैसों का इस्तेमाल आतंकी गतिविधियों के लिए करते थे पुणे पुलिस ने छानबीन से पता किया कि वह वाहन चोर नहीं बल्कि बड़ा आतंकी है । शाहनवाज एक विदेशी आधारित हैंडलर से समझौता एक आतंकी हमले को अंजाम देने के निर्देश के साथ दो अन्य आतंकियों के सदस्यों के संपर्क में था इसके सहजोगी इमरान व युसूफ चित्तौड़गढ़ ब्लास्ट में वांछित है मोस्ट वांटेड आतंकी शाहनवाज ने पुणे में रहने के दौरान गुजरात की महिला बसंती पटेल से शादी की और उसका धर्मांतरण भी करवाया उसका नाम मरियम रखा गिरफ्तार आतंकियों में शाहनवाज आलम पर मुंबई में इसी साल आरसी 05/ 2023 केस दर्ज किया गया था , एनआईए ने तिन लाख का इनाम भी रखा है।

# बगोदर के आपूर्ति विभाग की लचर व्यवस्था का मामला पहुंचा उपभोक्ता मामले के मंत्री रामेश्वर उरांव के पास

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड) 3 अक्टूबर 2023 :- बगोदर प्रखंड के आपूर्ति विभाग में व्याप्त लचर व्यवस्था का मामला झारखंड के उपभोक्ता मामले के मंत्री रामेश्वर उरांव के पास पहुंचा । बताया जाता है कि बगोदर प्रमुख आशा राज के द्वारा आपूर्ति विभाग की यह व्यवस्था को लेकर डीसी गिरिडीह को दिए आवेदन की कॉपी मंत्री को देते हुए बगोदर आपूर्ति विभाग की शिकायत की गई है । हेंसला पंचायत समिति सदस्य के प्रतिनिधि अमजद खान ने उक्त आवेदन की प्रति मंत्री को सौंपा है जिसमें बगोदर आपूर्ति विभाग में व्याप्त कु व्यवस्था के लिए प्रभारी एम ओ एवं डॉक्टर राकेश कुमार को जिम्मेवार बताते हुए उन्हें पद मुक्त करने की मांग की गई है । कहा गया है कि इलाके में समय पर राशन का वितरण नहीं हो रहा है साथ ही गोदाम से डीलरों के यहां कम अनाज भेजा जा रहा है प्रभारी परेशान है इधर मंत्री ने मामले को गंभीरता से ले लिया है उन्होंने मामले में जांच एवं कार्रवाई किए जाने का निर्देश डीसी गिरिडीह को




एम ओ का व्यवहार पंचायत के प्रतिनिधियों के प्रति भी ठीक नहीं है जिस पंचायत के प्रतिनिधियों में भी असंतोष है प्रभारी एम मो पर मोबाइल रिसीव नहीं करने का भी शिकायत की गई है । आपूर्ति विभाग की व्यवस्था से क्षेत्र की जनता भी दिया है । बता दें कि डुमरी उपचुनाव को लेकर घोषित ड्राई डे के दिन एक होटल में डीलरों के साथ प्रभारी एमो की शराब पार्टी करने का एक फोटो भी वायरल हुआ था उस समय भी उनकी खूब किरकिरी हुई थी।